ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • श्रावण शुक्ल पक्ष 09 • विक्रम संवत 2080 • शुक्रवार, 25 अगस्त 2023 • वर्ष-24 • अंक- 202 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

आलिया ने छोड़ा 'रामायण' में सीता का किरदार... पेज 12 पर



## NEWS इन ब्रीफ

### लालू की जमानत रद्द करने पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज

**पटना।** आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की जमानत रद्द करने की सीबीआई की याचिका पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है। याचिका में सीबीआई ने कहा कि कि लालू को अपने किए की पूरी सजा काटनी चाहिए। खराब स्वास्थ्य और बढ़ती उम्र को लेकर फिलहाल लालू यादव जमानत पर हैं। पिछले दिनों सिंगापुर में उनकी किडनी ट्रांसप्लांट हुई है। इसके बाद स्वस्थ होकर सामान्य जीवन व्यतित कर रहे हैं। वे कई राजनीतिक गतिविधियों में भी भाग ले रहे हैं। सीबीआई का कहना है कि लालू प्रसाद यादव को कई मामलों में कम सजा मिली है, ऐसे में उन्हें जो भी सजा कोर्ट ने दी है उसे भुगतनी चाहिए।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के खिलाफ कांके थाना में गुरुवार को एफआइआर दर्ज कराये जाने का मामला प्रकाश में आया है। मरांडी के खिलाफ कांके के रहने वाले सोनू तिर्की ने प्राथमिकी दर्ज करवाई है। प्राथमिकी में कहा गया है कि बाबूलाल मरांडी ने राजनीतिक लाभ लेने के लिए शिबू सोरेन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ घृणित और अपमानजनक शब्दों का सोशल मीडिया पर इस्तेमाल करते हुए टिप्पणी की है। इससे आदिवासी समाज आहत है।

### अपराधी अमन साहू के नाम पर पांच लाख की मांगी रंगदारी

**पलामू।** कुख्यात अपराधी अमन साहू के नाम पर पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। इस संबंध में डालटनगंज के चियांकी स्थित सेकंड हैंड गाड़ी शोरूम के मालिक गोविंद विश्वकर्मा ने मेदिनीनगर शहर थाना में गुरुवार को मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

### चतरा में युवक की गला रेतकर हत्या

**चतरा।** इटखोरी बाजार के समीप एक युवक का गला रेतकर और पेट में चाकू मारकर हत्या की गई। युवक की पहचान शालिग्राम उपाध्याय सदर थाना क्षेत्र के सिकीद पंचायत के दुधौरी गांव का रहने वाला है। गुरुवार को सूचना पाकर पुलिस इंस्पेक्टर शिवप्रकाश व थाना प्रभारी विनोद कुमार घटना स्तर पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है।

### जिंदा जलाने के दोषी को सश्रम आजीवन कारावास

**पलामू।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के एससी-एसटी कोर्ट के स्पेशल जज संतोष कुमार की अदालत ने गुरुवार को घर में आग लगाकर जान मारने के दोषी अमित कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

## जमशेदपुर में होगी हाइड्रोजन ईंधन उद्योग की स्थापना

### एमओयू पर हस्ताक्षर होगा आज

### हाइड्रोजन ईंधन से प्रदूषण नियंत्रित करने में मिलेगी मदद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के पहल पर जमशेदपुर में देश का पहला हाइड्रोजन ईंधन से जुड़ा उद्योग स्थापित होगा। इसके लिए शुक्रवार को प्रोजेक्ट भवन में 354.28 करोड़ रुपये के निवेश के एमओयू पर हस्ताक्षर होगा। एमओयू पर राज्य के उद्योग विभाग और टीसीपीएल ग्रीन एनर्जी सॉल्यूशन प्रा. लिमिटेड (टीजीईएसपीएल) के बीच होगा। इसके बाद उद्योग की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा।

मुख्यमंत्री ने 28 जुलाई को मेसर्स टाटा मोटर्स लिमिटेड एवं मैसर्स कमिंस इंक., यूएसए के संयुक्त उपक्रम मेसर्स टीसीपीएल ग्रीन एनर्जी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड (टीजीईएसपीएल) द्वारा जमशेदपुर, पूर्वी सिंहभूम में हाइड्रोजन आंतरिक दहन इंजन, ईंधन-अज्ञेयवादी इंजन, एडवांस केमिस्ट्री बैटरी, एच2 ईंधन सेल और एच2 ईंधन वितरण प्रणाली के निर्माण/उत्पादन के लिए ईकाई की स्थापना के लिए सिंगल विंडो क्लीयरेंस कमेटि एवं हाई पावर कमेटी की स्वीकृति की प्रत्याशा में उक्त निवेश के प्रस्ताव पर मैसर्स टीजीईएसपीएल के साथ एमओयू हस्ताक्षर करने के प्रस्ताव पर सहमति दी थी।




### नवीनतम तकनीक का होगा उपयोग

**झारखंड** औद्योगिक एवं निवेश प्रोत्साहन नीति 2021 के वर्गीकृत क्षेत्रवार बड़ी परियोजनाओं से प्राप्त होने वाले निवेश तथा प्रत्यक्ष नियोजन के आधार पर ईकाई का वर्गीकरण मेगा श्रेणी के अंतर्गत किया गया है। इस ईकाई की प्रस्तावित क्षमता 4000 हाइड्रोजन आईसी इंजन/ईंधन अज्ञेयवादी इंजन और 10,000 बैटरी प्रणाली है, इस कार्य में हाइड्रोजन इंजन बनाने की नवीनतम तकनीक का उपयोग किया जाएगा, जिसका लाभ आने वाले समय में पूरे देश को होगा।

### हाइड्रोजन ईंधन के फायदे

हाइड्रोजन ऐसा ईंधन है, जिसकी क्षमता अन्य ईंधनों के अपेक्षा अधिक होती है। इसका एनर्जी लेबल अधिक होता है। यह सस्ता और हल्का होता है। ऐसे में पेट्रोल और डीजल के बीच इसे एक बेहतर विकल्प माना जा सकता है। हाइड्रोजन ईंधन से प्रदूषण को काफी हद तक नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है।

## सीएम हेमंत ने दी एसटीएफ को पुनरीक्षित भत्ता देने की स्वीकृति

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड जगुआर (एसटीएफ) में कार्यरत सभी पुलिस पदाधिकारियों-कर्मियों को दिये जाने वाले विशेष सुविधा भत्ता को 7वीं पीआरसी के आलोक में पुनरीक्षित करने के प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को स्वीकृति दे दी। विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के पदों में पुलिस महानिरीक्षक से आरक्षी तक के पद तीन वर्षों के चक्रचालन के आधार पर झारखंड सशस्त्र पुलिस बल, जिला कार्यकारी बल एवं समान पुलिस बलों से प्रतिनियुक्ति-पदस्थापन के आधार पर तथा शेष पद नियुक्ति द्वारा भरे जायेंगे। राज्य में विशेष कार्य बल (एसटीएफ) में कार्यरत सभी पदाधिकारियों-कर्मियों को 7वीं पीआरसी के मूल वेतन का 50 प्रतिशत एसटीएफ भत्ता। पुलिस उपाधीक्षक कोटि तक के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को राशन व्यय के रूप में प्रतिमाह 2400 रुपये। सहायक पुलिस अवर निरीक्षक से पुलिस उपाधीक्षक तक के सभी पदाधिकारियों को 9000 तथा हवलदार एवं आरक्षी कोटि के सभी कर्मियों को 8000 रुपये वार्षिक वर्दी भत्ता। 7वें वेतनमान के आलोक में पुनरीक्षित एसटीएफ भत्ता एवं अन्य विशेष सुविधा आदेश निर्गत होने की तिथि से देय होने का प्रस्ताव है।



मई 2019 से भत्ता पुनरीक्षण संबंधी आदेश निर्गत होने की तिथि तक झारखंड जगुआर में कार्यरत एवं इस अवधि में कार्य कर चुके पदाधिकारियों-कर्मियों को 7वें वेतनमान के अनुरूप मूल वेतन का 50 फीसदी एसटीएफ भत्ता तथा उक्त अवधि में भुगतान किये गये एसटीएफ भत्ता का अन्तर राशि बकाया के रूप में भी भुगतान किया जाना है। सुविधा एसटीएफ को सुदृढ़ करने के लिए समय-समय पर राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत किये गये अतिरिक्त पदों पर भी समान रूप से प्रभावी रहने देने का प्रस्ताव है।

### जमीन घोटाला मामला : सीएम ने ली सुप्रीम कोर्ट की शरण

# ईडी को चुनौती

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ईडी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में रिट पिटिशन दायर की है। उन्होंने ईडी के समन पर गुरुवार को उसके रांची स्थित जोनल ऑफिस में उपस्थित होने के बजाय इसकी सूचना मैसेंजर के जरिए भिजवा दी है। अभी यह पता नहीं हो पाया है कि उन्होंने ईडी के समन को चुनौती दी है या उसकी पूरी कार्रवाई पर सवाल उठाया है। हेमंत सोरेन के रुख से यह जरूर साफ हो गया है कि वे जांच एजेंसी के साथ अब आर-पार की लड़ाई के लिए तैयार हैं। इसके पहले ईडी ने जब उन्हें 14 अगस्त को हाजिर होने का समन भेजा था, तब उन्होंने इसके जवाब में ईडी के असिस्टेंट डायरेक्टर देवव्रत झा को लिखे पत्र में कहा था कि आप और आपके पॉलिटिकल मास्टर अच्छी तरह जानते हैं कि मुख्यमंत्री को 15 अगस्त को ध्वजारोहण करना होता है। इसकी तैयारी एक सप्ताह पहले से शुरू हो जाती है। यह जानने के बावजूद 14 अगस्त को बुलाया गया। इससे साफ है कि जानबूझकर न सिर्फ उनकी बल्कि लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार और झारखंड के लोगों की प्रतिष्ठा धूमिल करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने ईडी की ओर से भेजे गए समन वापस लेने को कहा था। सीएम ने पत्र में लिखा था कि ऐसा न होने पर वे कानून का सहारा लेने को बाध्य होंगे। सोरेन के इस पत्र के बाद ईडी ने उन्हें दूसरा समन भेजते हुए 24 अगस्त यानी गुरुवार को उपस्थित होने के लिए कहा था। ईडी ने समन में कहा है कि वह रांची स्थित जोनल कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी संपत्ति के ब्योरे पर बयान रिकॉर्ड कराएं। यह लगातार दूसरी बार है, जब सोरेन ईडी के बुलावे पर नहीं पहुंचे। सोरेन के ईडी दफ्तर जाने, न जाने को लेकर दोपहर तक सस्पेंस बना रहा। इस वजह से रांची के एयरपोर्ट स्थित ईडी दफ्तर के बाहर बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी। दोपहर तक सीएम के पहुंचने का इंतजार होता रहा, लेकिन पिछली बार की तरह सीएम सचिवालय की ओर से ईडी को चिट्ठी भेजी गई है।



### योगेंद्र तिवारी के ठिकानों पर दूसरे दिन भी छापा

## सभी संदिग्धों के बैंक खाते, संपत्ति की जांच

**योगेंद्र के रांची, जामताड़ा, मिहिजाम, दुमका ठिकानों पर दूसरे दिन भी चला सर्च**

**सैकड़ों बैंक खातों से अरबों का ट्रांजेक्शन खंगालेगी ईडी**

**रामेश्वर उरांव समेत अन्य संदिग्धों से बारी-बारी से नोटिस कर पूछताछ**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। झारखंड में शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी के सभी ठिकानों पर गुरुवार को भी छापेमारी जारी रही। ईडी की टीम ने रांची, दुमका, जामताड़ा, मिहिजाम के योगेंद्र तिवारी के ठिकानों पर देर शाम अपनी कार्रवाई खत्म की। ईडी की टीम को 32 ठिकानों पर छापेमारी के दौरान सैकड़ों बैंक खातों की जानकारी मिली है। योगेंद्र तिवारी के दर्जनों कंपनियों के बैंक खातें, पैन ड्राइव समेत सारी जानकारियां ईडी ने ली है।




ईडी को सैकड़ों बैंक खातों में अरबों रुपये के ट्रांजेक्शन की जानकारी मिली है। ईडी को जानकारी मिली है कि योगेंद्र तिवारी ने शराब के अलावे कोयला कारोबार से भी काफी अधिक कमायी की है। योगेंद्र के कोयला सिंडिकेट में कौन कौन से लोग शामिल हैं, ईडी यह भी जांच रही है। तकरीबन एक दर्जन लोगों के बारे में योगेंद्र ने बुधवार को पूछताछ के दौरान भी जानकारी दी है।

ईडी ने बुधवार को जिन जिन संदिग्धों के यहां छापेमारी की थी, उन सभी के आश्रितों व परिजनों का बैंक खाता व पैन की जानकारी ली है। ईडी ने सभी संदिग्धों को कहा है कि वह अपने आश्रितों की पूरी चल व अचल संपत्ति की भी जानकारी एजेंसी को दें। साथ ही एजेंसी अब संदिग्धों के घोषित आयकर से उनके व उनके परिजनों की संपत्तियों का आंकलन करेगी। ईडी सूत्रों के मुताबिक, शनिवार को सबसे पहले ईडी योगेंद्र तिवारी व उसके छोटे भाई अमरेंद्र तिवारी से शराब कारोबार के संबंध में पूछताछ करेगी।

इसके बाद बारी बारी से रामेश्वर उरांव समेत अन्य सभी संदिग्धों से बारी बारी से ईडी की टीम पूछताछ करेगी। ईडी के पास साक्ष्य मिला है कि प्रेम प्रकाश के मिली भगत से योगेंद्र तिवारी ने साल 2021 में शराब के थोक कारोबार का ठेका हासिल किया था। ठेका हासिल करने के लिए शेल कंपनियां गठित की गई थी। इस कंपनियों के पास पहले कोई कैपिटल नहीं था, लेकिन ठेका हासिल करने के लिए अलग अलग खातों से उन कंपनियों के खाते में करोड़ों रुपये ट्रांसफर किए गए थे। ईडी ने अवैध खनन के केस में जब पहली बार प्रेम प्रकाश के यहां छापेमारी की थी, तब उसके यहां से शराब कारोबार से जुड़े मजबूत साक्ष्य मिले थे।

## पीएलएफआई का सक्रिय उग्रवादी हुआ गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के सक्रिय उग्रवादी लक्ष्मण पूर्ति को पुलिस ने बुधवार को मुरहू थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से पुलिस ने एक लोडेड देसी कट्टा, छह जिंदा कारतूस, संगठन की चंदा रसीद, नकदी 46 हजार छह सौ रुपये, एक होंडा शाइन मोटरसाइकिल और दैनिक उपयोग के सामान बरामद किया है। यह जानकारी गुरुवार को कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार ने दी। एसडीपीओ ने बताया कि बुधवार को खूंटी पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पीएलएफआई का सक्रिय उग्रवादी मुरहू थाना क्षेत्र के जंगली इलाके में भ्रमणशील है और किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक अमन कुमार के निर्देश पर छापेमारी दल का गठन किया गया। रोवावली से जानुमपीड़ी जाने वाली पक्की सड़क के पास मोटरसाइकिल पर सवार तीन व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने खदेड़कर एक व्यक्ति को पकड़ लिया। उसने अपना नाम लक्ष्मण पूर्ति निवासी ग्राम गुममुडू थाना मुरहू बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक देसी लोडेड कट्टा, छह जिंदा गोलियां और नगदी बरामद की गई।

### झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की 29वीं बैठक संपन्न, मुख्यमंत्री बोले

## कैदियों का सामाजिक पुनर्वास सुनिश्चित करें

**जेलों में आजीवन सजा काट रहे 28 कैदी किए जाएंगे रिहा**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में आयोजित झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की 29वीं बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में राज्य के विभिन्न कारागृहों में आजीवन सजा काट रहे 41 कैदियों की रिहाई से संबंधित समीक्षा की गई। अदालतों, संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षक, जेल अधीक्षक और प्रोबेशन पदाधिकारी के मंतव्य पर गहन विचार-विमर्श के बाद 28 कैदियों को रिहा करने की स्वीकृति दी गई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की बैठक में जिन कैदियों की रिहाई सुनिश्चित की गई है उनका सामाजिक पुनर्वास आवश्यक है। संबंधित विभाग के अधिकारी एक बेहतर कार्य योजना बनाकर इन कैदियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का काम करें। जेल से रिहा होने के बाद ऐसे कैदियों की गतिविधियों की निरंतर ट्रैकिंग और मॉनिटरिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करें।



मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि समय-समय पर इन कैदियों की काउंसलिंग भी की जाए। जेल से निकलने के बाद इन कैदियों के जीवनयापन में सामाजिक रूप से कोई बाधा न पहुंचे तथा आर्थिक समस्या उत्पन्न न हो इस निमित्त इन्हें स्वरोजगार से जोड़ने का कार्य भी आवश्यक रूप से की जाए।

बैठक में अपर मुख्य सचिव गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग अविनाश कुमार, पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना दादेल, प्रधान सचिव-सह-विधि परामर्शी विधि (न्याय) विभाग नलिन कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, न्यायिक आयुक्त अरुण कुमार राय, कारा महानिरीक्षक उमा शंकर सिंह सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

### सीबीआई की टीम अवैध खनन मामले की जांच करने पहुंची साहिबगंज

**साहिबगंज।** साहिबगंज जिले में अवैध खनन की जांच करने के लिए सीबीआई की सात सदस्यीय टीम गुरुवार सुबह वनांचल एक्सप्रेस से पहुंची। इसको लेकर डीसी को पहले ही सूचना दी गयी थी। यहां सीबीआई अवैध खनन और परिवहन मामले की जांच करेगी। सीबीआई ने मामले में पीई दर्ज कर अवैध खनन की जांच शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि बीते 18 अगस्त को झारखंड हाई कोर्ट ने साहेबगंज में अवैध खनन की जांच सीबीआई से कराने का आदेश दिया था। अदालत ने सीबीआई को पीई दर्ज कर एक महीने में प्रारंभिक जांच पूरी करने को कहा था। फिर जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई करने का आदेश दिया था।

### चंद्रमा की सतह पर घूम-घूम पर जुटाएगा डेटा

## लैंडर विक्रम से बाहर निकला रोवर प्रज्ञान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) से जुड़े सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि रोवर 'प्रज्ञान' लैंडर 'विक्रम' से बाहर निकल आया है। रोवर्स छोटे मोबाइल खोजकर्ता होते हैं। जैसा की प्रज्ञान है। यह चंद्रमा की कठोर परिस्थितियों में थोड़े समय तक रहने के लिए तैयार किया गया है। जो चंद्रमा की सतह पर 'घूम-घूम' कर डेटा जुटायेगा। जो चंद्रयान -3 के मिशन उद्देश्यों में से एक है। पिछले चंद्रयान मिशन में भारत के चंद्र रोवर को अपना काम करने का मौका ही नहीं मिला था। रोवर किसी ग्रह या चंद्रमा की सतह की खोज के लिए तैयार किया गया एक विशेष वाहन होता है। इससे पहले भी नासा के कई रोवर चांद की सतह पर जा चुके हैं। चंद्रयान तीन के साथ भेजा गया रोवर प्रज्ञान है। जिसकी चांद की सतह से पहली



तस्वीर गुरुवार को जारी की है। रोवर का नाम 'प्रज्ञान' संस्कृत में ज्ञान के अर्थ में इस्तेमाल होता है। यह छह पहियों वाला, 26 किलोग्राम का रोवर है जिसे लैंडर मॉड्यूल के भीतर रख कर भेजा गया था। इसका संचार पृथ्वी से लैंडर के जरिए होगा।

इसरो से मिली ताजा जानकारी के मुताबिक, प्रज्ञान ने चंद्रमा पर अपनी सैर शुरू कर दी है। प्रज्ञान को चंद्रमा की सतह का रासायनिक विश्लेषण करने का काम सौंपा गया है क्योंकि यह चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास ऊंचे इलाकों की सैर करेगा। यह वैज्ञानिक प्रयोगों के लिए दो पेलोड से सुसज्जित है, अर्थात अल्फा पार्टिकल एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर (एपीएक्सएस) और लेजर प्रेरित ब्रेकडाउन स्पेक्ट्रोस्कोप (एलआईबीएस)।

एपीएक्सएस लैंडिंग स्थल के आसपास मिट्टी और चट्टानों की मौलिक संरचना को निर्धारित करने का प्रयास करेगा। एलआईबीएस गुणात्मक और मात्रात्मक मौलिक विश्लेषण, रासायनिक संरचना प्राप्त करने और खनिज संरचना का अनुमान लगाने के लिए जिम्मेदार होगा। एलआईबीएस लेजर का उपयोग चंद्रमा की सतह से निकलने वाली गैसों के स्पेक्ट्रोस्कोपिक अध्ययन के काम में लायेगा।

दूसरी ओर, एपीएक्सएस के साथ काम में चंद्रमा की सतह पर अल्फा कणों की शूटिंग और उत्सर्जन पैदा करना और फिर रासायनिक संरचना का अध्ययन करना शामिल होगा। रोवर विशेष रूप से मैग्नीशियम, एल्यूमीनियम, सिलिकॉन, पोटेशियम, कैल्शियम, टाइटेनियम और आयरन तत्वों की तलाश करेगा।

### टाइटेनियम-लौह जैसे तत्वों के बारे में अध्ययन करेगा

**प्रज्ञान** चंद्रमा के वातावरण का भी अध्ययन करेगा। अक्सर यह कहा जाता है कि चंद्रमा पर कोई वायुमंडल नहीं है, लेकिन यह बिल्कुल सही नहीं है। चंद्रमा की सतह के पास थोड़ा सा वातावरण है। इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने 10 जुलाई को भारत अंतरिक्ष कांग्रेस 2023 के मौके पर मीडिया को बताया था कि चंद्रमा में गैसों का उत्सर्जन होता है। वे आयनित होकर सतह के बहुत करीब रहती हैं। यह दिन और रात के साथ बदलता रहता है। इसलिए हम दिन-रात अध्ययन करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इस सतह से लगे हुए वायुमंडल में होने वाले परिवर्तनों के बारे में जानना रोचक होगा। प्रज्ञान का मिशन जीवन 1 चंद्र दिवस यानी लगभग पृथ्वी के 14 दिनों के बराबर है। यह वह अवधि होगी जिसमें भारतीय रोवर अपने उद्देश्यों को पूरा करने का प्रयास करेगा। रोवर के संचालन की अवधि उसके ऊर्जा स्रोत सूर्य पर निर्भर है।

### हाईकोर्ट में हाजिर हुए झारखंड के डीजीपी, कोर्ट ने पूछा-

## क्यों नहीं कंट्रोल हो रहा क्राइम?

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सुप्रीम कोर्ट के दिवंगत जस्टिस एमवाई इकबाल की जमीन की बाउंड्री को भू-माफिया द्वारा तोड़े जाने के मामले में गुरुवार को राज्य के डीजीपी अजय कुमार सिंह और रांची के एसएसपी किशोर कौशल झारखंड हाईकोर्ट में हाजिर हुए। कोर्ट ने उनसे मौखिक तौर पर पूछा कि राज्य में क्राइम का ग्राफ क्यों बढ़ रहा है? भू-माफिया दूसरों की जमीन पर कब्जा करने की हिम्मत कैसे कर रहे हैं? क्राइम कंट्रोल के लिए पुलिस क्या कर रही है?

कोर्ट ने डीजीपी को चार हफ्ते के भीतर व्यक्तिगत शपथ पत्र दाखिल कर बताने को कहा है कि भू-माफिया की गैरकानूनी गतिविधियों पर रोक और राज्य में क्राइम कंट्रोल के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट के दिवंगत जस्टिस एमवाई इकबाल की रांची स्थित जमीन की बाउंड्री गिराकर उस पर कब्जे की कोशिश की घटना की मीडिया रिपोर्ट पर झारखंड हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था।



यह घटना 25 जून को हुई थी। भू माफियाओं ने जस्टिस इकबाल की विक्रांत चौक स्थित जमीन का बाउंड्री गिरा दी थी और उसे हड़पने की कोशिश की थी। इसे लेकर लोअर बाजार थाना में जमीन की देखरेख के लिए प्रतिनियुक्त हवलदार जैनुल अंसारी द्वारा एफआईआर दर्ज कराई गई थी। बाद में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया था। जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली बेंच में इस मामले में स्वतः संज्ञान के आधार पर हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से शपथ पत्र दायर कर बताया गया है कि जमीन हड़पने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

वैसे भू-माफिया, जिनके खिलाफ पांच से ज्यादा आपराधिक मामले हैं, उन्हें जिला बदर किया जाएगा। जिन जमीन कारोबारियों के खिलाफ चार केस हैं, उन्हें प्रत्येक पंद्रह दिन में थाने में हाजिरी लगानी होगी। जिन माफियाओं के खिलाफ तीन केस हैं, उनसे बांड भरवाकर चेतावनी दी जाएगी।

आने वाले वक्त में एससी-एसटी एक्ट, महिला उत्पीड़न से जुड़े केस और जमीन हड़पने से संबंधित मामलों में त्वरित कार्रवाई के लिए स्पेशल टास्क फोर्स बनाई जाएगी। हाईकोर्ट में हाजिर हुए झारखंड के डीजीपी, कोर्ट ने पूछा- क्यों नहीं कंट्रोल हो रहा क्राइम?

## तमाड़ के युवाओं ने निकाली तिरंगा रैली

**तमाड़।** चंद्रमा पर चंद्रयान 3 की सफल लैंडिंग की खुशी में गुरुवार को युवाओं ने बाइक पर सवार होकर तिरंगा रैली निकाली। शाम चार बजे बैनर और तिरंगा झंडा लेकर दर्जनों बाइक से तमाड़ के युवा पुंडिदिरी रोड स्थित महावीर मंदिर से अस्पताल रोड होते हुए नीचेटोली पहुंचे। वहां से तमाड़-खूंटी रोड पर तमाड़ बस स्टैंड होते हुए प्राचीन कालीन दिउड़ी मंदिर पहुंचे। मां दिउड़ी मंदिर में मत्था टेकने के बाद ब्लॉक रोड होते हुए तमाड़ थाना के लगभग कोठरी बंधु चौक पहुंचकर तिरंगा रैली संपन्न हुई। इस दौरान भारत माता की जय हिन्दुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए। वहीं चंद्रयान-3 के चांद मिशन को फतह करने में अहम भूमिका निभाने वाले वैज्ञानिकों, टेक्नीशियन, भारत सरकार और इसरो के प्रति आभार जताया। तिरंगा रैली में अनिकेत गुप्ता, प्रदीप पांडेय, समीर दास, राजा मल्लिक, बिट्टू वर्मा, मोनू गुप्ता, सिद्धार्थ गुप्ता, सोहन रविदास, मयंक सिन्हा, लाडला खान और कबीर खान आदि मौजूद थे।

# अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन ने सीआरपीएफ के जवानों को बांध रक्षा सूत्र



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल के द्वारा चलाए गए रक्षा- सूत्र सह शाब्दिक रक्षा- सूत्र अभियान के अंतर्गत 133 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के लिए एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल एवं मारवाड़ी महिला सम्मेलन रांची शाखा अध्यक्ष नैना मोर ने द्वितीय कमान अधिकारी श्री भवानी प्रताप यादव को दुपट्टा ओढाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। उन्हें तिलक लगाया एवं उनकी कलाई पर रक्षा सूत्र बांध कर मंगल कामना की शाखा की अन्य बहनों ने भी 55 सीआरपीएफ जवानों को तिलक कर हाथों से तैयार की गई तिरंगी राखियां पहनाई एवं उनका मुंह मीठा कराया। नीरा बथवाल जी ने रक्षा सूत्र अभियान के बारे में जानकारी दी। उर्मिला पाड़िया ने भाई बहन के प्यार से भरा बहुत ही सुंदर गीत प्रस्तुत किया रेखा जैन ने स्वरचित कविता पढ़कर सुनाई।द्वितीय कमान अधिकारी भवानी प्रताप यादव और उनकी टीम ने महिला मंच की सदस्य को मोमेंटो प्रदान किया और इस नेक कार्य के लिए उनका आभार प्रकट किया।धन्यवाद- ज्ञापन रीता केड़िया ने किया। कार्यक्रम में डिप्टी कमांडेंट एस.एस.देव,डिप्टी कमांडेंट मृत्युंजय कुमार, असिस्टेंट कमांडेंट सिद्धार्थ गौतम, बबीता नारसरिया, बीना मोदी,मंजू केड़िया, रीना सुरेका, मधु सर्राफ, मंजू लोहिया, मंजू मुरारका, उर्मिला पाडिया, प्रीति बंका, लक्ष्मी पाटोदिया, अरुणा गुप्ता, सुशीला पोद्दार, रेखा जैन, करुणा बागला, प्रीति पोद्दार, शारदा ड्रॉलिया, कलावती अग्रवाल, उषा संथालिया, हर्षिता अग्रवाल हेतमसरिया, सरोज चिरानिया, देवी मोदी, नीलम केडिया, मीरा टिबड़ेबाल, आदि उपस्थित थीं।

## अनुशासन ही आत्मबल और सफलता का अनिवार्य तत्व हैः कुलपति

**रांची।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी (डीएसपीएमयू) के बीबीए विभाग में नए सत्र के विद्यार्थियों के लिए गुरुवार को इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने विद्यार्थियों को अनुशासित रहते हुए अपने अकादमिक जीवन को पूर्ण करने की बात कही। उन्होंने कहा कि अनुशासन हमारे जीवन में आत्मबल और सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को यह सलाह दी कि अपने व्यक्तित्व का चतुर्दिक विकास करें, ताकि वर्तमान प्रतिस्पर्द्धात्मक युग की चुनौतियों का भलीभांति सामना किया जा सके। वीसी ने कहा कि नई शिक्षा नीति में इस बात पर बल दिया गया है कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके। इसके पूर्व विभाग के निदेशक डॉ अशोक कुमार नाग ने कुलपति का स्वागत करते हुए बीबीए विभाग के विषय में जानकारी प्रदान की।

# अब रिम्स में होगी डीएम कार्डियोलॉजी की पढ़ाई




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) को दो सीटों के साथ डीएम कार्डियोलॉजी पाठ्यक्रम की मंजूरी मिल गई है। गुरुवार को डीन डॉ. विद्यापति ने बताया कि रिम्स यह कोर्स शुरू करने वाला राज्य का पहला अस्पताल है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने शैक्षणिक वर्ष 2022 से रिम्स में डीएम कार्डियोलॉजी पाठ्यक्रम को मंजूरी दे दी है। इस मंजूरी से कॉलेज संचालित अस्पतालों के लिए डीएम और एमसीएच पाठ्यक्रमों में नई सीटें पाने का मार्ग प्रशस्त होगा। यह मान्यता वर्ष 2022 से अधिकतम पांच वर्ष की अवधि के लिए वैध होगी। इसके बाद इसे नवीनीकृत करना होगा। इससे छात्रों को काफी आगे बढ़ने का मौका भी मिलेगा। इसके साथ मरीजों की संवा भी होगी।

# नगर आयुक्त से मिला सिटीजन फोरम का एक प्रतिनिधिमंडल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची नगर निगम के सिटीजन फोरम के अध्यक्ष दीपेश कुमार निराला की अध्यक्षता में गुरुवार को एक प्रतिनिधिमंडल नगर आयुक्त अमित कुमार से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने नगर आयुक्त को 53 वार्ड में आ रही समस्याओं से अवगत कराया। इसमें प्रमुख रूप से सड़कों पर जल जमाव और नगर निगम के पार्कों के मेंटेनेंस सहित अन्य विषय प्रमुख रहे। नगर आयुक्त ने प्रतिनिधिमंडल को जल्द इसका समाधान निकालने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में कोषाध्यक्ष विनोद जैन बेगवानी, कार्यक्रम संयोजक रेणुका तिवारी, कोर कमेटी सदस्य अनिल कुमार और सदस्य पीके प्रधान शामिल थे।

## 15 मिनट की बारिश में ही काठीटांड़ चौक लबालब, बढ़ी परेशानी

**रांची।** रांची का सबसे प्रमुख चौक काठीटांड़ गुरुवार को दिन के 12 बजे लगभग 15 मिनट की बारिश में ही पानी-पानी हो गया। पानी से बच रहे लोगों को निकलने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। कई दुकानदारों की दुकान में पानी घुस गया, इससे उन्हें काफी नुकसान उठाना पड़ा। ज्ञात हो कि सड़क निर्माण के समय पथ निर्माण विभाग द्वारा नाली भी बनाई गई थी। कुछ नाली बड़े वाहनों के दबाव में आकर टूट गई जिसे विभाग द्वारा सीमेंट आदि डालकर भर दिया गया जिससे पानी जाने का रास्ता बंद हो गया। वहीं कई नालियां अतिक्रमण का शिकार होने के साथ ही सड़क के किनारे सब्जी और फल विक्रेताओं के कचरों से भर गई हैं। लोगों का कहना है कि नाली भरी होने के कारण सही रूप से पानी निकल नहीं पा रहा है जिससे नाली का पानी रोड पर आकर तालाब का रूप बनता जा रहा है।

# केंद्र सरकार जी-20 सम्मेलनों का उठा रही पूरा फायदा : कांग्रेस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
प्रदेश कांग्रेस की प्रवक्ता आभा सिन्हा ने कहा कि केंद्र सरकार देश में हो रहे जी-20 सम्मेलनों का पूरा फायदा उठा रही है। इस दौरान जमकर चुनावी प्रचार किया जा रहा है। सिन्हा ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि सरकार जी-20 सम्मेलनों के जरिए देश के लोगों का ध्यान मुद्दों से भटकाने के लिए ऐसा कर रही है। अन्य देशों में भी जी-20 के सम्मेलन होते हैं लेकिन वहां इस तरह का प्रचार नहीं चलता है। उन्होंने कहा कि जी-20 का गठन 1999 में हुआ था। इसमें दुनिया के 19 देश तथा यूरोपीयन



यूनियन सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि इसके गठन से लेकर अब तक बारी-बारी से 17 देशों में जी-20

**नई दिल्ली में 1983 में 100 से अधिक देशों का गुटनिरपेक्ष शिखर सम्मेलन सफलतापूर्वक आयोजित हो चुका है**

शिखर सम्मेलनों का आयोजन हो चुका है और अब भारत का नंबर है लेकिन यहां इसे लेकर जिस तरह का चुनावी कैंपेन चलाया जा रहा है और माहौल बनाने की कोशिश की जा रही है, वैसा किसी भी दूसरे देश में नहीं हुआ। वास्तव में ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि लोगों के जरूरी मुद्दों से ध्यान भटकाया जा सके। उन्होंने कहा कि हमें याद रखना चाहिए कि इसी नई दिल्ली में 1983 में 100 से अधिक देशों का गुटनिरपेक्ष शिखर सम्मेलन और उसके बाद कॉमनवेल्थ देशों का शिखर सम्मेलन सफलतापूर्वक आयोजित हो चुका है लेकिन तब की सरकार ने चुनावी फायदे के लिए उन मौकों का इस्तेमाल नहीं किया। साथ ही कहा कि लालकृष्ण आडवाणी ने पांच अप्रैल, 2014 को नरेन्द्र मोदी को एक शानदार इवेंट मैनेजर बताया था। जनता का ध्यान भटकाने के लिए प्रधानमंत्री इवेंट मैनेजमेंट ही कर रहे हैं।

## निगम के किसी भी वार्ड में सफाई कार्य में लापरवाही पर नपेंगे सुपरवाइजर

**रांची।** रांची नगर निगम के प्रशासक अमित कुमार ने कहा है कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान किसी भी वार्ड क्षेत्र में सफाई कार्य में शिथिलता पाई गई तो सुपरवाइजरों पर सख्त कार्रवाई होगी। वहीं स्वच्छता शाखा के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को डोर-टू-डोर कचरा का उठाव करने के लिए बीट प्लान के मुताबिक वार्डवार व्यवस्था को और आगे बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। वार्ड सुपरवाइजर हर दिन इस व्यवस्था का अनुश्रवण करेंगे। पदभार ग्रहण करने के बाद प्रशासक गुरुवार को सुबह में पहली बार निगम क्षेत्र में बहाल सफाई और अन्य व्यवस्था का जायजा लेने के लिए टीम के साथ निकले थे। इस दौरान उन्होंने अरगोड़ा, हरमू रोड, एमटीएस, नागा बाबा खटाल, वेजिटेबल मार्केट, मोरहाबादी नाईट मार्केट स्थल का मुआयना किया।



## आरएल सर्राफ स्कूल परिसर में 26 से 29 तक मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी का आयोजन

# मेरी माटी, मेरा देश के संदेश से लोगों में आत्मनिर्भरता की भावना जागेगी







**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/देवघर।** हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय अंतर्गत केंद्रीय संचार ब्यूरो , दुमका / रांची द्वारा देवघर के प्रसिद्ध स्कूल आर एल सर्राफ स्कूल परिसर में आगामी 26-08-2023 से 29-08-2023 तक मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। आगामी चित्र प्रदर्शनी के प्री इवेंट के तौर पर आज भारत के प्रधानमंत्री के आह्वान पर मेरी माटी , मेरा देश पर दीनबंधु उच्च विद्यालय देवघर में बच्चों के बीच चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के सचिव धर्मा जी ने कहा की मेरी माटी, मेरा देश के संदेश से लोगों में आत्मनिर्भरता तथा गर्व की भावना जागेगी । साथ ही लोग अपने वतन के मिट्टी से जुड़े रहेंगे। दीनबंधु उच्च विद्यालय देवघर के प्राचार्य ने कहा की आज की चित्रांकन प्रतियोगिता से बच्चों में एक नए जोश का संचार हुआ है। इस प्रतियोगिता में लगभग 50 छात्र छात्राएं ने भाग लिया। मनीषा घोष, वरीय शिक्षिका ने कहा कि केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा मेरी माटी मेरा देश पर आयोजित कार्यक्रम निश्चित रूप से हम सभी को देश की धरती अर्थात माटी के प्रति अपने कर्तव्यों को याद दिलाती है। बच्चों में देशप्रेम के साथ साथ अपनी भाषा, संस्कृति तथा देश के महापुरुषों के विचारों को अपने व्यवहार में आत्मसात करने में प्रमुख भूमिका निभा रही है। प्रतियोगिता की समाप्ति पर तकनीकी सहायक अधिकारी आलम जी ने सभी का धन्यवाद व्यक्त किया और सभी से आग्रह किया कि वे आगामी 26 अगस्त से आर एल सर्राफ स्कूल परिसर में लगने वाले मल्टीमीडिया प्रदर्शनी में अवश्य ही शामिल हो।

## वीमेंस यूनिवर्सिटी में 967 और कोल्हान में 14831 एडमिशन

**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** कोल्हान विश्वविद्यालय और जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में स्नातक कक्षाओं में एडमिशन की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है. इस बार कोल्हान विश्वविद्यालय में स्नातक कक्षाओं में अब तक 14 हजार 831 विद्यार्थियों का नामांकन हुआ है, जबकि जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में अबतक 967 छात्राओं के ही एडमिशन हुए हैं. ये सारे एडमिशन चांसलर पोर्टल के माध्यम से हुए हैं. चांसलर पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़े के अनुसार कोल्हान विश्वविद्यालय में स्नातक कक्षाओं में एडमिशन के लिए इस बार कुल 34 हजार 337 आवेदन आये थे, जिनमें पेड आवेदनों की संख्या 30 हजार 380 थी. अंततः दाखिला लेने वालों की संख्या आधे से भी कम रह रह गयी है. दूसरी ओर जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में कुल 4 हजार 88 आवेदन आये थे, जिनमें से पेड आवेदनों की संख्या 2 हजार 789 थी. यहां भी एडमिशन की संख्या आधे से भी काफी कम रह गयी. हालांकि इस विश्वविद्यालय में एक बार मेधा सूची का प्रकाशन करने के बाद भी चांसलर पोर्टल पर आवेदन के लिए तिथि बढ़ाई गयी थी. दूसरी ओर आंकड़े के अनुसार जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में स्नातकोत्तर (पीजी) में अबतक केवल 16 एडमिशन हुए हैं. जबकि एडमिशन के लिए कॉलेज के पास 561 आवेदन आये थे, जिनमें से पेड आवेदनों की संख्या 368 थी. बावजूद इतना कम एडमिशन होना आश्चर्य का विषय है. इसके अलावा स्नातकस्तरीय वोकेशन कोर्स में 960 आवेदन आये थे, जिनमें से 569 पेड आवेदन पाये गये. इनमें से एडमिशन लेनेवाली छात्राओं की संख्या 242 पर ही सिमट गयी. हालांकि अभी भी एडमिशन के लिए विद्यार्थी विभिन्न कॉलेजों का चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन सीटें नहीं होने का हवाला देते हुए उन्हें लौटा दिया जा रहा है. इसे लेकर विभिन्न कॉलेजों में छात्रों के द्वारा मांग पत्र भी सौंपे गये हैं, ताकि सीटें बढ़ायी जायें.

### धनबाद : कुमारधुबी बाजार में ज्वेलर्स और मोबाइल दुकान में चोरी, घटना से लोग दहशत में

**धनबाद।** कुमारधुबी बाजार में बुधवार 23 अगस्त की रात चोरों ने एक साथ दो दुकानों में लाखों रुपए की सम्पति पर हाथ साफ कर पुलिसिया व्यवस्था की पोल खोल दी है. चोरों ने कुमारधुबी बाजार स्थित मां जानकी ज्वेलर्स और जैन मोबाइल दुकान की छत काट कर घटना को अंजाम दिया है. मोबाइल दुकान संचालक मो.जाफर ने बताया कि गुरूवार 24 अगस्त की सुबह जब दुकान खोली तो दुकान का सारा सामान बिखरा मिला. छत के ऊपर का हिस्सा कटा हुआ है. माना जा रहा है कि चोरों ने यहीं सेंध लगाई. मो.जाफर ने बताया कि पांच नये मोबाइल, रिपेयरिंग के लिए रखे 45 पुराने मोबाइल फोन व अन्य सामान सहित एक हजार रुपए नगद की चोरी हुई है. वहीं मां जानकी ज्वेलर्स दुकान संचालक ने कहा कि चोरों ने एक ही छत से दोनों दुकान में प्रवेश किया. करीब ढाई सौ ग्राम चांदी चोरी हुई है. पीड़ित दुकानदारों ने कहा कि इसकी सूचना कुमारधुबी पुलिस को दी गई है. बता दें कि कुमारधुबी ओपी क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटना से लोग दहशत में है. चोरों का दल पुलिस को लगातार चुनौती दे रहा है, लेकिन पुलिस हाथ में हाथ डालकर बैठी हुई है.

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**धनबाद।** झरिया थाना क्षेत्र के उपरकुल्ही स्थित पोद्दारपाड़ा बेलाल मस्जिद के समीप रहने वाले स्वर्गीय छोटू मोदक के पुत्र बिरजू मोदक (30 वर्षीय) ने अपने घर की छत पर गमछे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. सूचना मिलते ही झरिया पुलिस उपरकुल्ही स्थित बिरजू के आवास पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई है. जानकारी के अनुसार मृतक बिरजू कार ड्राइवर था. पिछले दो माह से वो अपनी पत्नी राधा देवी के साथ उसके कतरास झिंझिपहाड़ी स्थित ससुराल में रह रहा था. मृतक बुधवार को ही अकेले ही अपने झरिया स्थित आवास लौट आया. परिजनों के अनुसार बिरजू कमाने खाने वाला व्यक्ति था. उसका किसी से कोई भी विवाद नही था. पत्नी के साथ भी उसका व्यवहार अच्छा था. हालांकि बिरजू शराब का आदी था. फिलहाल झरिया पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है.

### अपराधियों ने युवक को मारी गोली, दो हजार लूटे

**धनबाद।** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के जयनगर में बुधवार 23 अगस्त की देर रात दो बजे तीन अज्ञात अपराधियों ने हथियार के नोक पर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया. अपराधियों ने कुबरीटांड निवासी रामू महतो की बाइक रोक कर पैसे छीनने शुरू कर दिये. रामू महतो ने जब इसका विरोध किया तो उसके साथ लाठी डंडे से बुरी तरह मारपीट की गई. इसके बाद लूटेरों ने उसे गोली मार दी और दो हजार रुपए लूटकर फरार हो गये. रामू महतो के कंधे में गोली लगी. आनन-फानन में उसे शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज लाया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए दुर्गापुर मिशन भेज दिया गया. घटना के बाद डीएसपी वन अमर कुमार पांडेय अस्पताल पहुंचे और घटना की पूरी जानकारी ली. उन्होंने बताया कि रामू महतो बाइक से कुबरीटांड स्थित अपने घर लौट रहे थे. इसी दौरान जयनगर के पास तीन अज्ञात अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दिया. उन्होंने कहा कि पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.

### घाटशिला : अमाईनगर स्वर्णरेखा नदी पुल से युवक ने कूदकर दी जान

**जमशेदपुर।** अज्ञात युवक ने अमाईनगर स्वर्णरेखा नदी पुल से गुरुवार सुबह कूदकर आत्महत्या कर ली. प्रत्यक्षदर्शियों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी. लोगों ने बताया कि घाटशिला के साढपुरा मुहल्ला से एक 24 वर्षीय युवक शुभम भगत सुबह 5 बजे घर से निकला था. वह अबतक वापस घर नहीं लौटा है. थाना के एसआई गोविंद कुमार साहू एवं विवेक कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे. परिजनों को शक है कि शुभम ने ही नदी से छलांग लगा कर आत्महत्या की है. अबतक उसके दोनों मोबाइल फोन स्विच ऑफ बता रहा है. पुलिस ने बताया कि नदी में पानी काफी ज्यादा होने के कारण कोई भी मछुआरा नदी में उतरने को तैयार नहीं पुलिस पदाधिकारी ने इसकी जानकारी वरीय पदाधिकारी को दी है. एनडीआरएफ की टीम आने के बाद ही शव खोजने की तैयारी की जाएगी.

### सेरुआ पंचायत भवन में लगा नेत्र जांच शिविर

**गिरिडीह।** सेरुआ पंचायत भवन में 24 अगस्त को विमल रामकृष्ण बजाज नेत्रालय की ओर से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया. शिविर में दर्जनों रोगियों की नेत्र जांच की गई. कई गरीब असहाय लोगों को संस्थान की ओर से निःशुल्क चश्मा और अन्य को दवाइयां दी गई. नेत्र रोगियों की जांच नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ संदीप कुमार ने की. मौके पर डॉक्टर ने लोगों को आंखों के बेहतर रख-रखाव के कई उपाय बतायें. शिविर में मुखिया गुरुसहाय रविदास, पंचायत सचिव प्रभु हाजरा, बलराम कुमार, अशोक यादव समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे.

### विकास योजनाओं का बीडीओ ने किया निरीक्षण

**गिरिडीह।** पीरटांड़ प्रखंड बीडीओ मनोज कुमार मरांडी ने 24 अगस्त को भारती चलकारी पंचायत में सरकार की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं की जांच की. इस क्रम में बीडीओ ने भारती चलकारी पंचायत के बनासो में बन रहे दाढ़ी, कुआं व चबूतरा निर्माण का औचक निरीक्षण किया। बीडीओ ने अधिकारियों व कर्मी को निर्देश देते हुए कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए साथ ही गुणवत्ता भी कायम रहनी चाहिए. जाँच के क्रम में बीडीओ ने भारती चलकारी पंचायत में बीएलओ की ओर से किए जा रहे कार्य का सर्वे कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया.

### इनर व्हील क्लब की सदस्यों ने बांटे फल

**गिरिडीह।** इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन की सदस्यों ने 24 अगस्त को चैताडीह स्थित मातृत्व एवं शिशु कल्याण केंद्र में भर्ती महिलाओं को हाइजीन की जानकारी दी. डॉ. मेघा महर्षि और डॉ. सुजाता ने महिलाओं को पर्सनल हाइजीन की विशेषता बताई. इसका उपाय भी बताया. इस मौके पर क्लब की सदस्यों ने महिलाओं के बीच फल का वितरण भी किया. मौके पर क्लब की प्रेसिडेंट सुमन गौरीसरिया, वाइस प्रेसिडेंट सोनाली तरवे, सेक्रेटरी कविता राजगढ़िया, स्मृति आनंद, दीप्ति सिन्हा, उषा डोकानिया सहित अन्य उपस्थित थीं.

### दूधपनिया में चार दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट संपन्न

**गिरिडीह।** तिसरी प्रखंड के दूधपनिया गांव में झारखंड एकता स्पोर्टिंग क्लब दूधपनिया की ओर से आयोजित चार दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का 23 अगस्त को समापन हो गया. इस टूर्नामेंट में कुल 32 टीमों ने भाग लिया था. इसमें नॉकआउट के जरिए एफएफसी चकाई और एसएसजी बरजो की टीम फाइनल में पहुंची. दोनों टीमों के बीच 40 मिनट का खेल हुआ, लेकिन कांटे के मुकाबले में किसी भी टीम ने कोई गोल नहीं किया. इसके बाद पेनाइल्टी शूटआउट करवाया गया. इसमें भी दोनों टीमें बराबर रहीं. इस दौरान खराब मौसम को देखते हुए अंततः टॉस के माध्यम से ही इस टूर्नामेंट के विजेता का चयन किया गया. टॉस जीतकर एफएफसी चकाई की टीम विजेता, जबकि एसएसजी बरजो की टीम उपविजेता बनी. इसके अलावा केजी बरोद्रास की टीम ने तीसरा व कोदईबांक की टीम ने चौथा स्थान प्राप्त किया.

### गिरिडीह : विषाक्त मशरूम खाने से एक ही परिवार के चार लोग बीमार, दो गंभीर

**गिरिडीह।** बेंगाबाद के पतरोडीह में 24 अगस्त गुरुवार को विषाक्त मशरूम खाने से एक ही परिवार के चार सदस्य बीमार हो गए. सभी को इलाज के लिए गिरीडीह सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जहां दो की स्थिति गंभीर बताई जा रही है. बीमार लोगों में मानव दास, उनकी बहू प्रमीला देवी, पोता सतीश कुमार व पोती लक्ष्मी कुमारी शामिल हैं. अस्पताल में भर्ती प्रमीला देवी ने बताया कि उनके ससुर ने मकई के खेत से मशरूम लाया था, जिसकी सब्जी बनाकर सभी ने खाया. सब्जी खाने के बाद सभी की तबीयत बिगड़ने लगी. गांव के लोगों की मदद से आनन-फानन में सभी इलाज के लिए सदर अस्पतला पहुंचे.

### बिजली चोरी के खिलाफ 45 लोगों पर केस दर्ज

**धनबाद।** बिजली विभाग के महाप्रबंधक हरेन्द्र कुमार सिंह के आदेश पर गुरुवार 24 अगस्त को बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी की गई. छापेमारी के बाद धनबाद सर्किल में 45 लोगों पर बिजली चोरी की एफआइआर दर्ज कराई गई है. धनबाद सर्किल में कुल 249 जगहों में रेड किया गया, जिसमे 7 लाख 86 हजार रुपये फाइन किया गया है. धनबाद डिवीजन में 52 जगहों पर छापेमारी में 15 लोगों पर एफआइआर दर्ज कराई गई है, जबकि तीन लाख छह हजार रुपये जुमार्ना भी लगाया गया है. गोविंदपुर में 43 जगहों पर छापेमारी कर 9 लोगों पर एफआइआर की गई और एक लाख 17 हजार जुमार्ना लगाया गया है. निरसा में 84 जगहों पर छापेमारी में 8 लोगो पर एफआईआर और 1 लाख 65 हजार फाइन किया गया. झरिया में 70 जगहों पर रेड व 13 लोगों पर एफआईआर के साथ एक लाख 98 हजार रुपये का फाइन किया गया. यह जानकारी कार्यपालक अभियंता पंकज कुमार ने दी. महाप्रबंधक हरेन्द्र सिंह ने बताया कि बिजली चोरी के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी. बकाया राशि वालों की लाइन भी काटी जाएगी.

### धनबाद : दर्जनों महिलाएं हुई भाजपा में शामिल

**धनबाद।** झरिया के जनता श्रमिक संघ के कार्यालय में गुरुवार 24 अगस्त को सैकड़ों की संख्या में सीके साइडिंग में कार्यरत मजदूरों ने जनता मजदूर संघ छोड़कर जनता श्रमिक संघ का दामन थामा. साथ ही झरिया पोद्दार पाड़ा की सैकड़ों महिलाएं ने झरिया कतरास मोड़ स्थित भाजपा कार्यालय में भाजपा में शामिल हुई. भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने एक ओर मजदूरों को माला पहनाकर स्वागत किया तो दूसरी तरफ भाजपा में शामिल महिलाओ को माला व भाजपा का पट्टा पहनाकर कर पार्टी में स्वागत किया. इस दौरान रागिनी सिंह ने कहा कि दूसरे संगठनों ने मजदूरों को छलने का काम किया है. जिसके कारण मजदूरों ने जनता श्रमिक संघ का दामन थामा है.

### बोकारो : स्टेट बेंच प्रेस गेम में तीन महिलाओं ने जीता गोल्ड

**बोकारो।** बोकारो के आर्मस्ट्रांग जिम के 3 खिलाड़ियों का नेशनल बेंच प्रेस कंपटीशन महिला के लिए चयन हुआ. मालूम हो कि गत 20 अगस्त को झारखंड पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन की ओर से स्टेट बेंच प्रेस गेम का आयोजन रांची के बरियातू रोड में किया गया था. इसमें बोकारो आर्मस्ट्रांग जिम सेक्टर- 5 के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर 3 गोल्ड जीतकर अपना लोहा पूरे राज्य में मनवाया. बेंच प्रेस के महिला वर्ग में नीलिमा मिंज 84 केजी बॉडी वेट, रेशु सिंह 65 केजी बॉडी वेट व सिम्मी आनंद 82 केजी अपने बॉडी वेट कैटेगरी में गोल्ड जीता है. तीनों खिलाड़ियों को 24 अगस्त को बोकारो विधायक विरंची नारायण और उनकी पत्नी नीना नारायण ने सम्मानित किया. विधायक ने कहा कि तीनों महिला खिलाड़ियों ने बोकारो का सम्मान बढ़ाया है. तीनों राष्ट्रीय स्तर में आयोजित प्रतियोगिता में भी सफलता अर्जीत करेंगी.

## झरिया विधायक ने किया सड़क की नवीनीकरण का शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने गुरुवार 24 अगस्त को डिगवाडीह डिनोबली मोड़ के पास सिंदरी तक 13 किलोमीटर की सड़क की नवीनीकरण का शिलान्यास किया. मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए पूर्णिमा सिंह ने बिना नाम लिये पूर्व विधायक पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा है कि पूरी झरिया को नगर निगम क्षेत्र बनाने से किसी भी काम के लिए फंड इकट्ठा करने में कठिनाई हो रही है. दूसरे मद से पैसा जुगाड़ कर सड़क निर्माण किया जा रहा है. कहा कि झरिया पूरी तरह नगर निगम हो गया इसके लिए पूरी तरह से पूर्व के विधायक की नाकामी रही है. उन्होंने कहा कि झरिया के बारे मे झूठ फैलाया गया कि भू-धसान क्षेत्र में विकास नही होगा. कहा कि झरिया को कभी भी उजड़ने नही दिया जाएगा. विधायक ने कहा कि पहले आउटसोर्सिंग कंपनी से रंगदारी ली जाती थी. मजदूरों को पूरा हक मिले. इसके लिए रंगदारी पर रोक लगाई गई है. पूर्णिमा सिंह ने कहा कि अब झरिया में झूठ का नही बल्कि सच का राज चलेगा. जनता की मूलभूत समस्या पानी, बिजली, सड़क का समाधान किया जाएगा. पूर्व के लोगों ने तो पानी में भी खेल कर खूब कमाई की थी. शिलान्यास समारोह में शामिल सिंदरी विधायक की पत्नी तारा देवी ने सिंदरी की समस्या को दूर करने का आश्वासन दिया. उनके समर्थकों ने पोस्टर में सिंदरी के विधायक की फोटो नही लगाये जाने पर नाराजगी जाहिर की. कार्यक्रम को मुख्तार खान, केडी पांडेय, भगवान दास, उमाशंकर साही, मृणाल कांत सिंह, बिकास सिंह, महिपाल सिंह, मनन यादव ने संबोधित किया.

## चंद्रयान 3 की सफलता में शहर के युवा वैज्ञानिक आशीष का भी योगदान



**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** चंद्रयान 3 की सफलता का जश्न पूरा देश मना रहा है. इसकी सफलता में जमशेदपुर के युवा वैज्ञानिक आशीष कुमार शर्मा का भी योगदान है. आशीष चंद्रयान 3 के मिशन में ट्रैकिंग टीम में शामिल थे. चंद्रयान 3 की लांचिंग से लेकर लैंडिंग तक आशीष ने नजर बनाए रखी. आशीष के इस योगदान ने जमशेदपुर का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है. जमशेदपुर के परसुडीह के शिव मंदिर लाइन से निकलकर इसरो तक का सफर आशीष के लिए काफी कठिन रहा है. आशीष के पिता कन्हैया शर्मा न्यूवोको कंपनी में कार्यरत हैं, जबकि उसकी मां प्रतिमा शर्मा एक गृहिणी हैं. आशीष दो भाइयों में सबसे बड़ा है. छोटा भाई अमित कुमार शर्मा पढ़ाई करता है. नवंबर माह में ही आशीष की शादी किरीबुरू में हुई है. आशीष के पिता कन्हैया ने बताया कि आशीष बचपन से ही पढ़ने में काफी तेज था. शुरूआत से ही उसका रुझान मशीनों में रहा है. आशीष की प्रारंभिक शिक्षा बमार्माइंस के सिस्टर निवेदिता स्कूल से पूरी हुई और फिर पोखारी के नेताजी पब्लिक स्कूल से 12वीं तक की पढ़ाई पूरी की. इसके बाद एनआईटी जमशेदपुर से साल 2015 में बीटेक की डिग्री हासिल की.

### सूर्य मंदिर निर्माण को लेकर भूमि पूजन

**बोकारो।** करगली गेट के निकट 24 अगस्त को सूर्य मंदिर निर्माण को लेकर भूमि पूजन किया गया. भूमि पूजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए. बहुत जल्द कमेटी गठित कर भव्य सूर्य मंदिर का निर्माण शुरू किया जाएगा. भूमि पूजन में पुजारी राजकुमार पाठक थे, जबकि यजमान की भूमिका में ब्रजकिशोर सिंह और मीना सिंह शामिल हुई. ब्रजकिशोर सिंह ने कहा कि बहुत दिन से श्रद्धालुओं की इच्छा थी यहां सूर्य की उपासना के लिए एक मंदिर का निर्माण हो. आज श्रद्धालुओं की मनोकामना का पहला कदम पूरा हुआ है. कार्यक्रम में डॉक्टर शशिकांत सिंह, रश्मि सिंह, कृष्णा वर्णवाल, चिकू सिंह, रविकांत सिंह, रोशन सिंह, राजू सिंह, नागेश्वर भारती, राजू वर्मा, पुनीत महतो, मुनी वर्मा, डाली सिंह आदि उपस्थित हुए.

**होगी सुविधा** एसएसपी ने रखी नए जिला पुलिस मुख्यालय भवन की आधारशिला

# पर्यावरण के अनुकूल रहेगा भवन



**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** एसएसपी प्रभात कुमार ने गुरुवार की जिला पुलिस मुख्यालय के नए भवन की आधारशिला रखी. एसएसपी प्रभात कुमार ने भूमि पूजन भी किया. नए भवन के निर्माण में कुल 9 करोड़ 19 लाख 60 हजार रुपये खर्च होंगे. इसका निर्माण वर्तमान पुलिस मुख्यालय परिसर में ही किया जा रहा है. इस भवन में अत्याधुनिक सुविधाएं मौजूद रहेंगी. यह भवन जी प्लस थ्री रहेगा, जिसे 10 हजार स्क्वायर फीट में बनाया जाना है. एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया कि यह भवन पर्यावरण को ध्यान में रखकर बनाया जाएगा. इसका निर्माण इस तरह से किया जा रहा है कि दिन में लाइट जलाने की आवश्यकता नहीं होगी. सूर्य की रौशनी से ही भवन में रौशनी रहेगी. वहीं बिजली के लिए सोलर पावर का इस्तेमाल किया जाएगा. पूरा भवन एयरकंडीशन रहेगा और भवन में वाईफाई की भी सुविधा होगी. उन्होंने बताया कि नए भवन के भविष्य का भी ध्यान रखा गया है. इस भवन में आगंतुकों के लिए वेटिंग हॉल, 200 लोगों के लिए एक कांफ्रेंस हॉल, एक वीसी रूम, एक वार रूम, एक पैंट्री और एक कैंटीन के अलावा कर्मचारियों और आगंतुकों के लिए पार्किंग की भी व्यवस्था रहेगी. जी प्लस थ्री इस भवन में लिफ्ट की भी सुविधा रहेगी. एसएसपी ने बताया कि हर तल्ले में आगंतुक कक्ष होगा. वहीं, ग्राउंड फ्लोर पर शिकायत कक्ष और सामान्य शाखा रहेगी. पहले तल्ले में सभी डीएसपी का कार्यालय होगा और उनके साथ गोपनीय शाखा रहेगी. दूसरे तल्ले पर एसएसपी, एसपी सिटी, एसपी ग्रामीण और अन्य आईपीएस का कार्यालय और गोपनीय शाखा होंगे. तीसरे तल्ले पर रिकॉर्ड रूम रहेगा, जहां सभी रिकॉर्ड को सुरक्षित रखा जाएगा. इस भवन के बन जाने के बाद लोगों को कार्यालय आने में सुविधा होगी.

### 3 गैराज का ताला तोड़कर कीमती पार्ट्स व सामान की चोरी

**बोकारो।** बोकारो शहर के नया मोड पेट्रोल पंप के पास 23 अगस्त बुधवार की रात चोरों ने तीन बंद गैराज का ताला तोड़कर कीमती सामान व पार्ट्स की चोरी कर ली. चोर सबसे पहले जायलाल शाह के गैराज का ताला तोड़ कर अंदर घुसे और कई सामान समेट लिया. इसके बाद मुक्तेश्वर शर्मा व मो. शमीमुद्दीन के गैराज से कीमती पार्ट्स व लोहे के सामान लेकर निकल गए. इस दौरान गैराज में खड़े ट्रक के चालक लालू यादव को देख चोरों ने उसे तलवार सटाकर शोर नहीं मचाने की धमकी दी और आराम से चलते बने. उक्त ट्रक चालक ने बताया कि 7 की संख्या में चोर रात करीब एक बजे गैराज के पास पहुचे थे. सभी हथियार से लैस थे. गैराज का ताला तोड़ने की आवाज सुनकर वह जग गया. इतने में एक युवक तलवार लेकर पहुंचा और उसकी छाती में सटाते हुए शोर नहीं मचाने की धमकी दी. घटना को अंजाम देने के बाद सभी को-ऑपरेटिव कॉलोनी के रास्ते भाग निकले.

## रामगढ़ डीसी ने की बैठक, समिति गठित करने दिया निर्देश

# आयुष्मान स्वास्थ्य सुविधाएं होंगी और भी बेहतर : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने को लेकर गुरुवार को डीसी चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक की गई. बैठक के दौरान सिविल सर्जन डॉ. महालक्ष्मी प्रसाद ने डीएमएफटी के न्यास परिषद के अनुमोदन के बाद जिला अंतर्गत सदर अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में डीएमएफटी के तहत चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति को लेकर तैयार किए गए प्रस्ताव की जानकारी दी. तैयार प्रस्ताव के अनुसार डीएमएफटी के तहत जिले में 1 रेडियोलॉजिस्ट, 2 एनेस्थेटिक, 1 पैथोलॉजिस्ट, 3 मेडिकल ऑफिसर, 2 फार्मासिस्ट, 15 स्टाफ नर्स, 11 लैब टेक्नीशियन, 20 एएनएम, 3 एसटीएस, 1 काउंसलर, 1 ईसीजी टेक्नीशियन, 2 रेडियोग्राफर (एक्स-रे टेक्निशियन), 3 ओटी असिस्टेंट, 8 ड्रेसर, 2 कंप्यूटर ऑपरेटर, 6 वार्ड बॉय एवं 7 स्वीपरों की नियुक्ति की जाएगी. सिविल सर्जन द्वारा इस संबंध में डीसी को जानकारी दी गई कि उपरोक्त पदों पर नियुक्ति के लिए एनएचएम से रोस्टर क्लियर कराने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है. बैठक के दौरान डीसी ने विभिन्न पदों पर चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति प्रक्रिया को योजनाबद्ध तरीके से ससमय पूर्ण करने का निर्देश देते हुए विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति के लिए राज्य स्तरीय चिकित्सा संस्थानों से समन्वय कर टीम गठित करने एवं उनके माध्यम से ही विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्देश दिया. मरीजों को मिल रही आयुष्मान स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा के क्रम में डीसी ने सिविल सर्जन से वर्तमान में जिले में कार्यरत आयुष्मान मित्रों की जानकारी ली. आयुष्मान सुविधाओं को और भी बेहतर करने के उद्देश्य से डीसी ने निर्देश दिया कि आयुष्मान मित्रों से केवल आयुष्मान संबंधित कार्य ही लिए जाएं. साथ ही चिकित्सकों को प्रेरित कर ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को आयुष्मान का लाभ दिया जाए. मौके पर डीसी ने सिविल सर्जन, उपाधीक्षक सदर अस्पताल, रामगढ़ एवं डीपीएम एनएचएम को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करते हुए सितंबर के पहले सप्ताह तक सदर अस्पताल सहित जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयुष्मान मित्रों की रिक्तियों का आकलन करने तथा जिले में व्यवस्थित तरीके से मरीजों को आयुष्मान का लाभ देने के लिए प्रस्ताव तैयार कर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया. इसके साथ ही डीसी ने जिला मलेरिया पदाधिकारी से वर्तमान में बरसात के मौसम के मद्देनजर मलेरिया व डेंगू संबंधित बीमारियों से बचाव के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए लोगों को इन बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक करने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए.

## डीएवी बरकाकाना में बालकों के लिए पहली बार मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** डीएवी बरकाकाना में वरीय वर्ग के बालकों के लिए पहली बार मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें वर्ग नवम से बारहवीं तक के छात्रों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया. छात्रों का उत्साह देखते ही बन रहा था. ऐसा लगा कि बच्चे पारंपरिक सोंच को छोड़कर कला की भावना से प्रेरित होकर अपने सर्वांगीण विकास का कोई भी अवसर नहीं छोड़ते. इस प्रतियोगिता में 142 लड़कों ने भाग लिया और स्वयं के हाथ पर मेंहदी लगाई जो एक चुनौतीपूर्ण कार्य होता है. उनकी प्रस्तुति को देखकर ऐसा लगा कि किसी पेशेवर व्यक्ति ने अपने कार्य को संपादित किया है. वर्ग दशम के रौनक को पहला, आयुष गौरव को द्वितीय, वर्ग दशम के ही आदित्य मोदी एवं वर्ग बारहवीं के हर्ष कुमार को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त हुआ. इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या सह क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. उर्मिला सिंह ने कहा कि हमारा विद्यालय सह शिक्षा वाला विद्यालय है. ऐसे में हमारा उद्देश्य है कि बालक एवं बालिकाओं का समन्वित विकास हो. इसी को देखते हुए हमने लड़कों की मेंहदी प्रतियोगिता आयोजित करवाई, जिसमें बच्चों का उत्साह देखते बना.

## बीएड प्रशिक्षुओं ने गांव के कुओं में डाला ब्लीचिंग पाउडर



**रामगढ़।** चितरपुर प्रखंड के सुकरीगढ़ा स्थित डॉ. एस. राधाकृष्णन बीएड कॉलेज के स्टूडेंट्स ने एनएसएस के बैनर तले गुरुवार को बोरोबिंग गांव का भ्रमण किया. बीएड प्रशिक्षुओं ने गांव के कुओं में ब्लीचिंग पाउडर डाला और गांव के लोगों को ब्लीचिंग पाउडर की जानकारी एवं उपयोगिता के बारे में बताया. कॉलेज के एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी सह सहायक प्राध्यापक डॉ. अशोक राम के निर्देशन में यह कार्यक्रम संपन्न किया गया. उपस्थित शिक्षकों में कॉलेज की प्रभारी प्राचार्य रंजू वंदना होरो, बीएड के सहायक प्राध्यापक नयन कुमार मिश्रा, संजू रंजना होरो, मो. परवेज अख्तर तथा डीएलएड की प्रभारी विभागाध्यक्ष सुप्रिया बर्मन एवं व्याख्याता मुरारी कुमार दुबे, बाबूचंद प्रसाद तथा बीएड एवं डीएलएड के सभी प्रशिक्षु उपस्थित रहे.

## आउटसोर्सिंग पैच का उद्घाटन



**रामगढ़।** सीसीएल के बरका सयाल एरिया के सयाल डी में ओपन कास्ट आउट सोर्सिंग के द्वारा कोयला खनन किया जायेगा. जिसका गुरुवार को भूमि पूजन कर और नारियल फोड़कर उद्घाटन किया गया. साथ ही स्थानीय मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद प्रसाद का वितरण किया गया. मौके पर एसीसी के मेम्बर समेत यूनियन के जनप्रतिनिधि और खतियानी रैयत, रैयत के लोग शामिल हुए. मौके पर बरका सयाल परियोजना के महाप्रबंधक अजय सिंह ने कहा कि आज का दिन बरका सयाल के लिए ऐतिहासिक दिन है. सयाल परियोजना के अंतर्गत आउटसोर्सिंग कंपनी खोले जाने पर यहां के स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा और लोकल शेल के जरिए कई लोग रोजगार से जुड़ जायेंगे.

### चंद्रयान-3 : भारत ने रचा इतिहास

## इसरो के वैज्ञानिकों को रेनबो विद्यालय ने किया अभिनंदन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** विक्रम लैंडर चंद्रयान 3 की सॉफ्ट लैंडिंग ने भारत को दुनिया का चौथा और चांद के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला पहला सफल देश बनाया है. इसके लिए इसरो सहित देश के नेतृत्वकर्ता बधाई के पात्र है. इस ऐतिहासिक घड़ी की जितनी भी तारीफ की जाए कम ही होगा. पूरे दुनिया को हमने अपनी क्षमता से परिचय कराया है. हमें कोई कम आंकने की गलती नही करे. उक्त बाते गड़लाही स्थित रेनबो स्कूल के निदेशक सिकंदर कुमार कुशवाहा ने विद्यालय ने आयोजित विशेष अभिनंदन सभा में कही. विदित हो कि बुधवार की संध्या 5.47 में चंद्रयान 3 ने चन्द्रतल पर तिरंगा लहराकर इतिहास रच दिया. इसी खुशी में पूरा देश सराबोर है. गुरुवार को रेनबो विद्यालय में भी निदेशक की उपस्थिति में सभी शिक्षको व विद्यार्थियो ने तिरंगा लहराकर भारत माता का जयघोष किया. साथ ही ड्रम प्ले कर इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई दी. इस अवसर पर प्राचार्य पंचम पांडेय सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिका गौरी शंकर, प्रवीण कुमार, राजेश यादव, संकेश कुमार, नरेश कुमार, रंजीत यादव, उषा कुमारी, रिंकी कुमारी, कुमारी स्वेता, सरिता कुमारी, प्रीति कुमारी, खुशबू कुमारी, रौशनी कुमारी, अंशु कुमारी, अंजुम प्रवीण, संजय कुमार आदि उपस्थित थे.

## 24 घंटे के अंदर तीन शव बरामद,जांच में जुटी पुलिस

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिला में 24 घंटे के अंदर तीन शव बरामद किए गए हैं. इनमें किशोर-किशोरी के शव अलग-अलग प्रखंडों में गुरुवार की सुबह बरामद किए गए हैं. किशोरी का शव इचाक, तो किशोर का शव पदमा नदी में तैरता हुआ पाया गया. पुलिस अंदाजा लगा रही है कि किशोर-किशोरी नेशनल पार्क स्थित चमेली झरना खदान में डूबने के बाद बहते हुए नदी में आए हैं. दोनों की पहचान नहीं हो पायी है. उनकी उम्र 14-15 साल के आसपास है. वहीं बुधवार की रात कोर्रा थाना क्षेत्र के कनहरी जंगल में पेड़ से लटका एक युवक का शव बरामद किया गया. आसपास के लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी. मृत युवक की पहचान लोहसिंगना थाना क्षेत्र के कोलघाटी निवासी जीतू पासवान के रूप में हुई.

## गायत्री परिवार ने किया प्रखंड स्तरीय गोष्ठी एवं नारी सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड के दिव्य कल्याण आश्रम परिसर में गायत्री परिवार के सौजन्य से बुधवार को प्रखंड स्तरीय गोष्ठी एवं नारी सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गायत्री परिवार के दर्जनों सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत वेद माता गायत्री व माता भगवती देवी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। कार्यक्रम में शांतिकुंज हरिद्वार गायत्री परिवार के झारखंड प्रभारी त्रिलोचन साहू,गायक सह वादक प्रशांत कुमार और जिला उपोजन प्रभारी रघुनंदन साहू उपस्थित थे। वहीं लोगों को संबोधित करते हुए झारखंड प्रभारी त्रिलोचन साहू ने कहा कि मानव में देवत्व का विकास वर्तमान परिस्थितियों की मांग है। आज परिस्थिति बस धर्म और अध्यात्म की परिभाषा बदल गई है। मनुष्य का भावनात्मक नवनिर्माण करना उसमें संवेदना, मानवता तथा इंसानियत पैदा करना ही सच्चा अध्यात्म है। कहा कि मात्र गायत्री मंत्र के जाप से ही आदमी की सोई हुई और खोई हुई प्रतिष्ठा प्राप्त हो जाती है। कार्यक्रम में प्रखंड समन्वयक शिव शंकर मोदी, जिप सदस्य कुमकुम देवी, उप प्रमुख सुरजी देवी, गोपेश्वर प्रसाद, छोटेलाल प्रसाद, रीतलाल प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, सिद्धार्थ योगी, रामचंद्र साव, सरस्वती देवी,मालती विश्वकर्मा, संतोषी देवी समेत अन्य गायत्री परिवार के लोग शामिल थे।

## बरही में विहिप गौरक्षा विभाग की बैठक, गौ रक्षण और संवर्धन पर जोर



**बरही ।** गौरक्षा और संवर्धन को लेकर गया रोड स्थित अकाश होटल में विहिप गौरक्षा विभाग की महत्वपूर्ण बैठक हुई. जिसमे बतौर मुख्यातिथि विहीप के केंद्रीय गौरक्षा प्रमुख उमेश पोरवाल और विशिष्ट अतिथि झारखंड प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह शामिल हुए. बैठक का शुभारंभ मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के चित्र पर पुष्पार्चन और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ. उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि ने कहा कि गौरक्षण और संवर्धन से कृषि आधारित उद्योग का विकास होगा. देश के किसान समृद्ध होंगे और देश में खुशहाली होगी. उन्होंने गोमूत्र और गोबर से बने पंचगव्य औषधि की महता बताया. कहा की गौवंश जन्म से मृत्यु तक गोपालकों को लाभ ही लाभ देती है. उन्होंने गौवंश की महिमा को जन जन तक पहुंचाने, उसे रक्षित और संवर्धित करने पर जोर दिया. अंत में उपस्थित सभी कार्यकताओं को ग्राम स्तर पर गौ वंश के विकास हेतु जागरण कार्यक्रम चलाने की बात कही. बैठक में आरएसएस क्षेत्रीय सह सेवा प्रमुख त्रिवेणी साहू, जिला मंत्री अरविंद मेहता, जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, जिला प्रचार- प्रसार प्रमुख मिथिलेश श्रीवास्तव, जिला गौ रक्षा प्रमुख इंद्रदेव गुप्ता, आरएसएस कोडरमा जिला गौ सेवा प्रमुख गोविंद चंद्रवंशी, प्रखंड अध्यक्ष नंद किशोर कुमार, प्रखंड उपाध्यक्ष निरंजन केशरी, प्रखंड सह मंत्री प्रदीप चंद्रवंशी, प्रखंड गौ रक्षा प्रमुख दिनेश सिंह, प्रखंड समरसता प्रमुख चन्दन केशरी, खण्ड कार्यवाह प्रभु राणा, श्रवण कुमार, अर्जुन प्रसाद, कैलाश साव, जानकी रजक,उमेश कुमार, चन्दन सिंह, विकाश कुमार, सन्तोष साव, रवि शंकर साहू, संतोष यादव, युगल चंद्रवंशी सहित कई लोग उपस्थित थे.

## फरार वारंटी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के गंगपांचो में पुलिस ने फरार चल रहे एक वारंटी के घर इश्तेहार चिपकाया। बताया गया कि फुलवा देवी गंगपांचो निवासी भादवि की धारा 392,201,120 बी,34 के तहत प्राथमिकी अभियुक्त है। इस अभियुक्त के विरुद्ध गवाहों के समक्ष उनके घर में इश्तेहार चिपकाते हुए तामिला कराया गया।

## बाबूलाल की सभा को लेकर भाजपाईयों की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** भारतीय जनता पार्टी कोडरमा ग्रामीण मंडल की बैठक लोकाई पंचायत के सभागार में हुई. बैठक की अध्यक्षता मंडल, अध्यक्ष दिनेश सिंह ने और संचालन महामंत्री बासदेव यादव ने किया. बैठक में मुख्य रूप से कार्यक्रम के सभा प्रभारी सह जिला महामंत्री अनूप जोशी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह कार्यकर्म के विधानसभा प्रभारी रमेश सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रवि मोदी ,रामचंद्र सिंह, शिवेंद्र नारायण सिन्हा, रमेश हर्षधर, जिला मीडिया प्रभारी चंद्रशेखर जोशी ,सुधीर यादव उपस्थित हुए. बैठक में निर्णय लिया गया कि 4 सितंबर को प्रथम मुख्यमंत्री प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का आगमन डोमचांच के चंद्रावती स्कूल के बगल के मैदान में होगा.अनूप जोशी ने कहा कि बाबूलाल मरांडी प्रदेश के नेता के साथ-साथ यहां से लगातार दो बार सांसद रहे हैं. यह उनका गृह क्षेत्र है, इसलिए आप सभी से आग्रह है कि विशाल जनसभा में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता पहुंचे और उन्होंने कहा कि कोडरमा मंडल के सभी पंचायत संयोजक एवं सह संयोजक को बुथ अध्यक्ष के साथ बैठक कर प्रत्येक बुथ से 20 कार्यकर्त्ता लाने का प्रयास करें. कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष को 1500 कार्यकताओं लाने का लक्ष्य दिया गया है. बैठक में मिथिलेश सिंह ,उमेश यादव, अमर कुमार, महेश यादव, संतोष राणा ,बाबूलाल यादव, अशोक साव,वीरेंद्र यादव, टेकलाल मंडल, श्याम लाल यादव ,विनोद मंडल, गोपाल यादव ,विनोद साव,रोहित कुमार यादव, संतोष साव, दिनेश विश्वकर्मा ,विजय यादव, अशोक यादव ,गोविंद साव,रंजीत गुप्ता समेत कई कार्यकर्ता शामिल हुए.

## एसटी युवा क्लब ने किया फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन, चामूदोहर की टीम बना विजेता



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के गोरहर पंचायत अंतर्गत ग्राम कसियाटांड में एसटी युवा क्लब द्वारा फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि शिलाडीह के पंसस प्रतिनिधि समीम अंसारी उपस्थित हुए तथा मैच का उद्घाटन उन्होंने फीता काटकर विधिवत किया। उद्घाटन मैच युवा क्लब काली चट्टान धरगुल्ली बनाम एसटी युवा क्लब चामूदोहर के बीच खेला गया जिसमें चामूदोर की टीम एक जीरो से विजय हुई। इस टूर्नामेंट के आयोजन कर्ता में एसटी युवा क्लब के अध्यक्ष गणेश मुर्मू, उपाध्यक्ष हरिलाल मरांडी, सचिव दुलारचंद मरांडी, कोषाध्यक्ष रामदेव मुर्मू, कमेटी की सद्स्य मनी, विजय, अशोक, शामू, पिंटू, राजेन्द्र , जितेन्द्र, दिनेश आदि का सहयोग रहा ।

## गंगपाचों शाखा अदालत में कई एनपीए खाताधारकों ने किया समझौता



बरकट्ठा। गंगपाचों पंचायत भवन में बैंक ऑफ इंडिया बरकट्ठा शाखा के द्वारा आयोजित शाखा अदालत में कई एनपीए खाताधारकों ने समझोता किया। ऋण वसूली शिविर में एनपीए ऋण धारियों ने अपना ऋण समझोता के तहत खाता बंद करवा कर लाभ उठाया। मौके पर बीओआई के एरिया मैनेजर बिमल कांत झा ,अधिकारी आनंद कुमार और बैंक ऑफ इंडिया बरकत क्रेडिट मैनेजर कन्हाई कुमार उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि इस कैंप में कुल एक मुस्त देय राशि 25 लाख चालीस हजार, अग्रिम राशि 4 लाख पचास हजार एवं समझौता राशि 7 लाख बीस हजार प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में राजेश रजक (लालू) के साथ बीसी बचनदेव कुमार, मोती कुमार, रेखा देवी, बेबी देवी ,जुगल राम, संदीप ,अशोक, दलेश्वर, विजय, शंकर यादव, प्रभात, अनिल कुमार, समेत अन्य ग्रामीणों ने सहयोग किया।

**मिलेगी नौकरी** — बड़कागांव में 2024 से अदाणी फाउंडेशन का शुरू हो जाएगा कोल उत्खनन कार्य

# पांच गांव होंगे अधिग्रहित, 2000 लोग होंगे प्रभावित



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग के बड़कागांव में अदानी फाउंडेशन 2024 से कोल उत्खनन का काम शुरू कर सकता है. इसके लिए भूमि अधिग्रहण का काम भी शुरू हो चुका है. प्रारंभिक दौर में पांच गांव विस्थापित होंगे. इनमें गोंदलपुरा, गाली, बालोदर, आहे और कुलान शामिल है. इसमें 510 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की जाएगी. 220 हेक्टेयर फॉरेस्ट लैंड और 270 हेक्टेयर रैयतों की जमीन है. इसके अलावा 70 हेक्टेयर जीएम लैंड भी शामिल है. फॉरेस्ट क्लीयरेंस को लेकर भी काम शुरू हो चुका है. कंपनी 2021 में हजारीबाग के बड़कागांव में आयी. ऐसा माना जा रहा है कि 90% काम जमीन अधिग्रहण को लेकर पूरा हो चुका है. 10% काम बाकी है, जो आने वाले समय में पूरा कर लिया जाएगा. कुल मिलाकर 781 एकल परिवार विस्थापित होंगे. अगर पूरा देखा जाए, तो 2000 परिवारों के विस्थापित होने के आसार हैं. कंपनी का कहना है कि इस कोल उत्खनन में लगभग 1500 लोगों को रोजगार से जोड़ा जाएगा. इसमें 500 लोगों पर कंपनी का पूर्ण रूप से नियंत्रण रहेगा. वहीं 1000 लोगों को अलग-अलग फोरम पर रोजगार दिया जाएगा. उन्होंने स्पष्ट किया कि अदानी फाउंडेशन स्थानीय लोगों को अधिक से अधिक रोजगार देने जा रहा है. वहीं टेक्निकल और खनन से जुड़े हुए काम में बाहर से भी कर्मी आएंगे जमीन अधिग्रहण को लेकर बड़कागांव में हमेशा विवाद रहा है. मुख्य कारण मुआवजा की राशि को लेकर रही है. इसे लेकर अदानी ने तीन तरह से विस्थापित लोगों को मुआवजा देने की तैयारी की है. जिसका घर लिया जाएगा, अगर वह एक से पांच डिसमिल के बीच का है, तो पांच डिसमिल का लाभ दिया जाएगा और जिनकी जमीन छह से 10 डिसमिल के बीच की है, उन्हें 10 डिसमिल जमीन का मुआवजा दिया जाएगा. जो व्यक्ति घर के बदले पैसे लेना चाहेगा, उसे 10 लाख रुपए और एक लाख रुपए ट्रांसपोर्टेशन के लिए दिया जाएगा. वहीं जो व्यक्ति अदानी की ओर से बनाये गये कॉलोनी में रहेगा, उसे निर्मित घर और एक लाख रुपए शिफ्टिंग के लिए दिया जाएगा. वैसे लोग जिनका घर गया है और वह कॉलोनी में रहना नहीं चाहते हैं, तो उन्हें जमीन के साथ सात लाख रुपए और एक लाख रुपए शिफ्टिंग के दिए जाएंगे. अदानी एक एकड़ जमीन के एवज में 24 लाख रुपए मुआवजा राशि देगी. अदानी के पदाधिकारी ने कहा कि 2013 के जो नियम हैं, उसका पालन कराया जाएगा. जो कॉलोनी बनाई जाएगी, वह सभी सुविधाओं से लैस रहेगी. प्रारंभिक दो साल तक रोड से कोयला ट्रांसपोर्टेशन कराया जाएगा. इसके बाद रेलवे मंत्रालय ने व्यवस्था की है कि जितनी भी कोल माइंस है, वहां रेलवे की सुविधा पहुंचाई जाएगी. ऐसे में आने वाले दिनों में रेलवे ट्रैक के जरिए कोयला का ट्रांसपोर्टेशन किया जाएगा. अफरोज

अदानी के झारखंड चीफ ऑफ कलस्टर अफरोज ने बताया गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदानी फाउंडेशन बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न गांव में शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए काम कर रहा है. सीएसआर के तहत दर्जनों स्वास्थ्य शिविर, 60 टीबी रोगियों को गोद लेना, निःशुल्क पौष्टिक भोजन उपलब्ध करना, हरली हाई स्कूल में छात्रों को विज्ञान विषय पढ़ाने के लिए दो शिक्षकों की नियुक्ति, निःशुल्क मॉनसून किट का वितरण समेत अन्य सुविधाएं दी जा रही है. मॉनसून के दौरान बड़कागांव के ग्रामीणों के बीच 50-50 किलोग्राम डीएपी खाद, 50-50 किलोग्राम यूरिया और दस-दस किलोग्राम धान के बीज दिए गए. अदानी इंटरप्राइजेज लिमिटेड के चीफ ऑफ कलस्टर अफरोज ने यह भी बताया कि ग्रामीणों के लिए जनकल्याण के कार्य किए जा रहे हैं. ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने के भी प्रयास किये जा रहे हैं.

# जलडेगा में सामूहिक दुष्कर्म के चार आरोपी गिरफ्तार

## प्रखंड परिसर के सरकारी मेडिकल क्वार्टर में दिया घटना को अंजाम



**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** थाना क्षेत्र में सामूहिक दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। घटना के संबंध में जलडेगा पुलिस ने बताया कि पीड़िता बानो थाना क्षेत्र के ग्राम डुमरिया निवासी हैं शनिवार को जलडेगा थाना क्षेत्र के टंगिया में अपने किसी रिश्तेदार के यहाँ मेहमान आई थी एवं सोमवार को बनजोगा में लगने वाले साप्ताहिक बाजार घुमने गई थी। वापस लौटने के क्रम में आरोपी सूरज नायक ने युवती को अपने ऑटो में बैठा लिया एवं उसे बहला फुसलाकर अपने साथ पतिअम्बा बस्तीटोली ले गया जहां आरोपी सुरज नायक ने अपने एक अन्य साथी विक्की नायक के साथ मिलकर गांव में एक खाली पड़े मकान मे युवती के साथ रात भर दुष्कर्म किया। अगले सुबह सूरज और विक्की ने जलडेगा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बतौर ड्रेसर के रुप में कार्यरत नीलकमल सिंह को लड़की के संबंध में जानकारी दिया एवं लड़की को आवंटित मेडिकल आवास में रखा। लड़की को क्वार्टर में रखने के बाद तीनों दोस्तों ने सुमित लुगुन नामक अपने एक और साथी को इसकी जानकारी दी। जहां मंगलवार एवं बुधवार तक चारों आरोपियों ने बारी बारी से युवती के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। दुष्कर्म के बाद आरोपियों ने युवती को गुरुवार सुबह विलियम चौक के निकट छोड़कर भाग गए। लड़की वापस जलडेगा थाना गेट के पास एक होटल में बैठी थी इसी बीच आरोपी सुमित लुगुन अपने साथी का बाइक लेकर होटल से कुछ खरीदने आया था जहां पर युवती ने आरोपी सुमित लुगुन को देखकर चिल्लाने लगी और कहने लगी ये लोग मेरे साथ दुष्कर्म किया है। इतना सुनते ही सुमित लुगुन बाइक को छोड़कर भाग गया। पीड़िता ने अपने हथेली में बाइक का नंबर लिख रखी थी, लड़की की बात सुनकर आस पास भीड़ जमा हो गई। जिसके बाद स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मिलकर लड़की को अपने साथ थाना ले गए और पुलिस को सुपुर्द कर दिया। जिसके बाद लड़की ने एसआई बीरेंद्र शर्मा और धीरज उरांव के सामने अपना बयान दर्ज कराई। बयान लिखने के बाद पुलिस लड़की को अपने साथ लेकर घटनास्थल गई और लड़की की निशानदेही पर अलग अलग जगहों पर छापेमारी कर पुलिस ने सभी चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की तैयारी कर रही है। पुलिस ने आरोपियों की पहचान नीलकमल सिंह 24 वर्ष पिता लालधर सिंह ग्राम लम्बोई तिलईजारा, विक्की नायक 24 वर्ष पिता छोटका नायक, सुरज नायक 23 वर्ष, पिता छोटेश्वर नायक ग्राम पतिअम्बा, और सुमित लुगून 25 वर्ष पिता जोसेफ लुगून जलडेगा जामटोली के रूप में की है। घटना की जानकारी होने के बाद से जलडेगा के लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। प्रखंड सह अंचल कार्यालय और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सिक्योरिटी गार्ड की तैनाती के बाबजूद भी प्रखंड परिसर के सरकारी क्वार्टर में कोई भी अनजान लड़का लकड़ी बिना रोक टोक के आता जाता है.. लगातार दो दिन लड़की को सरकारी क्वार्टर में रखने के बाबजूद भी किसी को खबर तक नहीं होना ये आश्चर्य की बात है। प्रखंड परिसर में रहने वाले कर्मियों की सुरक्षा के लिए लाखों रुपए खर्च कर बड़ा गेट भी लगाया गया है लेकिन आज भी यह गेट कभी रात को बंद नहीं होता। ये भी एक कारण है कि आधी रात को कोई भी आसानी से किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकता है।

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना से संबंधित उपायुक्त सिमडेगा ने की बैठक, कहा

# योग्य लाभुकों को पेंशन योजना से जोड़ें अधिकारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इसमें सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा दिए जा रहे पेंशन योजना का लाभ यथा वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, एड्स पीड़ित, स्वामी विवेकानंद पेंशन, मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन, राष्ट्रीय पारिवारिक हित लाभ योजना व अन्य सामाजिक सुरक्षा जैसी पेंशन योजना की समीक्षा की गई। सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी ने उपायुक्त को बताया कि जिले में केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा 77505 लाभुकों विभिन्न पेंशन योजना में आच्छादित किया गया है। और सभी 77505 लाभुकों को माह अगस्त 2023 तक का पेंशन भुगतान कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि बीपीएल कार्डधारियों को केंद्र सरकार पेंशन देती है एवं जो बीपीएल कार्डधारी नहीं है, उसे राज्य सरकार द्वारा संचालित पेंशन योजना से आच्छादित करते हुए पेंशन योजना लाभ दिया जाता है। उपायुक्त ने पेंशन का लाभ लेने हेतु योग्यता रखने वाले लाभुकों को पेंशन योजना से जोड़ने हेतु जागरूकता अभियान चलते हुए कैंप का आयोजन करने की दिशा में आवश्यक महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उपायुक्त ने जिस पेंशन धारी का डीबीटी के माध्यम से भुगतान से संबंधित आ रही समस्याओं को निष्पादन करने हेतु ई-केवाईसी करने का निर्देश दिया। तथा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को डीबीटी के माध्यम से भुगतान करने में आ रही समस्याओं का निराकरण हेतु पत्राचार करने की बात कहीं। साथ ही उपायुक्त ने जिले में आदिम जनजाति को दिए जाने वाले पेंशन योजना की समीक्षा करते हुए जितने भी आदिम जनजाति प्रखंड में निवास करती हैं, और जो पेंशन का लाभ पाने का योग्यता है, उसे लाभ से जोड़ने का कार्य करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए।

# सिमडेगा: डीएसओ और बीडीओ को दी गई विदाई




**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा परिषदन भवन में कार्यक्रम आयोजित करते हुए जिला आपूर्ति पदाधिकारी पूनम कच्छप एवं सदर बीडीओ अजय कुमार रजक के तबादला होने के बाद जिला प्रशासन द्वारा परिसदन भवन में विदाई समारोह का आयोजन किया कार्यक्रम का संचालन अंचलाधिकारी प्रताप मिंज के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में बीडीओ बोलबा, सीओ जलडेगा, प्रेस मीडिया से रिंकू कुमार, समाज कल्याण पदाधिकारी राजेंद्र प्रसाद सिंह एवं अपर समाहर्ता अमरेंद्र कुमार सिन्हा के द्वारा उदगार व्यक्त किया गया। इस विदाई के शुभ बेला में पुष्प गुच्छ देकर उनके बेहतर एवं उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी के सह परिवार भी उपस्थित हुए।मौके पर परिवहन पदाधिकारी ओम प्रकाश यादव, एसडीपीओ डेविड ए डोडराय, जिला जन-संपर्क पदाधिकारी, पंकज कुमार भगत सहित सभी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी उपस्थित हुए।

# उपायुक्त ने की विकास योजनाओं की समीक्षा



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में नगर परिषद झुमरी तिलैया, नगर पंचायत कोडरमा/ डोमचांच में संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर समाहरणालय सभागार में समीक्षात्मक बैठक हुई. उपायुक्त ने नगर परिषद झुमरी तिलैया, नगर पंचायत कोडरमा/ डोमचांच में संचालित योजनाओं की जानकारी ली. साथ ही बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, स्वच्छ भारत मिशन के तहत साफ सफाई, पीएम स्वनिधि योजना समेत कई योजनाओं की समीक्षा की. इस दौरान नगर परिषद झुमरी तिलैया, नगर पंचायत कोडरमा/ डोमचांच के कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि शहर की साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाये. उन्होंने यह भी कहा कि अपनी टीम के माध्यम से नियमित रूप से सभी चौक चौराहों, वार्डों की साफ सफाई कराएं. प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत अधूरे आवास को यथाशीघ्र पूर्ण करने के लिए प्रेरित करें.

### जैन धर्मावलंबियों ने मनाया 23वें तीर्थंकर देवाधिदेव भगवान पार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याणक

**कोडरमा।** जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ भगवान का निर्वाण (मोक्ष) दिवस अत्यन्त सादगीपूर्ण एवं भक्ति भाव के साथ मनाया गया.इस अवसर पर झुमरीतिलैया के नया मंदिरो में प्रातः काल में कलाशाभिषेक के साथ एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई. जिसमें सौधर्म इंद्र की भूमिका सौरभ-करिश्मा छाबडा को राजा की तरह सागर का जल अपने माथे पर लेकर चल रहे थे. साथ ही 25 परिवारों के लोग निर्वाण लड्डू लेकर शोभा यात्रा में शामिल हुए. शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए बड़ा जैन मंदिर पहुंचा. जहां पर विश्व शांति के लिए सुरेश-नरेंद झांझरी,ओर सुरेन्द-सरिता काला के परिवार को शांति धारा का सौभाग्य मिला. उसके बाद देश के 25तीर्थो के पारसनाथ की प्रतिमा की रचना पर पच्चीस 25 निर्वाण लड्डू सभी टोंको की रचना पर श्रद्धा पूर्वक निर्वाण अर्घ समर्पित कर भावपूर्वक पूजा-अर्चना के साथ कोडरमा के मूलनायक प्रतिमा के चरणों मे जैन भाग चंद-विनीत कुमार पाटनी कोलकाता के परिवार को 123 किलो की निर्वाण लड्डू प्रभु चरणों मे समर्पित किया गया. इसके बाद पूजन विधान सुबोध-आशा गंगवाल ने कराया.

# भारत जोड़ो की बात, आम जनों का साथ कार्यक्रम आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** सिमडेगा कांग्रेस द्वारा भारत जोड़ो की बात आम जनों के साथ कार्यक्रम का आयोजन शाहपुर पंचायत केचयाटोली, शाहपुर, बम्बोटोली, देवाटोली, किसान टोली, लसिया में किया गया। मौके पर जिला विधायक प्रतिनिधि शमी आलम औरअल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष रावेल लकड़ा ने संबोधन में कहा कि राहुल गांधी का यह संदेश जन-जन तक पहुंचे इसी उद्देश्य से हमलोग यहां जुटें है।उन्होंने कहा की कांग्रेस पार्टी सभी धर्मों को लेकर चलती हैं,अगर हमलोग एक दुसरे के सहयोग से कोई भी काम करें तो हमें कहीं भी कोई भी दिक्कत नहीं होगी। वहीं भाजपा हमें एक-दूसरे से लड़ाकर राजनीति करती है उससे हमें बचना होगा। हमारे नेता राहुल गांधी ने कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक भारत जोड़ो यात्रा कर देश के समस्त लोगों को एकजुट करने का प्रयास किया और उसमें वह सफल भी हुए। भारत जोड़ो यात्रा के दरमियान पूरे भारतवर्ष से कांग्रेस पार्टी को भरपूर समर्थन मिला। जगह-जगह कैंप किए गए हमारे नेता राहुल गांधी ने पूरे भारत की पैदल यात्रा की। विपक्षी पार्टी बीजेपी के द्वारा हमारे नेता जी को कई बार विभिन्न तरीके से परेशान करने का प्रयास किया गया,पर अंत में सच्चाई की जीत होती है। राहुल गांधी संसद में मुखर होकर हमेशा जनता की समस्याओं को रखते हैं।मोदी जी ने जब से गद्दी संभाला तब से हमारे देश में शांति भंग हो रही है।हर जगह धर्म की राजनीति की जा रही है जिससे पूरे भारत में नफरत के बीज बोया गया इसी नफरत को खत्म करने के लिए राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा कर पूरे देश में एक सकारात्मक संदेश दिया।

### सर्पदंश के संबंध में स्वास्थ्य विभाग के साथ डीसी ने की समीक्षा बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को सर्पदंश के संबंध में स्वास्थ विभाग के साथ बैठक की गई।उपायुक्त ने बरसात के मौसम में सर्पदंश के मामलों में बढ़ते मृत्यु दर को देखते हुए जिले में सर्पदंश से मृत्यु ना हो, इस दिशा में स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक निर्देश दिया। उपायुक्त ने सर्पदंश से मृत्यु होने पर इसे प्राकृतिक आपदा मानते हुए आपदा प्रबंधन विभाग अंतर्गत मृतक के आश्रित को अनुग्रह राशि का भुगतान करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने सिविल सर्जन डॉ. अजीत खलखो को निर्देश देते हुए कहा कि सर्पदंश से अगर किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है, तो पोस्टमार्टम करते हुए यथाशीघ्र उसका रिपोर्ट निर्गत करें। तथा सर्पदंश एवं हाथी के आक्रमण से मृत्यु होने वाले व्यक्ति के आश्रितों को पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं आपदा प्रबंधन के तहत मुआवजा राशि का भुगतान करने हेतु ससमय कार्रवाई पूर्ण कर लाभुकों को लाभ मुहैया कराने का निर्देश दिया। उन्होंने सर्पदंश से संबंधित मामले पर पीड़ित व्यक्ति को बचाने हेतु जिला के पैरामेडिकल टीम एवं डॉक्टर को प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सर्पदंश के मामले से निपटने हेतु प्रखंड व पंचायत स्तर पर स्वास्थ्य केंद्र एवं जिले में संचालित हंस फाउंडेशन के मोबाइल वैन से समन्वय स्थापित कर दवाई की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए कार्य करने का निर्देश दिया।

### आज से भाजपा सिमडेगा चलाएगी वोटर चेतना महा अभियान : बिमला प्रधान

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा की पूर्व विधायक विमला प्रधान के द्वारा गुरुवार को अपने आवासीय कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन किया प्रेस वार्ता का आयोजन करते हुए उन्होंने बताया कि आगामी 25 अगस्त से भाजपा सिमडेगा द्वारा वोटर चेतना महा अभियान चलाया जाएगा।इस अभियान के तहत छूटे हुए मतदाता जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं है या फिर जिनका नाम डिलीट करना है इन सभी कार्यों को भाजपा कार्यकताओं के द्वारा सहयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और हमें गर्व है कि हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के निवासी हैं लोकतंत्र की परिभाषा जनता के लिए जनता के द्वारा जनता का शासन में ही सरा सार छिपा हुआ है।लोकतंत्र में आम जनता ही सर्वोपरि है जनता ही अपने मतदान के द्वारा देश या राज्य का भाग्य विधाता और नीति निर्धारण करती है लोकतंत्र में मतदान जरूरी है और जब तक मतदान करने का हर काम जनता के पास है तभी तक किसी देश का लोकतंत्र जिंदा है। हमारे देश में 18 साल से ऊपर हर नागरिक को वोट देने का अधिकार है तभी संभव है जब मतदाता का नाम मतदाता सूची में हो उन्होंने सभी जिम्मेदार नागरिकों को लोकतंत्र के इस महापर्व में यानी मतदान में भागीदारी सुनिश्चित हो इसके लिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा वोटर चेतना महा अभियान के रूप में सकारात्मक पहल की गई है।

### हाथी पीड़ित परिवारों के बीच मुआवजा राशि वितरित

**बानो।** प्रखण्ड के हाथी पीड़ित परिवारों के बीच गुरुवार को मुआवजा राशि का वितरण किया गया। मुआवजा राशि कुल 95 परिवारों के बीच कुल 12लाख 52हजार400 रु का बितरण किया गया। जिसमें कई पीड़ित परिवार के सदस्यों का सीधे बैंक खाता भेजा गया। हाथी द्वारा बुरी तरह घायल हुए रामजोल निवासी ललित लोहरा व बानो की पौलिना बागे को चेक प्रदान किया गया रामजोल ललित लोहरा जो बुरी तरह घायल था जिसे भी मुआवजा की राशि चेक प्रदान किया गया। मालूम हो कि प्रखण्ड के ग्राम रामजोल ,बांकी ,नवांगाँव ,छोटका डुइल, कम्पुदा,सुमिंग बेडा,आदि गांवों के पीड़ित परिवारो के बीच बितरण किया ।बानो वन क्षेत्र पदाधिकारी अभय कुमार ने चेक देते हुए कहा मिले मुवावजा राशि का सही उपयोग करें ,आपके खाते में राशि भेज दी गई है।इसकी जांच बैंक जाकर तुरन्त करा लें ।अगर गाँव मे हाथी आये तो उसे न छेड़े ,घर के बाहर मिर्ची पाउडर रखे,हाथियों के आने की सूचना मिले तो घर के आस पास अलाव जला कर रखें।

### संचालित योजनाओं को लेकर डीसी ने की बैठक

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला सहकारिता विभाग अंतर्गत संचालित लैम्पस से संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विशेष प्रकार की सहकारी समितियों का मापदण्ड के तहत लैम्पस का चयन तथा वर्गीकरण से संबंधित चर्चा की गई। जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि सिमडेगा जिला अंतर्गत कुल 95 लैम्पस है। सभी लैंपस का वर्गीकरण कर लिया गया है वित्तीय वर्ष 2023-24 में कार्यशाला पूंजी देने हेतु सभी लैंपस से प्रस्ताव कि सूचित दिया गया है। जिसके तहत जिले के दस प्रखंडों से कुल 10 लैंपस द्वारा प्रस्ताव समर्पित किया गया है। जिसके अंतर्गत उपायुक्त महोदय ने वर्गीकरण के आधार पर प्रत्येक प्रखंड से निर्धारित मानकों के आधार पर चयन करने का निर्देश दिया। तथा उपायुक्त ने जिले में चयनित लैंपस जो निर्धारित मानक के तहत उर्वरक, खाद एवं बीज का व्यवसाय करता है और योजना में अभिरुचि रखता है उसी लैम्पस को ही कार्यशाला पूंजी देने का निर्देश दिया।

### कोलेबिरा थाना प्रभारी ने व्यापारी एवं आम ग्रामीणों के साथ थाना परिसर में की बैठक

**कोलेबिरा।** थाना परिसर में थाना प्रभारी प्रभात कुमार के अध्यक्षता में व्यापारियों एवं आम ग्रामीणों संग बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से कोलेबिरा मुख्यालय में अपराध नियंत्रण, विधि व्यवस्था और शांतिपूर्ण माहौल बनाने पर विचार विमर्श किया गया। कोलेबिरा थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने व्यापारियों को अपराध नियंत्रण हेतु सीसीटीवी कैमरा के अनिवार्यता और इसके फायदे के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोलेबिरा के हर चौक चौराहे में सीसीटीवी कैमरा लगना जरूरी है , ताकि अपराध कर भाग रहे अपराधियों की पहचान हो सके और लोग एक भय मुक्त माहौल में निवास कर सकें। इसके लिए उन्होंने व्यापारियों से आगे आने को कहा और छोटे-छोटे आर्थिक सहयोग के माध्यम से विभिन्न चौक चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने की अपील की।इस संदर्भ में कोलेबीरा व्यापारी संघ के अध्यक्ष संजीत कुमार ने कहा कि अपराध नियंत्रण हेतु थाना प्रभारी का जो विचार है वह सराहनीय है और हम लोग छोटे-छोटे सहयोग राशि के माध्यम से एक बड़ी राशि एकत्रित कर विभिन्न चौक चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा लगवा सकते हैं। इससे व्यापारियों के साथ-साथ आम जनों को भी सुरक्षा मिलेगी।

**चुनाव की तैयारी** — सहीघुटरा बांझीकेउंद में कांग्रेस पार्टी की बैठक आयोजित, बोले विधायक

# सेवा को ही जीवन का मूल मंत्र माने कार्यकर्ता



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सदर प्रखंड के टैंसेरा पंचायत के सहीघुटरा बांझीकेउंद में गुरुवार को कांग्रेस पार्टी की बैठक हुई। जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मुख्य रुप से विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। मौके पर विधायक ने कार्यकताओं को पुरी इमानदारी के साथ संगठन को मजबूत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता अभी से ही चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। कांग्रेस के नीति सिद्धांतों को आम जनों तक पहुंचाएं। विधायक ने कहा कि कार्यकर्ता हर पीड़ित लोगों की निरंतर सेवा करें। समाजिक रूप से सुख दुःख में लगों के हिस्सा बने। कार्यकर्ता सेवा को प्राथमिकता दें। सेवा को ही अपने जीवन का मूल मंत्र माने। लोगों को बताएं कि कांग्रेस पार्टी समाज हित मे काम करने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि पार्टी का हर एक कार्यकर्ता कांग्रेस परिवार का सदस्य है। भाजपा की सरकार महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और गिरती अर्थव्यवस्था जैसी अहम मुद्दों को भटकाने के लिए धर्म उन्माद फैलाने का काम कर रही है। जिसको जनता समझ चुकी है और आने वाले चुनाव में इसका जवाब देगी। बैठक में जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, जिप सदस्य समरोम पौल तोपनो, वरीय जिला उपाध्यक्ष जॉन्सन मिंज, जिला उपाध्यक्ष अजीत लकड़ा, जिला उपाध्यक्ष शिशिर मिंज आदि उपस्थित थे।

# कोडरमा ग्रिजली विद्यालय में आयोजित हुआ शपथ ग्रहण समारोह



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय में सत्र 2023-24 के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया. इस समारोह में शुभम कुमार (स्कूल कैप्टन, बॉयज), भूमि दक्ष (स्कूल कैप्टन, गर्ल्स), बिश्वायन सिंह (स्कूल वाइस कैप्टन), रीत भदानी (गर्ल्स वाइस कैप्टन), राज कुमार (स्पोर्ट्स कैप्टन), रामानुज कुमार नायक (स्पोर्ट्स वाइस कैप्टन), शशि कुमार मंडल (ईस्ट हाउस कैप्टन), आदित्य रंजन (वेस्ट हाऊस कैप्टन), सहर्ष जयमंगल (नार्थ हाऊस कैप्टन) और आशीष रंजन कश्यप ने (साउथ हाउस कैप्टन) के रूप में शपथ ली. वहीं वाइस हाऊस कैप्टन के रूप में अर्पण कुमारी (ईस्ट हाऊस), तान्या गुप्ता (वेस्ट हाऊस), अन्वेशा शर्मा (नॉर्थ हाऊस) और आयुषी गुप्ता (साऊथ हाऊस) ने शपथ ली. विक्रम कुमार ने हॉस्टल कैप्टन, रामानुज कुमार नायक व आनंद शर्मा ने हॉस्टल वाइस कैप्टन के रूप में शपथ ली. स्टूडेंट प्रीफेक्ट के रूप में कुशल कुमार को हेड प्रीफेक्ट, अनन्या राज कश्यप, आस्था सिंह, जिज्ञाषा, अदिति पांडेय, कृष्णा कौशिक, आस्था गुप्ता, कुमारी खुशी, आयुषी गुप्ता, स्वाति कुमारी, आस्था भरद्वाज, विशाल कुमार वर्मा, सौरव कुमार, सारांश वर्मा, शिवम् कुमार, श्रेतं आर्या, विशेष कुमार बरहपुरिया, संभव सागर, जिम्मी कुमार, पुष्कर कुमार, रामानुज कुमार नायक, अर्श कुमार, विक्रम कुमार, गुरविंदर सिंह, आदित्य रंजन, सत्यम कुमार साही ने शपथ लिया.

### जीयर स्वामी महाराज ने कहा, संसार में आज तक ऐसा कोई भी व्यक्ति नहीं हुआ है जिसकी सारी इच्छाएं पूरी हो गई हों

# 'कामना का त्याग कर ईश्वर से अपना नाता जोड़े बिना कोई सुखी नहीं हो सकता'

**"परमात्मा प्राप्ति के लिए संसाधनों की उतनी जरुरत नहीं जितनी भीतर की लगन की जरूरत है। अगर अंदर से लगन लग गई तो ईश्वर से मिलने में जरा सी भी देर नहीं हो सकती। धन की प्राप्ति में तो कर्म की प्रधानता है पर परमात्मा की प्राप्ति में सिर्फ लालसा की प्रधानता है।"**

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन के क्रम में जीयर स्वामी महाराज ने कहा कि संसार में आज तक ऐसा कोई भी व्यक्ति नहीं हुआ है जिसकी सारी इच्छाएं पूरी हो गई हों। जब से सृष्टि की रचना हुई है तब से आज तक किसी की सारी इच्छाएं पूरी नहीं हुई हैं। हां, एक बात जरूर है जिसने सभी इच्छाओं का त्याग कर दिया और सिर्फ ईश्वर से अपना नाता जोड़ लिया उसको ईश्वर ने साक्षात दर्शन दिया है और अंततः उसको मोक्ष की प्राप्ति भी हुई है। अतः व्यक्ति को अपने सुख के लिए दिन रात अथक प्रयास नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूरे जीवन में सभी समस्याओं का जड़ यही है कि हमारी सभी इच्छाएं पूरी हो जाएं। और कभी भी सारी इच्छाएं पूरी हो नहीं सकतीं, तो प्रयास करना ही बेकार है। मेरे मन की सारी बातें पूरी हो जाएं इसी को कामना कहते हैं। और यही कामना दुख का कारण है। इसका त्याग किए बिना कोई सुखी नहीं हो सकता। मुझे कैसे सुख की प्राप्ति हो बस इसी वजह से मनुष्य ईश्वर से दूर होते चला जाता है। कामना



उत्पन्न होते ही मनुष्य अपने कर्तव्य से भी दूर हो जाता है। कामना छूटने से जो सुख प्राप्त होता है वह सुख कामना की पूर्ति से कभी नहीं प्राप्त होता है। जिसको हम सदा के लिए अपने पास नहीं रख सकते उसकी इच्छा करने से और उसको पाने से भी क्या लाभ है। कामना के कारण ही हम अपने मार्ग से भटक जाते हैं और अंततः हमें दुख भोगना पड़ता है। कामना का सर्वथा त्याग कर दिया जाए तो आवश्यक वस्तुएं स्वत प्राप्त होगी, क्योंकि वस्तुएं निष्काम पुरुष के पास आने के लिए लालायित रहती है। जो अपने सुख के लिए वस्तुओं की इच्छा करता है उसको वास्तु के अभाव का दुख भोगना ही पड़ेगा। एकमात्र ईश्वर ही है जो 84 लाख योनियों में भी साथ थे, हमें पहचानते थे और आज भी पहचान रहे हैं और मोक्ष की प्राप्ति तक वह हमें पहचानते रहेंगे और हमेशा हमेशा हमारे साथ रहेंगे। अतः हर पल ईश्वर को याद करते रहना चाहिए। इसी में मनुष्य की भलाई है। परमात्मा की प्राप्ति में देरी नहीं लगती, देरी लगती है संसार से मोह त्यागने में। जिस दिन हम संसार से मोह का त्याग कर देंगे। ईश्वर से स्वयं साक्षात्कार हो जाएगा ईश्वर से साक्षात्कार होने में एक पल भी नहीं लगेगा। जितना भी समय लगेगा संसार से मोह भंग करने में। परमात्मा की प्राप्ति के लिए मनुष्य जितना स्वतंत्र है उतना और किसी कार्य में स्वतंत्र नहीं है। परमात्मा प्राप्ति के लिए संसाधनों की उतनी जरुरत नहीं जितनी भीतर की लगन की जरूरत है। अगर अंदर से लगन लग गई तो ईश्वर से मिलने में जरा सी भी देर नहीं हो सकती। धन की प्राप्ति में तो कर्म की प्रधानता है पर परमात्मा की प्राप्ति में सिर्फ लालसा की प्रधानता है।

### जनप्रतिनिधियों के साथ लाभुक पहुंचे प्रखंड कार्यालय, सौंपा मांग पत्र

# बिना कटौती राशन वितरण की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**
अगस्त माह का राशन दिलाने को लेकर डंडई पंचायत के पीडीएस लाभुक गुरुवार को सैकड़ों की संख्या में प्रखंड कार्यालय पहुंचे। 20 सूत्री अध्यक्ष कयामुद्दीन, मुखिया पति महेश्वर राम, बीडीसी पति मिथिलेश प्रसाद के साथ-साथ पंचायत के कई वार्ड पार्षदों के नेतृत्व में प्रखंड कार्यालय पहुंचे लाभुकों ने एमओ चोनाराम हेम्ब्रम को मांग पत्र सौंपा। साथ ही अविलंब अगस्त माह का खाद्यान्न दिलाने की मांग की।



इस दौरान 20सूत्री अध्यक्ष कयामुद्दीन ने लाभुकों की समस्या को रखते हुए कहा कि प्रखंड इस वर्ष पूरी तरह अकाल के गाल में समा गया है। कहीं भी धान की रोपनी नहीं हो पाई है। वहीं घर में रखे अनाज को सभी किसान अपने-अपने खेतों में छिटने का काम कर चुके हैं। ऐसे में वे सभी पूरी तरह डीलर की दुकान से प्राप्त हो रहे राशन पर ही निर्भर हो गए हैं। लाभुकों को नियमित और बिना कटौती के पूरी मात्रा में राशन दिलाने की जरूरत है। कयामुद्दीन ने अपनी पंचायत का उदाहरण देते हुए एमओ को बताया कि रारो में पिछले कई महीनों से बिना कटौती के पूरा वजन के साथ दुकानदारों द्वारा लाभुकों को राशन दिया जा रहा है। वहीं मुखिया पति महेश्वर राम ने भी लाभुकों की समस्या को रखते हुए बिना कटौती के पंचायत के सभी जन वितरण दुकानदारों से लाभुकों के बीच नियमित राशन वितरण कराने की मांग की है। मिथिलेश प्रसाद ने लाभुकों की समस्या को और प्रमुखता से रखते हुए डंडाई पंचायत के साथ-साथ प्रखंड के सभी जन वितरण दुकानदारों से बिना कटौती के राशन वितरण कराने की बात एमओ से कही। उन्होंने कहा कि पहले कुछ भी हुआ उसका मूल्यांकन हम सभी करना नहीं चाहते हैं। लेकिन इस अकाल के समय में अगर कोई भी डीलर कटौती कर लाभुकों के बीच राशन वितरण करता है तो उसके खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई कराई जाएगी। वहीं जनप्रतिनिधियों की बातों को एमओ ने बारीकी से सुना और उनकी समस्याओं को पूरा कराने का आश्वासन दिया।

साथ ही उन्होंने कहा कि सौंपे गए मांग पत्र को अग्रेतर कार्रवाई करते हुए वरीय अधिकारियों तक पहुंचा दिया जाएगा। इससे पहले उक्त प्रतिनिधियों की उपस्थिति में डंडई के कपूरी चौपाल में लाभुकों ने बैठक की। इसमें पंचायत भर के बड़ी संख्या में लाभुकों ने भाग लिया। इस दौरान सभी लाभुकों ने अपने-अपने जन वितरण दुकानदार से बिना कटौती के पूरी मात्रा में राशन लेने का निर्णय लिया। बैठक के दौरान कई लाभुकों के द्वारा बताया गया कि पंचायत के कई ऐसे जन वितरण दुकानदार हैं जो कम राशन नहीं लेने पर उनके द्वारा कार्ड को रद्द करा देने की धमकी दी जाती है। वहीं जनप्रतिनिधियों ने उनकी बातों को सुनकर उन्हें पूरी तरहआश्वस्त करते हुए कहा कि किसी भी डीलर की धमकी से किसी को डरने की जरूरत नहीं है। वे सभी बेझिझक अपने-अपने दुकानदार के पास जाएं और बिना कटौती के पूरा वजन के साथ राशन पाएं। इस बीच अगर किसी दुकानदार के द्वारा राशन देने में आना-कानी की जाती है तो उसकी शिकायत सीधे हम सभी जनप्रतिनिधियों के पास करें। संबंधित डीलर के खिलाफ कार्रवाई के लिए हमसभी सदैव तैयार हैं। जनप्रतिनिधियों ने राशन वितरण कराने की जिम्मेदारी पंचायत के सभी वार्ड पार्षदों को सौंपा और उन्हें कहा कि वे सभी अपनी उपस्थिति में ही डीलर की दुकान से लाभुकों के बीच राशन वितरण कराने का काम करेंगे। मौके पर वार्ड सदस्य पति मोहर चंद्रवंशी, उदय राम, मोतीलाल गुप्ता, सलाउद्दीन अंसारी, रामप्रवेश राम, रामचंद्र प्रजापति, विजय मेहता, शाबिर अंसारी, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## 45 बकरियों की लूट का पुलिस ने किया खुलासा, 24 घंटे के अंदर बकरियां बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**
थाना क्षेत्र के चपकली गांव के बुढीटाड टोले के जंगल से बुधवार को दिन में अपराधियों द्वारा बुद्धमानी देवी को बांध कर 45 बकरियां लूट कर ले जाने के मामले में पुलिस ने छापामारी अभियान चलाकर 24 घंटे के अंदर चोरी की 41 बकरियां बरामद कर लीं।

मुक्तभोगी बुद्धमानी देवी पति जिम्मेदार सिंह ने बताया कि दिन के करीब 11 बजे हम जंगल में बकरी चरा रहे थे। तभी चार अज्ञात अपराधी लोग आए और मेरी बाल पकड़ कर मुझे पटक दिया तथा हाथ पैर बांधकर मारपीट की। मुंह में कपड़ा ठूंस कर एक गड्ढे में फेंक दिया। इसके बाद उसकी सारी बकरियां खोलकर ले गए। बहुत देर तक मैं गड्ढे में पड़ी रही और किसी तरह हाथ पैर को धीरे-धीरे खोल कर गांव में मामले की जानकारी दी तथा घर वाले ने इसकी सूचना चिनिया पुलिस को दी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए चिनिया, गढ़वा, धुरकी, रंका एवं छत्तीसगढ़ से जुड़े सभी रास्तों में नाकाबंदी कर दी तथा धुरकी थाना प्रभारी सदानंद कुमार भी नाकाबंदी कर अपराधियों के पकड़ने के लिए जुटे रहे तथा रात्रि में चिनिया थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार एवं धुरकी थाना प्रभारी सदानंद कुमार द्वारा अंबाखोरया के पास पिकअप में





लदे 14 बकरियों को बरामद कर लिया गया। वहीं उसमें एक अपराधी रोवाकश खान को भी दबोच लिया जो उत्तर प्रदेश के बढौल गांव के बभनी थाना सोनभद्र का निवासी बताया जा रहा है। वहीं तीन अपराधी भागने में सफल हो गए तथा रात में ही 27 बकरियों को जंगल से बरामद कर बकरियों को चिनिया थाना परिसर लाया गया। चिनिया थाना प्रभारी ने बताया कि तीन अन्य अपराधियों की पकड़ने के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

गिरफ्तार अपराधी ने स्वीकारते हुए कहा कि हम लोग पिछले एक वर्ष से चिनिया थाना क्षेत्र एवं धुरकी थाना क्षेत्र से मवेशी एवं बकरियों को चोरी कर उत्तर प्रदेश ले जाते थे तथा बाजारों में बेच देते थे। बताते चलें की चिनिया थाना क्षेत्र एवं धुरकी थाना क्षेत्र में गर्मी के दिनों में कई लोगों के मवेशी एवं बकरियों की चोरी हुई थी। वहीं धुरकी थाना क्षेत्र में मवेशी चोरी होने की प्राथमिक भी दर्ज की गई है। दबिश से चिनिया थाना क्षेत्र की ओर अपराधी घटना को अंजाम दे रहे थे। इस अभियान में अभियान में पुलिस उपाधीक्षक संतोष कुमार व चिनिया पुलिस बल एवं धुरकी पुलिस बल शामिल थे।

## असर: हॉस्पिटल की जांच कर होगी कार्रवाई : सीएस



**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड**
हिंदी दैनिक नवीन मेल में प्रकाशित रामपुर स्थित दीप्ती हॉस्पिटल चल रहा है झोलाछाप डाक्टर के सहारे, संचालक निर्धारित मानको को ठेंगा दिखा कर संचालन कर रहे हैं निजी हॉस्पिटल खबर का असर दिखा। लातेहार सिविल सर्जन अशोक कुमार गुरुवार को महुआडांड पहुंचे एवं दीप्ती हॉस्पिटल की जांच कर कार्रवाई करने की बात कही। इससे पूर्व लातेहार सिविल सर्जन अशोक कुमार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे एवं केंद्रीय टीम के सदस्यों के महुआडांड आगमन को लेकर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अमित खलखो एवं स्वास्थ्य कर्मियों के साथ बैठक कर कई दिशा-निर्देश दिये। प्रखंड मुख्यालय स्थित दीप्ती हॉस्पिटल के संचालक निजी हॉस्पिटल खोलने के लिए तय किए गये मानकों को अनदेखा कर मनमाने तरीके से हॉस्पिटल चला कर लोगों की जिंदगी से खेलवाड़ कर रहा है। हॉस्पिटल के संचालक निकेत के पास न तो मेडिकल स्टोर का लाइसेंस है और न ही प्रशिक्षण प्राप्त स्टाफ।

### पंचायत समिति की बैठक में लिए गए कई प्रस्ताव

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**
प्रखंड सभागार में गुरुवार को पंचायत समिति सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता प्रमुख रीना कुमारी एवं संचालन बीडीओ रंथु महतो ने किया। इस दौरान पूर्व बैठकों में लिए गए प्रस्तावों पर क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। वहीं सर्वसम्मति से कई प्रस्ताव पारित किए गए। जिसमें प्रखंड क्षेत्र में संचालित एनटीपीसी प्रबंधन को सीएसआर मद से विस्थापित गांवों में शौचालय, पथ, स्ट्रीट लाइट एवं पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने, शिक्षा विभाग को विद्यालयों में विद्यार्थियों के अनुपात में शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति, सीसीएल प्रबंधन को सीएसआर मद से विकास योजनाओं के चयन में पंचायत समिति के सदस्यों के साथ समुचित विचार-विमर्श करने, थाना प्रशासन से वाद-विवाद निस्तारण में पंचायत समिति सदस्यों व जनप्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा बिजली विभाग से विद्युत विभाग से संबंधित क्रियाकलापों में परस्पर समन्वय स्थापित ।

## ग्रामीणों ने की सामूहिक जमीन पर किये जा रहे अवैध कब्जे को रोकने की मांग

### ग्रामीणों ने विधायक को पत्र लिखकर लगायी गुहार



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
प्रखंड के सासंग पंचायत अंतर्गत पतरातू गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने लातेहार विधायक बैधनाथ राम को पत्र लिखकर सामुहिक जमीन पर हो रहे अवैध कब्जे को रोकने और मुक्त कराने की मांग की है। पत्र के माध्यम से ग्रामीणों ने कहा है कि पतरातू गांव के पुराना खाता 1 प्लॉट सं 230 व नया खाता 164 प्लॉट सं 1116, 1117, 1118 पर पूर्वजों के समय से हाट बाजार लगते आया है। उक्त स्थान पर ही चार-पांच गांव पतरातू, नेवाई, ओबर, विश्रामपुर आदि गांवों के द्वारा रामनवमी का मेला भी लगाया जाता है। पर हाल के दिनों में कुछ लोगों ने गलत तरीके से उक्त जमीन को अपने नाम पर कराकर वहां पर अवैध निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उक्त स्थान पर बाजार व मेला लगने से सैकड़ों लोगों का जीविकोपार्जन चलता है पर हो रहे अवैध कब्जे से आने वाले समय में कई लोगों के सामने भूखे मरने वाली स्थिति उत्पन्न हो जायेगी। इस संबंध में कई बार अधिकारियों को पत्राचार किया गया लेकिन किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों ने विधायक से उक्त भूमि से अवैध कब्जे को हटाने की मांग की है। पत्र में सासंग मुखिया, पंसस समेत सैकड़ों ग्रामीणों का हस्ताक्षर है।

## ट्रक ने कार को मारी टक्कर, चार घायल

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**
थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य पथ पर मेनोनाईट के समीप गुरुवार सुबह एक आयशर ट्रकने दूसरे वाहन से ओवरटेक करने के चक्कर में सामने से आ रहे आल्टो कार को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में कार में सवार दो महिलाओं समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। घायलों की पहचान मो सद्दाम हुसैन मनिका, उसकी मां सहोगा, बीबी बहन आसमा खातून और इचाक (लातेहार ) निवासी बहनोई मंजूर अंसारी के रूप में हुई है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए मो सद्दाम ने बताया कि वह कार से परिवार संग अपनी बहन का इलाज कराने रांची जा रहे थे। इसी दौरान मेनोनाइट के समीप तीखे मोड़ पर एक तेज रफ्तार बेकाबू ट्रक ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। घटना की सूचना मिलते ही पुअनि रंजय कुमार घटनास्थल पर पहुंच दोनों वाहनों को अपने कब्जे करते हुए अग्रेतर कार्रवाई में जुट गए हैं। दुर्घटना में कार का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। खबर लिखे जाने तक घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा था।

### पिकअप व कार में हुयी आमने-सामने की टक्कर

मनिका। प्रखंड के डिग्री कॉलेज मोड़ के समीप गुरुवार को पिकअप और क्रेटा के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई जिसमें क्रेटा पर सवार सभी लोग बाल-बाल बचे। वहीं भैंस जानवर लदा पिकअप वाहन का चालक, उपचालक वाहन छोड़ फरार हो गए। पिकअप वाहन पर लदे भैंस को बिहार से रांची की ओर ले जाया जा रहा था। बिहार से दुधारू पशु के नाम पर तस्करी के लिए धड़ल्ले से पशु व्यापारी पिक अप वाहन पर 5 पशु लाद कर बंगाल तक ले जाते हैं। दुर्घटना हुई पिकअप पर 5 भैंस लदे थे लेकिन एक भी बच्चा नहीं था।

### कार्यक्रम | सरस्वती विद्या मंदिर में विज्ञान मेले का आयोजन

# 'आज के बाल वैज्ञानिक कल मंगल पर पहुंचेंगे'

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में गुरुवार को विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन पलामू विभाग निरीक्षक नीरज कुमार लाल, अध्यक्ष जोखू प्रसाद, कोषाध्यक्ष विद्या भास्कर, अभिभावक प्रतिनिधि चंदन कुमार, विज्ञान मेला के निर्णायक एवं पूर्व छात्र डॉ. कैसर आलम, डॉ. सरफराज खान, डॉ. शैलेंद्र कुमार, पूर्व सदस्य दिलेश्वर सिंह व प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने समक्ष संयुक्त रूप से किया।



मंचासीन अतिथियों को अंग वस्त्र व उत्सर्ग पत्रिका देकर सम्मानित किया गया। निर्णायकों ने प्रदर्शनी अवलोकन के क्रम में गहन पूछताछ, सटीक फाइल निरीक्षण कर अंक प्रदान किया। भूतल, प्रथम तल एवं द्वितीय तल में मॉडल लगा हुआ था। शिशु, बाल एवं किशोर वर्गों में कुल 180 बाल वैज्ञानिकों ने भाग लिया। शिशु वर्ग में 12, बाल वर्ग में 43 और किशोर में 27 प्रदर्श लगे थे। प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने अपने उदबोधन में कहा कि जिस प्रकार भारत ने चांद की धरती पर चंद्रयान छोड़ा है, उसी प्रकार से हमारे बाल वैज्ञानिकों ने विद्यालय की धरती पर चंद्रयान छोड़ा है। ये आज के बाल वैज्ञानिक कल मंगल पर पहुंचेंगे। विज्ञान मेला का अवलोकन करने वालों में राजकुमार प्रसाद, शशि कला, ध्रुव कुमार, डॉ. सजल गर्ग, आशुतोष कुमार, शक्ति दास सिंह, किरण देवी, भवनाथपुर नगरी के प्रधानाचार्य ब्रजेश कुमार सिंह, मुकेश कुमार, संजीव कुमार, शुभम कुमार सहित बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे। प्रदर्शनी में अल्कोहल सेंसर, पेट सेंसर, भूकंप अलार्म, हीमोडायलिसिस आकर्षण का केंद्र रहे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विज्ञान मेला प्रमुख विवेक कुमार, नीरज सिंह, दीपक कुमार, सुजीत कुमार दुबे, अविनाश कुमार, सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, नंदलाल पांडेय, कृष्ण कुमार पांडेय, सत्येंद्र प्रजापति, अशोक कुमार, दिनेश कुमार, पिंटू कुमार सिंह, कौशलेंद्र झा, प्रसून कुमार, आचार्या सुप्रिया कुमारी, आरती श्रीवास्तव, नीति कुमारी, रेणु पाठक, प्रियम्बदा, प्रिया कुमारी, तन्वी जोशी, नेहा कुमारी, सलोनी कुमारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## चंद्रयान-3 की लैंडिंग का जश्न मनाया

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
अंतरिक्ष विज्ञान में भारत की ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष्य में बस स्टैंड के समीप श्री राम सेना के नेतृत्व में जमकर आतिशबाजी एवं मिठाई बाटी गई। इस दौरान लोगों के द्वारा भारत माता की जय, हिंदुस्तान जिंदाबाद, बंदे मातरम के नारा लगाये गये। श्री राम सेना के संरक्षक कामेश्वर प्रसाद, ओम प्रकाश गुप्ता, श्री राम सेना के अध्यक्ष रजनी कांत मधुर (भोलू), आशीष कुमार पूर्व उप मुखिया, बंटी केशरी, ऋतुराज जायसवाल, बिकु कुमार, मिंटू कुमार पप्पू कुमार, सुरज कुमार, शिवम कुमार, अविनाश कुमार, आशीष कुमार, बबलू केशरी, राजू कुमार सहित बड़ी में लोग शामिल थे।





**शिशु विद्या मंदिर में मनाया गया चंद्रयान डे : भवनाथपुर।** चंद्रयान-3 की चांद पर लैंडिंग के उपलक्ष्य में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के भैया बहनों ने चंद्रयान डे मनाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बर्जेस सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि चंद्रयान-3 भारत का एक महत्वाकांक्षी चंद्र मिशन है। चंद्रयान-3 का चांद की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग करने का भारत का दूसरा प्रयास था। इस मौके पर विद्यालय के संभी आचार्य व कर्मचारी उपस्थित थे।

प्रार्थना और विश्वास दोनों अदृश्य है पर दोनों में इतना ताकत है जो नामुनकिन को मुमकिन बना देती है। - अज्ञात



# जलाशय को बचायें

**जल** ही जीवन है। यह कहावत नहीं सच्चाई है। बावजूद इसका दोहन बदस्तूर जारी है। लेकिन दुखद पहलू यह कि जलाशयों और जल संरक्षण के प्रति हमारा रवैया निराशाजनक है। लापरवाही का आलम यह है कि जगह-जगह इसकी अवहेलना हो रही है। पूरे प्रदेश में तालाबों में जान डालने की जरूरत है। लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। इसके संरक्षण के प्रति घोर लापरवाही देखने को हर जगह मिल रही है। तालाब बचेगें तभी भूगर्भ जलस्तर बचा रहेगा। उसके उल्टे आज हर जगह तालाब का अतिक्रमण जारी है। जमीन माफिया के द्वारा इसे पाटा जा रहा है। तालाबों पर अवैध कब्जा जारी है। कई तालाबों के नाम निशान मिटा दिये गये हैं। पलामू के नावाटोली तालाब पर अतिक्रमण आज भी जारी है। तालाब को भर कर मकान बनाये जा रहे हैं। जब कि सबको मालूम है कि भूजल को रखने के लिए तालाबों का होना कितना जरूरी है। जल का स्तर बनाये रखने में तालाबों की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता है। इस बरसात में भी कई इलाके ड्राइजोन में चले गये हैं। इसलिए तालाबों को संरक्षित करना जरूरी है। यह सबके प्रयास से ही संभव है। तालाब और नदी में अतिक्रमण आने वाले दिनों के लिए भयावह स्थिति पैदा कर सकते हैं। इसलिए इसके संरक्षण के लिए सोचने की जरूरत है। किसी चीज को सरकार के भरोसे नहीं छोड़ना चाहिए। सामाजिक दायित्व का निर्वाहण करना भी जरूरी होता है। शहर के नक्शे से तालाब गायब हो रहे हैं। ऐन प्रकारेण तालाब को समतल कर बेचा जा रहा है। तालाब जो बचे हैं,वह अब नाले के रूप में नजर आ रहे हैं। यह खतरनाक संकेत हैं। ड्राइजोन इलाके से लोग भाग रहे हैं। लेकिन जल संरक्षण के लिए सरकार के साथ-साथ आम आदमी की लापरवाह दिख रही है। आने वाले दिनों में और स्थिति भयावह होगी,इस बात से इनकार भी नहीं किया जा सकता है। यह देखा जा रहा है कि सभी जगहों पर तालाब अपना अस्तित्व खोते जा रहे हैं। इसकी जवाबदेही आखिर किसकी है? इस प्रश्न का उत्तर ढूंढा जाना चाहिए। साथ ही वैसे तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जरूरत है जो इसे समाप्त कर रहे हैं। ठीक नदी की भी यही स्थिति है। झारखंड के गढ़वा की सरस्वती नदी आज नाले का रूप ले चुकी है। अस्सी के दशक में इसका फैलाव काफी था। समय अंतराल में आस-पास के लोगों ने अतिक्रमण कर बड़े-बड़े आवास बना लिये हैं। यह काफी दुखद है। कभी सरस्वती नदी में बाढ़ का दृष्य दुर्लभ होता था। डांडू नदी की सहचर यह नदी अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रही है। कभी किसी ने इसकी सुध नहीं ली। वैसे गढ़वा का काफी विस्तार हुआ है। यह जिला का रूप ले चुका है। यहां सारे आला अधिकारी रहते हैं। लेकिन इस ओर किसी का ध्यान नहीं है। कमोवेश यह स्थिति आज हर जगह देखने को मिल रही है। नदी और तालाब को बचा कर जल संरक्षण की दिशा में क्रान्तिकारी कदम उठाये जा सकते हैं। बस जरूरत है दृढ़ इच्छा शक्ति की। इसके लिए समाज के हर तपके के लोगों को आगे आने की जरूरत है। सरकार कुछ नहीं कर सकती है। इसकी कुंभकर्णी निद्रा को तोड़ने के लिए सबको आगे आने की जरूरत है। यह एक ऐसा विषय है जिस पर गंभीरता आवश्यक है। कारण अगर तालाब और नदी नहीं बचेगें तो मानव जीवन की कल्पना करना भी बेकार है। जिस प्रकार सांस लेना जरूरी है,ठीक उसी प्रकार इन्हें बचा कर ही सांस की संरचना की बात सोची जा सकती है। इसलिए आइये हम संकल्प लें कि इसे बचाने की दिशा में आगे बढ़ें।

**पूरे प्रदेश में तालाबों में जान डालने की जरूरत है। लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। इसके संरक्षण के प्रति घोर लापरवाही देखने को हर जगह मिल रही है। तालाब बचेगें तभी भूगर्भ जलस्तर बचा रहेगा। उसके उल्टे आज हर जगह तालाब का अतिक्रमण जारी है। जमीन माफिया के द्वारा इसे पाटा जा रहा है।**

# चांद से मैं भारत बोल रहा हूं





डॉ. पवन सिंह

**लगभग** 41 दिनों की अद्भुत व अविस्मरणीय यात्रा के बाद 23 अगस्त 2023 का दिन। 140 करोड़ दिलों की धड़कनें और दुनियाभर की नजरें जिस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रही थी, आखिरकार वो पल आ ही गया जब हमारे चंद्रयान-3 ने चाँद के साउथ पोल पर सफल लैंडिंग कर विश्वपटल पर नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया। इस शुभ लैंडिंग से पूरा देश उत्साह व ऊर्जा से सराबोर है। हमारे वैज्ञानिकों ने पूरे देश को गौरवान्वित करने का एक ओर मौका दिया है। इस सफलता के लिए इसरो के सभी वैज्ञानिकों, कर्मचारियों के अथक परिश्रम को कोटि-कोटि साधुवाद एवं बधाई। अब से चाँद पर भी अशोक स्तंभ के रूप में भारत की छाप स्थापित हो गयी है। चंद्रयान-3 मिशन के उद्देश्यः इसरो ने चंद्रयान-3 मिशन के लिए तीन मुख्य उद्देश्य निर्धारित किए थे। पहला लैंडर की चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित और सॉफ्ट लैंडिंग कराना। दूसरा चंद्रमा पर रोवर की विचरण क्षमताओं का अवलोकन और प्रदर्शन और तीसरा चंद्रमा की संरचना को बेहतर ढंग से समझने और उसके विज्ञान को अभ्यास में लाने के लिए चंद्रमा की सतह पर उपलब्ध रासायनिक और प्राकृतिक तत्वों, मिट्टी, पानी आदि पर वैज्ञानिक प्रयोग करना। इस पूरी यात्रा में चंद्रयान-3 ने अपने इन तीनों उद्देश्यों को बखूबी पूरा किया है। आगे आने वाले समय में शायद चंद्रयान-3 से हमें ऐसी अनेकों जानकारियां मिल सकती हैं, जिसके बारे में अभी सोच पाना मुश्किल है। चंद्रयान -3 की यात्रा आसान नहीं थीः लगभग 615 करोड़ की लागत से बने और 14 जुलाई को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से यात्रा शुरू करने वाले चंद्रयान-3 के पूरे सफर ने पहले दिन से प्रत्येक भारतीय को अपने से जोड़े रखा और दुनियाभर से करोड़ों लोग टकटकी लगाए इस यात्रा से लगातार जुड़े रहे। इसरो ने पृथ्वी से दूर कई बार चंद्रयान-3 की कक्षाएं बदली थी। पृथ्वी की अलग-अलग कक्षाओं में परिक्रमा करते हुए एक अगस्त को स्लिंगशाट के बाद पृथ्वी की कक्षा छोड़कर यान चंद्रमा की कक्षा की ओर बढ़ा था। पांच अगस्त को इसने चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश किया। छह अगस्त को पहली बार कक्षा बदली। इसके बाद नौ, चौदह और सोलह अगस्त को कक्षाओं में बदलाव कर यह चंद्रमा के और नजदीक पहुंचा। सत्रह अगस्त को चंद्रयान-3 के प्रोपल्शन मॉड्यूल और लैंडर मॉड्यूल अलग-अलग हो गए और लैंडर मॉड्यूल चंद्रमा की सतह की ओर बढ़ा। 18 और 19 अगस्त को दो बार डीबूस्टिंग (धीमा करने की प्रक्रिया) के बाद लैंडर (विक्रम) और रोवर (प्रज्ञान) से युक्त लैंडर मॉड्यूल चाँद की सबसे करीबी कक्षा में पहुंचा और इस असंभव लगने वाली चंद्रयान-3 की यात्रा को आखिरकार हमने चुनौतियों के बावजूद पूरा कर लिया। बीच- बीच में कई बार दिलों की धड़कनें तेज भी हुई और डर भी लगा, लेकिन अंत भला तो सब भला। साउथ पोल पर होने के मायनेः भारत साउथ पोल पर पहुँचने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। साउथ पोल से भारत को ऐसी सब जानकारियां मिल सकती है, जो वहां पर जीवन की संभावनाओं और अन्य संबंधित क्षेत्रों से जुड़ी संभावनाओं को ओर अधिक गति प्रदान करेगा। साउथ पोल पर पानी की सम्भावना की तलाश का मतलब होगा एक नई जिंदगी। इससे मंगल पर जाने के लिए चंद्रमा पर उतरकर फ्यूल ले सकेंगे। हाइड्रोजन-ऑक्सीजन मिलकर स्वच्छ राकेट फ्यूल बना सकते हैं, इससे पानी को हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में तोड़ा जा सकता है। साउथ पोल पर कीमती धातुओं के रूप में सोना, प्लेटिनमम, टाइटेनियम और यूरेनियम होने की संभावना है। वहां पर बड़ी मात्रा में नॉन रेडिओएक्टिव हीलियम गैस और इलेक्ट्रॉनिक्स बनाने में काम आने वाली धातुएं भी मिल सकती है। चंद्रमा पर बर्फ के अणुओं का अध्ययन, चंद्रमा की सतह से अंतरिक्ष के अध्ययन की संभावना तलाशना, मिट्टी व प्राकृतिक संसाधनों का अध्ययन ऐसी अनेक संभावनाओं का भविष्य में पता चल सकता है। स्पेस में बढ़ता भारत का वर्चस्वः स्पेस मार्केट में भारत के लिए संभावनाएं पहले से अधिक बढ़ गई हैं। अंतरिक्ष में भी पूरी दुनिया आज भारत का लोहा मानने लगी है। पूरी दुनिया में सैटेलाइट के माध्यम से टेलीविजन प्रसारण, मौसम की भविष्यवाणी और दूरसंचार का क्षेत्र बहुत तेज गति से बढ़ रहा है और चूंकि ये सभी सुविधाएं उपग्रहों के माध्यम से संचालित होती हैं, इसलिए संचार उपग्रहों को अंतरिक्ष में स्थापित करने की मांग में बढ़ोतरी हो रही है। हालांकि इस क्षेत्र में चीन, रूस, जापान आदि देश प्रतिस्पर्धा में हैं, लेकिन यह बाजार इतनी तेजी से बढ़ रहा है कि यह मांग उनके सहारे पूरी नहीं की जा सकती। ऐसे में चंद्रयान-3 की कम बजट में सफल लैंडिंग के बाद व्यवसायिक तौर पर भारत के लिए संभावनाएं पहले से अधिक बढ़ गयी हैं। आज कम लागत और सफलता की गारंटी इसरो की सबसे बड़ी ताकत बन गयी है। अंतरिक्ष बाजार में भारत की धमक का यह स्पष्ट संकेत है। इसके साथ ही भारत अब 200 अरब डॉलर के अंतरिक्ष बाजार में एक महत्वपूर्ण देश बनकर उभरा है। चांद और मंगल अभियान सहित इसरो अपने 100 से ज्यादा अंतरिक्ष अभियान पूरे करके पहले ही इतिहास रच चुका है। भविष्य में अंतरिक्ष में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी क्योंकि यह अरबों डॉलर की मार्केट है। कुछ साल पहले तक फ्रांस की एरियन स्पेस कंपनी की मदद से भारत अपने उपग्रह छोड़ता था पर अब वह ग्राहक के बजाय साझीदार की भूमिका में पहुंच गया है। यदि इसी तरह भारत अंतरिक्ष क्षेत्र में सफलता प्राप्त करता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब हमारे यान अंतरिक्ष यात्रियों को चांद, मंगल या अन्य ग्रहों की सैर करा सकेंगे। इसरो के मून मिशन, मंगल अभियान, स्वदेशी स्पेस शटल की कामयाबी और अब चंद्रयान-3 की सफलता के बाद इसरो के लिए संभावनाओं के नये दरवाजे खुल जायेंगे, जिससे भारत का निश्चित रूप से स्पेस में वर्चस्व पहले से अधिक बढ़ जायेगा। सच में चंद्रयान-3 की सफलता ने 2047 के अमृतकाल की शुरूआत बहुत बेहतरीन तरीके से की है और अब प्रत्येक भारतीय का विश्वास पहले से कई गुणा बढ़ गया है कि भारत अब किसी भी क्षेत्र में रुकने वाला नहीं है।

**(लेखक, जेसी बोस विश्वविद्यालय, फरीदाबाद में एसोसिएट प्रोफेसर हैं।)**

**अब से चाँद पर भी अशोक स्तंभ के रूप में भारत की छाप स्थापित हो गयी है। चंद्रयान-3 मिशन के उद्देश्यः इसरो ने चंद्रयान-3 मिशन के लिए तीन मुख्य उद्देश्य निर्धारित किए थे।**

**इन दिनों**

## बोधि वृक्ष

### आइये सुने कथा कृष्ण भक्त मीरा की

**कृष्ण** को लेकर मीरा इतनी दीवानी थीं कि महज आठ साल की उम्र में मन ही मन उन्होंने कृष्ण से विवाह कर लिया। उनके भावों की तीव्रता इतनी गहन थी कि कृष्ण उनके लिए सच्चाई बन गये। यह मीरा के लिए कोई मतिभ्रम नहीं था, यह एक सच्चाई थी कि कृष्ण उनके साथ उठते-बैठते थे, घूमते थे। ऐसे में मीरा के पति को उनके साथ दिक्कत होने लगी, क्योंकि वह हमेशा अपने दिव्य प्रेमी के साथ रहतीं। यहां तक कि मीरा ने अपने दिव्य प्रेमी के साथ संभोग भी किया। उनके पति ने हर संभव कोशिश की, यह सब समझने की, क्योंकि वह मीरा को वाकई प्यार करता था। लेकिन वह नहीं जान सका कि आखिर मीरा के साथ हो क्या रहा है। दरअसल, मीरा जिस स्थिति से गुजर रही थीं और उनके साथ जो भी हो रहा था, वह बहुत वास्तविक लगता था, लेकिन उनके पति को कुछ भी नजर नहीं आता था। वह इतना निराश हो गया कि एक दिन उसने खुद को नीले रंग से पोत लिया, कृष्ण की तरह के पोशाक पहन कर मीरा के पास आया। दुर्भाग्य से उसने गलत तरह के रंग का इस्तेमाल कर लिया, जिसकी वजह से उसे एलर्जी हो गई और शरीर पर चकत्ते निकल आये। मीरा के इर्द गिर्द के लोग शुरूआत में बड़े चकराए कि आखिर मीरा का क्या करें। बाद में जब कृष्ण के प्रति मीरा का प्रेम अपनी चरम ऊंचाइयों तक पहुंच गया तब लोगों को यह समझ आया कि वे कोई असाधारण औरत हैं। लोग उनका आदर करने लगे। यह देख कर कि वे ऐसी चीजें कर सकती हैं, जो कोई और नहीं कर सकता, उनके आस-पास भीड़ इकट्ठी होने लगी।

**मीरा कृष्ण दीवानी :**
मीरा ने जवाब दिया - वह सामने बैठा है - मेरा स्वामी - नैनचोर, जिसने मेरा दिल चुराया है, और वह समाधि में चली गईं।

*(क्रमशः)*

# चन्द्र-विजय को भारत-विजय का घोष बनायें



ललित गर्ग

**असाधारण** दबावों और चुनौतियों का सामना करते हुए इसरो ने चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर को चंद्रमा की 70 डिग्री दक्षिणी अक्षांश रेखा के पास बिल्कुल सटीक तरीके से उतार कर भारत ने विलक्षण इतिहास तो रचा ही है, दुनिया में भारत विरोधी शक्तियों का मुंह भी बंद कर दिया है, अब भारत गरीबी भी दूर कर रहा है, अपनी समस्याओं के समाधान खुद के बल पर हल भी कर रहा है और दुनिया की बड़ी से बड़ी शक्ति से टक्कर लेने की स्थिति में भी पहुंच रहा है। आजादी के अमृतकाल में ऐसी ही अनेक उपलब्धियों की स्पष्ट आहट सुनाई दे रही है। इस विलक्षण, अनूठी एवं चमत्कारपूर्ण सफलता के लिये इसरो को, इस मिशन में लगी पूरी टीम को ही नहीं देश की पूरी वैज्ञानिक बिरादरी को जितनी बधाई दी जाय कम है लेकिन इन उत्सव एवं उमंग के क्षणों में भी राजनीति करने वालों पर तरस आता है, भगवान उन्हें सद्बुद्धि दें। निश्चित ही भारत ने चांद को मुट्ठी में कर लिया है और यह जता दिया है कि कम साधनों एवं खर्चों में भी भारत बड़ी लकीरें खींच सकता है। निश्चित ही भारत ने वह कर दिखाया, जो विश्व का कोई देश और यहां तक कि अमेरिका, चीन एवं रूस भी नहीं कर सका। इसरो यानी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने चंद्रयान-3 के लैंडर को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक पहुंचाकर देश ही नहीं, दुनिया को चमत्कृत करने का काम किया। चंद्रयान-3 की चंद्रमा पर सफल लैंडिंग एक ऐसा अविस्मरणीय और अद्भुत क्षण है, जो वर्षों तक भारतवासियों को प्रेरित करता रहेगा। यह एक अमिट आलेख है, शानदार उपलब्धि है, जो सचमुच स्वर्णाक्षरों में लिखी जायेगी। इस उपलब्धि ने हम भारत के लोगों में जिस उत्साह और उमंग का संचार किया है, वह अकल्पनीय है। इन चमत्कृत करने वाले दृश्यों को भारत के करोड़ों लोगों ने देखा एवं समूचे देश को उत्सवमय बना दिया। अंतरिक्ष में नये भारत की इस नई, असाधारण एवं ऐतिहासिक उड़ान से समूची दुनिया को लाभ मिलेगा। इस अभियान की अगली चुनौती लैंडिंग के चार-पांच घंटे गुजर जाने पर प्रज्ञान रोवर को चंद्र सतह पर चलाने और चौदह दिनों के एक चंद्र-दिन में लैंडर और रोवर के लिए निर्धारित सारे प्रयोग पूरे करने की है। जाहिर है, ये प्रयोग सिर्फ भारत के लिए नहीं, पूरी दुनिया के लिए मायने रखते हैं। अब इस चन्द्रयान से मिलने वाली सूचनाओं से चन्द्रमा पर मानव जीवन की संभावनाओं को पंख लग सके तो कोई आश्चर्य नहीं है। वहां पर जल की उपलब्धता, तापमान, जमीन की स्थिति, उपलब्ध खनिज पदार्थों आदि की जानकारियां एवं टेक्टॉनिक हलचलों का पता चलेगा। बहरहाल, इसरो का काम कितना पक्का, तीक्ष्ण एवं परिपक्व था, इसका अंदाजा लगाने के लिए चंद्रयान-3 की उतराई का लाइव ग्राफ देखना देश-दुनिया के लिए काफी रहा होगा। यह हर बिंदु पर ठीक वैसा ही रहा, जैसा इसके होने की उम्मीद थी। साइंस-टेक्नॉलजी के मामले में रूस की गति भारत से एक सदी आगे समझी जाती है। इसके बावजूद लूना-25 को पार्किंग ऑर्बिट से लैंडिंग ऑर्बिट में लाने वाले थ्रस्टर्स ने ऑटोमेटिक कमांड समझने में चूक कर दी और वह अस्थिर कक्षा में पहुंचकर नष्ट हो गया। लेकिन चंद्रयान-3 के एक-एक थ्रस्टर ने कमांड के मुताबिक काम किया। यकीनन इसमें बहुत बड़ी भूमिका चंद्रयान-2 से हासिल किये गये तजुर्बे की रही। चंद्रयान-3 अभियान की सफलता पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह ठीक ही कहा कि यह विकसित एवं नये भारत का जयघोष है और इससे देश को एक नई ऊर्जा और चेतना मिली है। उन्होंने चंद्रयान-3 की सफलता को जिस तरह नये भारत की नई उड़ान करार देते हुए इसे अमृतकाल की प्रथम प्रभा में अमृत वर्षा की संज्ञा दी, उससे इस यकीन को बल मिलता है कि वर्ष 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बनने के अपने सपने को वास्तव में साकार करने की दिशा में बढ़ रहा है।

**इसरो यानी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने चंद्रयान-3 के लैंडर को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रूव पर सफलतापूर्वक पहुंचाकर देश ही नहीं, दुनिया को चमत्कृत करने का काम किया।**

**चंद्रयान-3**

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से




# बेमेल गठबंधन से थाइलैंड में सौदेबाजी, भारत में भी हुई तो?

**थाईलैंड** में ग्यारह छोटे परस्पर-विरोधी राजनीतिक दलों ने 22 अगस्त 2023 को एक वक्ती गठबंधन बना कर सरकार बनाने का दावा पेश किया है। सम्राट महा वाचिरालोंगकोन शायद उनके नेता श्रेष्ठा थावसिन को प्रधानमंत्री बनने का मौका दे भी दें। थाई महाराज अपने को रामदशम (अयोध्या वंश वाले) मानते हैं। मगर यह बेमेल महागठबंधन भारत की अठारहवीं लोकसभा के चुनाव (2024) की दृष्टि से खराब दृष्टांत होगा। सिर्फ सत्ता के लिए पैंतरेबाजी जैसा। दृष्टि केवल राष्ट्रीय संसाधनों की लूट पर गड़ी रहेगी। तिजोरी की चाभी पर। ऐसा हो चुका है। गत मई माह में थाईलैंड में संसदीय चुनाव हुए थे। तब 42 वर्षीय विपक्षी नेता पिटा लिमजारोएनराट देश के प्रधानमंत्री बनने वाले थे। उनकी मूव फॉरवर्ड पार्टी (आगे बढ़ो दल) संसदीय चुनाव में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। लिमजारोएनराट ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर कहा भी था कि वे थाईलैंड के 30वें प्रधानमंत्री बनने के लिए तैयार हैं। गौरतलब है कि इस दल को थाई मतदाताओं ने उनको स्पष्ट जनादेश दिया था। मगर लोकतंत्र-समर्थक को सत्तारूढ़ सैन्य-समर्थित सरकार ने पछाड़ दिया था। चुनाव जीतने वाली पार्टी के नेता होकर भी पिटा लिमजारोएनराट प्रधानमंत्री नहीं बन पाये। उनकी उम्मीदवारी को ही राजाज्ञा द्वारा पाबंद कर दिया गया। थाईलैंड की संसद ने मई के आम चुनाव में पहले स्थान पर रहने वाली प्रगतिशील मूव फॉरवर्ड पार्टी के नेता की दूसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्ति के प्रस्ताव के खिलाफ इस गठबंधन को वोट दिया। हालांकि पिटा लिमजारोएनराट ने प्रतिनिधि सभा में अधिकांश सीटों पर जीतने वाली पार्टियों का एक अलग गठजोड़ बनाया था। इस पूरे नजारे में विडंबना यह है कि ग्यारह दलों ने एक चलताऊ गठजोड़ बनाकर इस सबसे बड़ी संसदीय दल 'फियू थाई पार्टी' के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया। सबसे अधिक संसदीय सीटें जीतने पर भी युवा नेता पिटा को सेना के दबाव में सम्राट ने आमंत्रित नहीं किया। बल्कि नामित किया 60 वर्षीय बिल्डर व्यापारी श्रेष्ठा थावसिन को जिनकी छवि भू-माफिया सरीखी है। उसे सेना का समर्थन भी प्राप्त है। गत माह ही एक सांसद चुबिट कामोल बिसिट ने जांच की मांग की थी कि सांसिरी नामक निजी कंपनी के मालिक श्रेष्ठा थावसिन ने बड़ी मात्रा में कर की चोरी की है। रिश्वतखोरी भी। सरकार बनाने के दावेदार चान ओचा जो अभी रक्षामंत्री हैं, उन्होंने सेना का समर्थन थावसिन को दे दिया। उन्होंने 2014 में सैनिक षड्यंत्र कर सत्ता हथियाई थी। आज वे भी इस नये गठजोड़ में शरीक हैं। इस गठजोड़ में विशेष भूमिका है सलांग पार्टी की जो 2014 के सैनिक षड्यंत्र में भागीदार थी। लोकतंत्र-समर्थक सांसदों को कैद करने में कारगर रही। उसके नेता प्रयुत भी प्रधानमंत्री पद के दावेदार हैं। सत्ता की इस दौड़ में दारोमदार महाराजा पर है जो वंशानुगत ही होता है। वर्तमान सम्राट महा वाचिरालोंगकोन स्पष्टतया सेना-समर्थन गठबंधन के पक्षधर हैं। दुर्भाग्यवश राजा ही गणतंत्र के राष्ट्रपति की भांति प्रधानमंत्री बनवाता है। तो कैसा है थाईलैंड का यह बादशाह? साल 2016 में अपने पिता भूमिबोल अदूल्यादेज की मौत के बाद वो थाईलैंड के सम्राट बने थे। भूमिबोल ने करीब 70 साल तक थाईलैंड पर शासन किया था और वो दुनिया में सबसे लंबे समय तक राजगद्दी पर बैठने वाले राजा थे। उनके अंतिम संस्कार पर करीब 600 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। उनके शव को सोने के रथ पर रखकर श्मशान तक ले जाया गया था। राजा वाचिरालोंगकोन के बारे में कुछ खास बातेंः वे अब तक चार शादियां कर चुके हैं। पिछली तीन शादियों से उनके सात बच्चे हैं। चौथी शादी उन्होंने साल 2019 में अपने निजी सुरक्षा दस्ते की उप प्रमुख सुतिदा तिजाई से की थी जो थाई एयरवेज में होस्टेस थीं। न्यूज एजेंसी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, राजा वाचिरालोंगकोन दुनिया के सबसे अमीर सम्राट हैं। उनके पास दो लाख करोड़ रुपये से भी अधिक की संपत्ति है। उनकी शाही संपत्ति में अरबों रुपये का महल भी शामिल है। राजा वाचिरालोंगकोन को 'एय्याश और रंगीनमिजाज' राजा के तौर पर भी जाना जाता है। कुछ महीने पहले एक रिपोर्ट में कहा गया था कि जर्मनी के एक शानदार होटल में वह शाही हरम की कई औरतों के साथ रह रहे हैं।

■ के. विक्रम राव

**थाई महाराज अपने को रामदशम (अयोध्या वंश वाले) मानते हैं। मगर यह बेमेल महागठबंधन भारत की अठारहवीं लोकसभा के चुनाव (2024) की दृष्टि से खराब दृष्टांत होगा। सिर्फ सत्ता के लिए पैंतरेबाजी जैसा।**

**देश दुनिया**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

NEWS इन ब्रीफ

### बांका में करंट से दो भाईयों की मौत

**पटना/बांका।** बिहार में बांका जिले के बौंसी थाना क्षेत्र के सुजानीटिकर गांव में खेत में कम कर रहे दो चचेरे भाईयों की करंट लगने से मौत हो गई।
पुलिस के मुताबिक गांव निवासी चुन्नीलाल यादव बहियार स्थित अपने खेत जा रहे थे। गांव का ही एक व्यक्ति डकाई नदी से मोटर के जरिए खेत में पानी ले जा रहा था। तार नंगा रहने की वजह से खेत में फैले पानी में भी करंट दौड़ रहा था। जैसे ही चुन्नीलाल का पैर पानी में पड़ा उसे बिजली का तेज झटका लगा। उसे बचाने के लिए चचेरा भाई रघुनाथ यादव भी दौड़ पड़ा। बताया जाता है कि सूखे गमछे से पकड़कर उसने बचाने का प्रयास किया लेकिन खाली पैर रहने और जमीन गीली रहने की वजह से वह भी करंट का शिकार हो गया। जब तक आसपास के लोग समझ पाते दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। आनन-फानन में परिजनों ने दोनों को रेफरल अस्पताल लाया, जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

### मरीन ड्राइव तेलीबांधा से वाकेथॉन का आयोजन 26 को

**रायपुर।** राज्य में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने 26 अगस्त को मरीन ड्राइव तेलीबांधा से वाकेथॉन का आयोजन किया जा रहा है। वाकेथॉन के द्वारा शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने और 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के सभी लोगों का नाम मतदाता सूची में शामिल करने प्रेरित किया जाएगा। दौड़ेगा रायपुर, वोट करेगा रायपुर का उद्देश्य लेकर आयोजित हो रही इस वाकेथॉन में शहर के युवा, महिलाएं, वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांगजन, तृतीय लिंग समुदाय के लोग, समाज सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों सहित शासकीय अधिकारी कर्मचारी और नागरिक बड़ी संख्या में शामिल होंगे। यह वाकेथॉन 26 अगस्त को सबेरे 6 बजे से तेलीबांधा तालाब स्थित मरीन ड्राइव से शुरू होगी। मरीन ड्राइव से शुरू होर आनंद नगर चैक होते हुए केनाल लिंक रोड से छत्तीसगढ़ क्लब और गांधी चौक होकर वाकेथॉन वापस मरीन ड्राइव पर समाप्त होगी।

### दो मोटरसाईकिलों की भिड़ंत में तीन युवकों की मौत, एक गंभीर

**मथुरा।** थाना महावन क्षेत्र अंतर्गत अर्द्धरात्रि दो मोटरसाईकिल की आपस में टक्कर हो गई। हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। थाना महावन क्षेत्र अंतर्गत बीती रात मथुरा की तरफ से जा रही मोटर साईकिल सादाबाद की तरफ से आ रही मोटर साइकिल से टकरा गई। हादसे में दोनों मोटर साईकिल पर सवार चार युवकों में से तीन की मौत हो गई। बलदेव के गांव सेलखेड़ा के रहने वाले सत्येंद्र और पवन किसी काम के लिए बाइक लेकर मथुरा जा रहे थे। तभी मथुरा की तरफ से बाइक पर लौट रहे आकाश और राहुल की बाइक से टकरा गई। हादसे में सत्येंद्र, आकाश और राहुल की मौत हो गई। जबकि पवन घायल हो गया। घायल पवन का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। डॉक्टरों ने उसकी हालत नाजुक बताई है।

### धीरज हत्याकांड का नामजद आरोपी गिरफ्तार

**बेगूसराय।** बेगूसराय पुलिस ने खोदावंदपुर में धीरज हत्याकांड के नामजद आरोपित सतीश पासवान को गिरफ्तार कर लिया है। इसके लिए एसपी ने मंझौल डीएसपी के नेतृत्व में विशेष टीम का गठनकर लगातार छापेमारी कर रही थी। इसी दौरान थानाध्यक्ष सुदीन राम ने गुप्त सूचना के आधार पर धीरज हत्याकांड का एक आरोपित सतीश पासवान को पुलिस बल के साथ पकड़ने के लिए घेराबंदी कर दिया। पुलिस को देखते ही उसने भागने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हो सका।पुलिस टीम ने खदेड़ कर उसे पकड़ लिया। अब इससे पूछताछ की जा रही है।

राज्यपाल पटेल ने सशस्त्र सीमा बल के प्रशिक्षु अधिकारियों को किया संबोधित, कहा

# वर्दी देश के सम्मान का प्रतीक

**एजेंसी। भोपाल**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि वर्दी समाज और देश के सम्मान का प्रतीक है। वर्दी जनता के मन में सुरक्षा का विश्वास पैदा करती है। राज्यपाल पटेल आज गुरूवार को राजभवन में सशस्त्र सीमा बल के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सशस्त्र सीमा बल के प्रशिक्षु अधिकारियों को धैर्यवान, तनावरहित रहने, अच्छे स्वास्थ्य के लिए नियमित योग, व्यायाम करने और पौष्टिक खान-पान की सलाह दी। सशस्त्र सीमा बल के महा निरीक्षक संजीव शर्मा द्वारा राज्यपाल को पौधा एवं स्मृति-चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव डी.पी. आहूजा भी उपस्थित थे। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि राष्ट्र की सीमाओं की रक्षा, नागरिकों के सुख-चैन का आधार होती है। जब परिवार से दूर रहकर हमारी सीमाओं की रक्षा के लिए सीमा के प्रहरी जागते है तभी हम देशवासी चैन और शांति की नींद



सो पाते है। किसी भी देश के सर्वांगीण विकास के लिए सुरक्षा बहुत महत्वपूर्ण होती है। प्रशिक्षु अधिकारी निष्ठा, ईमानदारी एवं राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर-सैनिकों की गाथाओं से प्रेरणा लें। उन्होंने कहा कि सशस्त्र सीमा बल पर नेपाल और भूटान जैसे मित्र राष्ट्रों की सीमाओं की सुरक्षा की संवेदनशील और चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारी है। सीमा की सुरक्षा के लिए असामाजिक तत्वों एवं राष्ट्र विरोधी ताकतों का पूरी कठोरता के साथ दमन करें। साथ ही सीमाओं पर रहने वाले आमजनों को सदैव सुरक्षित महसूस कराएं। कभी किसी निर्दोष के साथ अन्याय नहीं होने पाए। राज्यपाल पटेल ने कहा कि आप लोग कठिन प्रशिक्षण के पश्चात आजादी के अमृतकाल के महत्वपूर्ण प्रसंग में देश की सीमाओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने जा रहे हैं। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों को देश के प्रतिष्ठित और गौरवशाली सुरक्षा बल का सदस्य बनने पर शुभकामनाएं दीं। स्वागत उद्बोधन में महानिरीक्षक एस.एस.बी. अकादमी भोपाल शर्मा ने संघ लोक सेवा आयोग से चयनित 23 प्रशिक्षु अधिकारियों के 52 सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम की संक्षिप्त जानकारी दी। महिला प्रशिक्षु अधिकारी रौनक त्यागी ने समस्त प्रशिक्षु अधिकारियों की ओर से प्रशिक्षण के अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम में राज्यपाल के उप-सचिव स्वरोचिष सोमवंशी, उप-महानिरीक्षक एस.एस.बी. सोमित जोशी एवं सशस्त्र सीमा बल के सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### भाजपा में अंदरूनी कलह, 30 नेताओं ने दिया इस्तीफा

**सिलीगुड़ी।** सिलीगुड़ी सांगठनिक भाजपा जिला कमेटी में अंदरूनी कलह का मामला गुरुवार को सामने आया है। भाजपा के कई नेताओं और मंडल अध्यक्षों के एक साथ पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों के अनुसार, हाल ही में माटीगाड़ा-नक्सलबाड़ी विधायक आनंद बर्मन को जिलाध्यक्ष पद से हटा कर अरुण मंडल को जिम्मेदारी दी गई थी। इसके बाद आनंद बर्मन के समर्थकों ने इसका विरोध किया। जिसके बाद ही भाजपा के कई मंडल अध्यक्षों के अलावा जिला महिला मोर्चा की अध्यक्ष और जिला कमेटी के कई प्रमुख पदाधिकारियों ने इस्तीफा दे दिया। बताया जा रहा है कि भाजपा के दो विधायकों शंकर घोष और आनंद बर्मन के बीच संबंध पिछले कुछ समय से खराब चल रहे है। इधर, शंकर घोष के प्रदेश सचिव बनते ही जिलाध्यक्ष और विधायक आनंद बर्मन से कड़वाहट और बढ़ गई। इस बीच सांसद राजू बिष्ट के साथ भी आनंद बर्मन की कड़वाहट सामने आने लगी। जिसके बाद आनंद बर्मन को जिलाध्यक्ष पद से हटा दिया गया।

विपक्ष की सभाओं में व्यवधान करने का मामला

## कलकत्ता हाई कोर्ट ने बंगाल सरकार को लगाई फटकार

**एजेंसी। कोलकाता**

विपक्षी दलों के लिए सार्वजनिक रैलियां आयोजित करने में अनावश्यक बाधाएं पैदा करने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार को कलकत्ता हाई कोर्ट की नाराजगी का सामना करना पड़ा।
इस मुद्दे पर राज्य सरकार के वकील की आलोचना करते हुए न्यायमूर्ति सेनगुप्ता ने गुरुवार को कहा कि विपक्ष को सार्वजनिक सभा करने से रोकने की कोशिशें पूरी तरह से बचकानी हरकतें हैं। न्यायमूर्ति सेनगुप्ता ने कहा, यह एक पुलिस राज्य नहीं है। न ही राज्य में आपातकाल है। आप इस तरह विपक्षी गतिविधियों को रोकने के लिए बच्चों की तरह नहीं लड़ सकते।" उन्होंने यह टिप्पणी पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी की याचिका पर सुनवाई करते हुए की। अधिकारी ने पूर्वी मिदनापुर जिले के खेजुरी में भाजपा की एक सार्वजनिक सभा की अनुमति नहीं मिलने के फैसले को चुनौती दी थी। एकल



न्यायाधीश पीठ ने विपक्ष के नेता को 26 अगस्त को उसी स्थान पर रैली आयोजित करने की भी अनुमति दी। सभा मूल रूप से 19 अगस्त को निर्धारित थी, लेकिन अंतिम क्षण में रद्द कर दिया गया। जिला पुलिस प्रशासन ने 18 अगस्त से ठीक एक दिन पहले धारा 144 लागू कर दी। इसके बाद, अधिकारी ने सभा की तारीख 26 अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी।पुलिस ने अनुमति देने से इनकार कर दिया जिसके बाद विपक्ष के नेता ने कलकत्ता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। जज सेनगुप्ता ने कहा कि जिला पुलिस ने धारा 144 लगाते समय उचित कानूनी प्रावधानों का पालन नहीं किया।

## ईडी ने मेरे साथ राहजनी और डकैती की : बघेल के ओएसडी

**एजेंसी। रायपुर**

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा की गई छापे की कार्रवाई को राहजनी और डकैती करार दिए जाने के साथ प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।
बीते रोज ईडी ने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा के आवास के अलावा मुख्यमंत्री बघेल से जुड़े दो अन्य लोगों के यहां भी छापे मारे थे। इस कार्रवाई के दौरान ईडी ने दस्तावेज और सोने के जेवरात आदि जब्त किए हैं। कार्रवाई के बाद विनोद वर्मा ने



संवाददाताओं के सामने आकर अपनी बात रखी और कहा कि ईडी द्वारा की गई पूछताछ के दौरान उन्होंने अपने बयान में ईडी पर ही सवाल उठाए और साफ कहा कि ईडी द्वारा मुझे प्रताड़ित किया जा रहा है और जो भी आप (ईडी) कर रहे हैं वह राहजानी और डकैती है। जितना भी सोना मेरे घर से मिला है उसके बिल ईडी को सौंपे हैं। यह सोना 2005 से 2023 के बीच खरीदा गया है। वर्मा ने आगे कहा, मैंने 2005 में पहली बार सोना खरीदा क्योंकि मैं खरीदने लायक तभी हो पाया था, और उसके बाद जितना भी सोना खरीदा इसका एक-एक बिल ईडीके सामने रखा। सिर्फ एक गहने को छोड़कर जो मेरी पत्नी को विवाह के समय मिला था, उसका बिल मेरे पास नहीं है। इसके अलावा पूरे बिल ईडी को दिया है। इसके साथ ही छह ऐसे बिल भी दिए जिसका सोना शादियों में रिश्तेदारों को दिए थे। उन्होंने आगे कहा कि तमाम बिल दिखाए जाने के बावजूद ईडी सारा सोना जब्त कर ले गई।

## भर्तियों के मामले में सटीक योग्यता का विवरण दे यूपीपीएससी : हाईकोर्ट

**एजेंसी। प्रयागराज**

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) की भर्तियों के मामले में गंभीर टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा है कि भर्तियों के मामले में आयोग को विशिष्ट होना चाहिए और इस संबंध में आवश्यक सटीक योग्यता का स्पष्ट विवरण देना चाहिए। कोर्ट ने अपने आदेश में इस संबंध में उचित कार्रवाई करने को भी कहा है। यह टिप्पणी न्यायमूर्ति विकास बुधवार ने विरेंद्र कुमार शुक्ला की याचिका को खारिज करते हुए की।
मामले में आयोग ने प्रवक्ता पद पर भर्ती के लिए जून 2021 में विज्ञापन निकाला था। याची ने रसायन



विज्ञान विषय से प्रवक्ता पद के लिए आवेदन किया और वह प्रारंभिक परीक्षा में क्वालिफाई कर गया। इसके बाद मुख्य परीक्षा में शामिल हुआ लेकिन उसका परिणाम नहीं आया। इस पर याची ने पत्र व्यवहार कर जानकारी मांगी। इसके बावजूद परिणाम सामने नहीं आया। इस पर याची ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। कोर्ट ने आयोग को चयनित न होने वाले याची सहित अन्य 11 अभ्यर्थियों को नए सिरे जानकारी मुहैया कराने का निर्देश दिया। इस पर आयोग की ओर से जानकारी दी गई कि वह चयन योग्य नहीं है। याची ने आयोग के परिणाम को चुनौती दी। याची के अधिवक्ता ने तर्क दिया है कि याची का चयन न करना सही नहीं है। आयोग ने गलती की है। उसका यह निर्णय गलत धारणा पर है। याची फार्मास्युटिकल रसायन से परास्नातक है। जबकि, आयोग के अधिवक्ता ने इसका विरोध किया। कहा कि चयन के लिए शैक्षिक योग्यता एक आवश्यक प्रावधान है। अभ्यर्थी के पास रसायन विज्ञान प्रवक्ता पद के लिए इस विषय में प्रासंगिक डिग्री होनी चाहिए।
कोर्ट ने कहा कि यह प्रश्न कि क्या याची का स्ट्रीम मुख्य विषय से संबंधित है या नहीं। यह आयोग द्वारा ही निर्धारित किया जाना है। हालांकि, याची के वकीलों का कहना है कि याची फार्मास्युटिकल केमिस्ट्री में परास्नातक है, जो रसायन विज्ञान विषय का हिस्सा है लेकिन रसायन विज्ञान विषय की विभिन्न उपधाराओं को देखते हुए यह न्यायालय याचिका में हस्तक्षेप नहीं कर सकता है।

## नगर पालिका भर्ती घोटाले में सुजीत बोस को सीबीआई के समन पर बंगाल में सियासी बवाल

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल में नगरपालिका भर्ती घोटाले के सिलसिले में 31 अगस्त को अग्निशमन सेवा मंत्री सुजीत बोस को सीबीआई के समन पर राजनीतिक घमासान छिड़ गया है। हालांकि गुरुवार दोपहर तक रिपोर्ट दाखिल होने तक बोस खुद इस मामले में किसी भी टिप्पणी के लिए उपलब्ध नहीं थे, लेकिन तृणमूल कांग्रेस के राज्य उपाध्यक्ष जय प्रकाश मजूमदार ने मंत्री के समर्थन में आवाज उठाई है।
मजूमदार ने कहा, भाजपा और केंद्र सरकार के लिए विपक्षी दलों के खिलाफ केंद्रीय जांच एजेंसियों का उपयोग करना एक नियमित अभ्यास रहा है। मुझे सटीक कारण



की जानकारी नहीं है कि राज्य अग्निशमन सेवा मंत्री को क्यों बुलाया गया है। मुझे इस बात की जानकारी नहीं है कि वह पूछताछ का सामना करने के लिए सीबीआई कार्यालय जाएंगे या नहीं। लेकिन यह स्पष्ट है कि केंद्रीय एजेंसियों का हालिया अभियान तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ एक कहानी बनाने के लिए भाजपा की एक चाल है।
पश्चिम बंगाल में बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता समिक भट्टाचार्य के मुताबिक, कलकत्ता हाईकोर्ट के निर्देश के बाद सीबीआई जांच कर रही है। उन्होंने कहा, बेशक राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाकर केंद्रीय एजेंसी की जांच को रोकने की कोशिश की, जो अंततः विफल रही। सीबीआई को कुछ ठोस कारण जरूर मिले हैं, इससे उन्हें लगता है कि मंत्री से पूछताछ की जानी चाहिए। भट्टाचार्य ने कहा, यह आरोप लगाने का कोई मतलब नहीं है कि कार्रवाई किसी राजनीतिक प्रतिशोध का परिणाम है। बोस को दम दम (दक्षिण) नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष के रूप में बिधाननगर नगर निगम (बीएमसी) में भर्ती प्रक्रिया में उनकी भूमिका पर पूछताछ करने के लिए सीबीआई अधिकारियों ने बुलाया था। ईडी के अधिकारियों को पश्चिम बंगाल में निजी रियल एस्टेट प्रमोटर अयान सिल के आवास पर छापेमारी और तलाशी के दौरान पश्चिम बंगाल में विभिन्न नगर पालिकाओं में भर्ती अनियमितताओं के दस्तावेज तक पहुंच मिली। अधिकारियों ने इसकी जानकारी हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय की पीठ को दी, जिन्होंने 21 अप्रैल, 2023 को सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों को मामले की जांच करने का निर्देश दिया।

## सत्ता के बिना बेचैन हो गये हैं अखिलेश : केशव प्रसाद मौर्या

**झांसी। एजेंसी**

अखिलेश यादव सत्ता के बिना बेचैन हैं। अब पिछड़ा वर्ग जाग गया है। पिछड़ा वर्ग अब उनके झांसे में आने वाला नहीं है। सपा सफा पार्टी हो गई है। अब सपा सैफई तक सीमित रह जाने वाली पार्टी बन गई है। यह बात सर्किट हाउस में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कही। वह यहां बुंदेलखंड कांवड़ यात्रा में शामिल होने और कानपुर तथा झांसी नगर निगम के सभासदों के प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करने आए थे। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रयास सबका साथ,सबका विकास



है। यूपी की दृष्टि से 2024 में अब 73 से 80 सीटों तक पहुंचने में सफलता हासिल करेगी। झांसी व काशी समेत पूरी 80 की 80 सीटों पर उत्तर प्रदेश से प्रधानमंत्री को विजय मिलेगी। जिस तरह से राजस्थान,गुजरात, उत्तराखंड उन्हें प्रधानमंत्री बनने के लिए सहयोग देता है, उत्तर प्रदेश भी देगा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव सत्ता के बिना बेचैन हैं। जिस पिछड़ा वर्ग का अभी तक वह दुरुपयोग करते आए हैं, अब वह पिछड़ा वर्ग जाग गया है। सपा सैफई तक सिमट कर सफा पार्टी बन गई है। दूसरी ओर भाजपा 4 करोड़ गरीबों को आवास देकर, लाखों करोड़ों किसानों को किसान सम्मान निधि देते हुए सब का विकास चाहती है। 2047 तक का एजेंडा तय हो चुका है। यह सब यूं ही बातें करते रह जाएंगे। उन्होंने चंद्रयान-3 की सफलता के लिए सभी वैज्ञानिकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जब चंद्रयान-2 असफल हुआ था तो प्रधानमंत्री ने वैज्ञानिकों से कहा था-असफलता एक चुनौती है स्वीकार करो, क्या कमी रह गई देखो और सुधार करो।

### दो करोड़ की अफीम के साथ मादक तस्कर गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** एसओजी और पुलिस की टीम ने रामचन्द्र मिशन थानाक्षेत्र से बाइक सवार दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से पुलिस को दो किलोग्राम अफीम बरामद हुई है। जिसकी कीमत अन्तर-राष्ट्रीय बाजार में करीब दो करोड़ रुपये है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर सुधीर जायसवाल ने गुरुवार को बताया कि एसओजी और थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस की संयुक्त टीम ने बीती देर रात हाइवे पर स्थित त्यागी आश्रम के पास से बाइक सवार दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्करों के कब्जे से दो किलोग्राम अफीम और सैंतीस हजार रुपये बरामद हुए है। पकड़े गए तस्कर झारखंड के जनपद चतरा निवासी राजन कुमार(20) तथा शाहजहांपुर के मदनापुर थानाक्षेत्र के गांव अकबरपुर तिरिया निवासी श्रीकृष्ण(45) है। एएसपी ने बताया की पकड़े गए तस्कर कई वर्षों से अफीम की तस्करी कर रहे हैं। तस्करों को झारखण्ड के चतरा क्षेत्र के मोहल्ला ऊंटा निवासी राजन कुमार सस्ते दामों में अफीम उपलब्ध कराता है।

पहल | सुंदरबन में डिजाइन फ्लोटिंग फार्म कार्यक्रम ने जीते एक लाख डॉलर

# कृषि-व्यवसाय में अवसर पैदा करना है उद्देश्य

**एजेंसी। नई दिल्ली/कोलकाता**

सुंदरबन क्षेत्र में बाढ़ से प्रभावित समुदायों के लिए दक्षिण एशियाई प्रकृति फोरम फॉर एनवायरनमेंट (एसएएफई) द्वारा संचालित और अनुकूलन निधि द्वारा समर्थित स्थानीय रूप से डिजाइन किए गए तैरते खेतों पर 23 नागरिक समाजों में से एक सामुदायिक कार्यक्रम का समावेशी जीईएफ असेंबली चैलेंज कार्यक्रम के लिए वैश्विक पर्यावरण सुविधा (जीईएफ) द्वारा चयन किया गया है। यह कार्यक्रम एक अनोखी पहल है, जो समुदाय-संचालित जलवायु और प्रकृति परियोजनाओं के समर्थन और उन्नयन की प्रतिबद्धता और जीईएफ साझेदारी में स्वदेशी लोगों, महिलाओं, लड़कियों और युवाओं के अद्वितीय योगदान को दर्शाती है। विजेता की घोषणा जीईएफ असेंबली के दौरान की गई, जो इस सप्ताह कनाडा के वैंकूवर में 185 देशों की हर चार साल में एक बार होने वाली सभा है। प्रत्येक पुरस्कार विजेता को एक लाख डॉलर तक



का अनुदान प्राप्त होगा और जीईएफ के माध्यम से नेटवर्किंग, प्रशिक्षण और ज्ञान के आदान-प्रदान का अवसर मिलेगाा।
एसएएफई की पहल को तटीय दक्षिण एशिया में कमजोर समुदायों के लिए एक अनुकूली, जलवायु-लचीला कृषि पद्धति के रूप में हाइड्रोपोनिक फ्लोट-फार्मिंग और एकीकृत जलीय कृषि को प्राकृतिक बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। इसे न केवल लोगों के पोषण और भोजन और आजीविका सुरक्षा में सुधार करने के लिए, बल्कि कृषि-व्यवसाय उद्यमिता के अवसर पैदा करने के लिए डिजाइन किया गया है। पुनर्चक्रित जैविक मिट्टी-मिश्रण के साथ फ्लोट-फार्म ग्रोबैग में उत्सर्जन-रहित पुनयोर्जी खेती को सौर अलवणीकरण और सूक्ष्म-सिंचाई प्रणालियों द्वारा समर्थित किया जाता है। जीईएफ के सीएसओ नेटवर्क, वैज्ञानिक और तकनीकी सलाहकार पैनल, स्वदेशी लोगों के सलाहकार समूह और लिंग भागीदारी के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण सम्मेलनों से जुड़े युवा प्रतिनिधियों से बने चयन पैनल द्वारा लगभग 600 आवेदनों में से 23 विजेताओं को चुना गया था। वे एंटीगुआ और बारबुडा, बेलीज, बोलीविया, कैमरून, चीन, कोलंबिया, कोस्टा रिका, कांगो, इक्वाडोर, हैती, भारत, केन्या, किरिबाती, मेडागास्कर, मैक्सिको, नाइजीरिया, पेरू, सिएरा लियोन, सोमालिया, दक्षिण अफ्रीका दक्षिण सूडान, सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइंस, तंजानिया, थाईलैंड, ट्यूनीशिया और युगांडा सहित 26 देशों में फैले हुए हैं। विजेताओं में तंजानिया में जलवायु लचीलेपन के लिए मासाई लोगों के स्वदेशी ज्ञान को लागू करने वाली एक परियोजना, जैव विविधता को संरक्षित करने के लिए कोस्टारिका में ग्रामीण युवाओं को संगठित करने का प्रयास, एंटीगुआ और बारबुडा में समुद्रतटों की सुरक्षा के लिए महिलाओं और लड़कियों को एक साथ लाने की गतिविधियां और थाईलैंड में हाशिए पर रहने वाले और कमजोर समूहों को सशक्त बनानेकी की परियोजना शामिल हैं। विजेता समूहों में से एक, यू-रीसायकल इनिशिएटिव अफ्रीका के एस्तेर मोरेनिकेजी इमैनुएल ने कहा कि समावेशी जीईएफ असेंबली चैलेंज प्रोग्राम के समर्थन से नाइजीरिया में प्लास्टिक कचरे को कम करने के लिए संगठन के प्रयासों का विस्तार करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, यदि आप बदलाव देखना चाहते हैं, तो आपको उन क्षेत्रों में छोटी शुरूआत करनी होगी जहां आप सीधा प्रभाव डाल सकते हैं। जीईएफ परिषद में कनाडा के प्रतिनिधि टॉम बुई ने वैंकूवर में सभा की आधारशिला के रूप में समावेशी जीईएफ असेंबली चैलेंज कार्यक्रम का स्वागत किया उन्होंने कहा, रहने योग्य ग्रह की सुरक्षा के लिए स्थायी बदलाव लाने का तरीका एक-दूसरे को सुनना है। हमें अपने मतभेदों को स्वीकार करने और सभी समाजों में मौजूद विचारों की समृद्ध विविधता का लाभ उठाने की जरूरत है। जीईएफ के सीईओ और चेयरपर्सन कार्लोस मैनुअल रोड्रिग्ज ने कहा, जलवायु लचीलेपन, समुद्र तट संरक्षण के लिए स्थानीय रूप से डिजाइन किए गए, स्थानीय स्तर पर किए गए उपायों का जश्न मनाना और उन्हें वित्त पोषित करना सौभाग्य है।

## NEWS इन ब्रीफ

### फाइनल में हारे प्रगनानंदा, कार्लसन ने जीता टाईब्रेकर



**चेन्नई।** 18 वर्षीय भारतीय शतरंज ग्रैंडमास्टर आर. प्रगनानंदा गुरुवार को बाकू में आयोजित फिडे विश्व कप के फाइनल के टाई-ब्रेकर गेम में पूर्व विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन से हार गए। भारत के युवा चेस खिलाड़ी आर प्रगनानंदा का फिडे वर्ल्ड कप जीतने का सपना टूट गया है। गुरुवार को खेले गए टाईब्रेकर में उन्हें 5 बार के वर्ल्ड चैंपियन मैग्नस कार्लसन ने एक ड्रॉ और एक जीत से हराया। टाईब्रेकर का पहला रैपिड गेम नार्वे के खिलाड़ी ने 47 मूव के बाद जीता था। दूसरा गेम ड्रॉ रहा और कार्लसन विजेता बन गए।

### फीबा के नए अध्यक्ष चुने गए शेख सऊद अली अल थानी




**जिनेवा।** शेख सऊद अली अल थानी को अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल महासंघ (फीबा) का नया अध्यक्ष चुना गया है। थानी हमाने नियांग की जगह लेंगे। थानी ने फीबा द्वारा जारी एक आधिकारिक एक बयान में कहा, यह जिम्मेदारी संभालना मेरे लिए, मेरे देश कतर के लिए, और हमारे एशिया महाद्वीप के लिए एक बड़ा सम्मान है। मैं अब सभी पांच क्षेत्रों के सभी 212 राष्ट्रीय महासंघों के हितों का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं।

### यूएस ओपन के बाद पेशेवर टेनिस को अलविदा कहेंगे जॉन इस्नर



**नई दिल्ली।** अमेरिका के स्टार टेनिस खिलाड़ी जॉन इस्नर ने 2023 यूएस ओपन के बाद पेशेवर टेनिस से संन्यास लेने की घोषणा की है। 38 वर्षीय इस्नर ने सोशल मीडिया पर अपनी पत्नी और बच्चों के साथ एक फोटो पोस्ट की और लिखा, एटीपी टूर पर 17 से अधिक वर्षों के बाद, पेशेवर टेनिस को अलविदा कहने का समय आ गया है। यह परिवर्तन आसान नहीं होगा लेकिन मैं अपने अद्भुत परिवार के साथ इसके हर पल का इंतजार कर रहा हूं। यूएस ओपन मेरा अंतिम टूर्नामेंट होगा, आखिरी बार जूतों को बांधने का समय आ गया है। विंबलडन सेमीफाइनल में पहुंचने के तुरंत बाद, 2018 में इस्नर अपने करियर की सर्वोच्च रैंकिंग 8वें नंबर पर पहुंच गए थे।

# आगामी हांगझाऊ एशियाई खेलों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं एशियाई देश



**एजेंसी। हांगझाऊ**

चीन के हांगझाऊ में 19वें एशियाई खेलों के शुरू होने में सिर्फ 30 दिन बचे हैं, एशिया भर के देश और क्षेत्र आगामी खेल आयोजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अप्रैल में हांगझाऊ का दौरा करने वाले इनोमाटा ने कहा, प्रत्येक स्थल शानदार है, और कर्मचारी और स्वयंसेवक उत्साहित हैं। खासकर मेट्रो की सवारी करते समय, खिड़कियों के बाहर चल रहे सिंक्रोनाइज्ड प्रचार वीडियो विस्मयकारी हैं। थाई ओलंपिक समिति के उपाध्यक्ष चारोएन वत्तानासिन ने हांगझाऊ एशियाई खेलों के नारे, 'हार्ट टू हार्ट, @फ्यूचर' की प्रशंसा की। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, वह इसकी व्याख्या ईमानदारी से बातचीत और आपसी समझ के साथ-साथ भविष्य की ओर निरंतर यात्रा पर जोर देने के रूप में करते हैं। प्रतिनिधिमंडल हांगझाऊ में अपनी पहचान बनाने की उम्मीद कर रहे हैं।

सिंगापुर शेफ डी मिशन कोह कून टेक ने कहा, हम एशियाई खेलों के लिए अपनी सबसे बड़ी टीम सिंगापुर दल भेज रहे हैं। एथलीटों ने अपने लक्ष्य निर्धारित कर लिए हैं और उन्हें पूरा करने के लिए अपनी प्रदर्शन टीम के साथ मिलकर काम करेंगे। मुझे विश्वास है कि, यदि वे अच्छी तरह से प्रशिक्षण लेते रहे और अपना ध्यान केंद्रित रखते रहे, तो वे हांगझाऊ में अपनी क्षमता के अनुसार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सक्षम होंगे। मैं लगभग 10 वर्षों से शूटिंग कर रहा हूं। मैंने टोक्यो ओलंपिक में भाग लिया और अपना रिकॉर्ड तोड़ने में सक्षम रहा। पिछले खेलों की तुलना में, मैं आश्वस्त हूं और मुझे अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड करने की उम्मीद है, लेंचु कुएनजांग ने कहा, जो भूटान के लिए पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा करेंगे और उन्हें पदक के दावेदार के रूप में देखा जा रहा है।

हांगकांग ओलंपिक समिति के एक अधिकारी ने साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट को बताया, हमारे समग्र खेल मानक में सुधार हो रहा है, और तैराकी, तलवारबाजी, साइक्लिंग और एथलेटिक्स जैसे प्रमुख खेल मजबूत दल भेज रहे हैं। दक्षिण कोरिया भी एशियाई खेलों में अपना अब तक का सबसे बड़ा प्रतिनिधिमंडल भेज रहा है, जिसमें कुल 1,180 लोग शामिल होंगे। यह संख्या 2018 जकार्ता एशियाई खेलों और यहां तक कि 2014 इंचियोन एशियाई खेलों में उनकी उपस्थिति को पार कर गई है जब दक्षिण कोरिया मेजबान था।

सोल निवासी ली सेओंग-हुई ने कहा, कोविड-19 महामारी के शांत होने के बाद, हम आखिरकार ऐसी भव्य प्रतियोगिता का स्वागत कर रहे हैं। दर्शकों ने पिछले कुछ समय से इस तरह के बड़े पैमाने के आयोजन का आनंद नहीं लिया है, यह सभी के लिए एक शानदार उत्सव होगा।

एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) के कार्यवाहक अध्यक्ष राजा रणधीर सिंह का मानना है कि तैयारियां एक यादगार और ऐतिहासिक आयोजन का वादा करती हैं। राजा रणधीर सिंह ने कहा, हांगझाऊ एशियाई खेलों की आयोजन समिति ने अपनी सावधानीपूर्वक योजना और तैयारियों में उल्लेखनीय काम किया है और वे कुछ ही हफ्तों में हांगझाऊ और झेजियांग प्रांत के पांच सह-मेजबान शहरों में 19वें एशियाई खेलों का स्वागत करने के लिए तैयार हैं।

हांगझाऊ एशियाई खेलों में 54 प्रतियोगिता स्थलों पर 40 खेल, 61 स्पर्धाएं और 483 प्रतियोगिताएं होंगी। यह तीसरा अवसर है जब चीन 1990 में बीजिंग और 2010 में गुआंग्झू के बाद ओसीए के हस्ताक्षर कार्यक्रम की मेजबानी करेगा।

# रांची में एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी खेलना गौरवमय होगा : सविता



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता पूनिया ने कहा है कि झारखंड की राजधानी रांची में एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी 2023 खेलना गौरवमय अनुभव होगा। महिला एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी 27 अक्टूबर से पांच नवंबर के बीच आयोजित होगी और भारत पहली बार इस टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है। भारतीय टीम की कप्तान सविता ने टूर्नामेंट के बारे में अपना उत्साह और भारतीय धरती पर इस तरह के प्रतिष्ठित आयोजन की मेजबानी के सम्मान को साझा किया। सविता ने कहा, 'भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान होने के नाते मैं यह जानकर बेहद रोमांचित हूं कि महिलाओं के लिए एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी रांची में होने वाली है।' उन्होंने कहा, 'यह घोषणा उस प्रगति और मान्यता का प्रमाण है जो महिला हॉकी ने न केवल भारत में बल्कि पूरे एशिया में हासिल की है। इतने महत्वपूर्ण मंच पर अपने देश का प्रतिनिधित्व करना हमें बेहद गर्व से भर देता है।'

टूर्नामेंट के सातवें संस्करण में जापान, कोरिया, चीन, मलेशिया, थाईलैंड और मेजबान भारत के भाग लेने की उम्मीद है। सविता ने कहा, 'रांची में हमारे घरेलू दर्शकों के सामने प्रतिस्पर्धा करना बेशक एक गौरवमय अनुभव होगा। हमारे प्रशंसकों की ऊर्जा, समर्थन और उत्साह हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिये प्रेरित करते हैं। हम भारतीय महिला हॉकी को परिभाषित करने वाले अपने कौशल, दृढ़ संकल्प और सामूहिक भावना का प्रदर्शन करने के लिये उत्सुक हैं।' भारतीय महिला हॉकी टीम अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपने हालिया असाधारण प्रदर्शन से सुर्खियां बटोरती आयी है और आगामी टूर्नामेंट उनके लिये शानदार प्रदर्शन करने का एक और मौका है। सविता ने कहा, 'हम इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाने और अपनी छाप छोड़ने की पूरी कोशिश करेंगे। हम कड़ा प्रशिक्षण ले रहे हैं और अपने घरेलू दर्शकों के सामने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने और अपना दूसरा एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी खिताब जीतकर देश को गौरवान्वित करने के लिए हर पहलू पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।' भारतीय महिला टीम ने 2016 में एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी का खिताब जीता जबकि 2018 में वह उपविजेता रही थी। सविता की टीम के पास घरेलू सरजमीन पर खेलते हुए शीर्ष खिताब हासिल करने का मौका होगा।

# कप्तानी करने में बहुत मजा आया : बुमराह



**एजेंसी। डबलिन**

भारत की आयरलैंड पर 2-0 से टी-20 सीरीज जीत में, कार्यवाहक कप्तान जसप्रीत बुमराह ने आठ ओवरों में 39 रन देकर चार विकेट के साथ सप्ताह भर की यात्रा समाप्त की। उन्होंने कहा कि कप्तानी करने में बहुत मजा आया और गेंदबाजी करते समय उन्हें चोट का ख्याल ही नहीं रहा। तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने भी चार विकेट लिए, जिससे भारत राहत की सांस ले सकता है कि उसके दो तेज गेंदबाजी विकल्प फिट दिख रहे हैं और पीठ की चोटों से वापसी के बाद एशिया कप और विश्व कप में जाने के लिए तैयार हैं। प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए बुमराह ने कहा, (कप्तानी करना) बहुत मजेदार रहा और उनकी कप्तानी करना सम्मान की बात थी। बारिश होने पर भी वे उत्साहित और उत्सुक थे। जब खिलाड़ी इतने आश्वस्त होते हैं तो मेरा काम आसान हो जाता है और वे मुझे बताते हैं कि क्या करना है।

उन्होंने आगे कहा कि आयरलैंड में गेंदबाजी करते समय उनके दिमाग में चोट का ख्याल नहीं आ रहा था। एक साल नहीं, 10-11 महीने (खेल से दूर)। मैं उस (चोट) के बारे में नहीं सोचता। जब आपको अपनी टीम की कप्तानी करने का मौका मिलता है, तो आप हमेशा इसे लेते हैं। एक क्रिकेटर के रूप में आप हमेशा जिम्मेदारी का आनंद लेते हैं। सब अच्छा है, कोई शिकायत नहीं। मालाहाइड में रद्द हुए तीसरे टी20 मैच के बारे में बात करते हुए, बुमराह ने कहा, खेल होने का इंतजार करना निराशाजनक था। यह कुछ ऐसा था जिसे हमने होते हुए नहीं देखा क्योंकि पहले मौसम ठीक था।

आयरलैंड के कप्तान पॉल स्टर्लिंग ने कहा कि उनकी टीम के लिए कई अच्छे बिंदु हैं। अच्छे क्रिकेट का दौर... टुकड़ों में। बहुत सारी सकारात्मकताएं हैं लेकिन यह उन मैचों को खत्म करने के बारे में है। भारत जब भी यहां आता है तो हमेशा उच्च गुणवत्ता वाला अच्छा क्रिकेट देता है।

अगले साल वेस्ट इंडीज और यूएसए में होने वाले पुरुष टी20 विश्व कप के साथ, स्टर्लिंग ने कहा कि आयरलैंड का ध्यान इस ओर है। अच्छा होता कि आज एक गेम मिलता और कुछ नए चेहरों को मौका दिया जाता। टी20 विश्व कप की ओर यात्रा जारी है। यह 10 महीने के लिए तैयारी है।

# टी10 प्रारूप वास्तव में अच्छा व काफी चुनौतीपूर्ण : गंभीर



**एजेंसी। लॉडरहिल**

अपने समय के सबसे बेहतरीन और विस्फोटक बल्लेबाजों में से एक माने जाने पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर ने टी10 क्रिकेट को चुनौतीपूर्ण लेकिन आनंददायक प्रारूप बताया। फ्लोरिडा में पहले यूएस मास्टर्स टी10 टूर्नामेंट में न्यू जर्सी ट्राइटन के कप्तान, गंभीर, जिन्होंने 2012 और 2014 में कोलकाता नाइट राइडर्स को दो आईपीएल खिताब दिलाए थे, ने यह भी कहा कि वह अभी भी तेज गति वाले प्रारूप के आदी हो रहे हैं। गंभीर ने कहा, टी10 प्रारूप वास्तव में अच्छा है और काफी चुनौतीपूर्ण भी है। यह एक बहुत ही रोमांचक प्रारूप है और उम्मीद है कि यह टूर्नामेंट यूएसए में खेल के लिए अधिक प्रशंसकों को लाने में मदद करेगा। क्रिकेट के सबसे तेज और सबसे विस्फोटक प्रारूप की बारीकियों के बारे में गंभीर ने कहा कि हालांकि टी10 थोड़ा मुश्किल हो सकता है, लेकिन यह खिलाड़ियों को प्रदर्शन करने का भरपूर मौका देता है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि प्रारूप जितना छोटा होगा, आपके पास अधिक अवसर होंगे, खासकर गेंदबाजों के साथ क्योंकि आप जानते हैं कि बल्लेबाज हर गेंद पर आपको मारने की कोशिश करेगा। तो, हमेशा एक अवसर रहेगा। लेकिन बल्लेबाजों के लिए जाहिर तौर पर यह मुश्किल होने वाला है क्योंकि यह वहां जाने और पहली गेंद से हिट करने के बारे में है, जो कभी-कभी आसान नहीं होता है।

**यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग फेडरेशन का बड़ा फैसला**

# भारतीय ध्वज तले नहीं खेल पाएंगे पहलवान



**एजेंसी। नई दिल्ली**

यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग फेडरेशन (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) ने समय पर चुनाव नहीं कराने के कारण भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को निलंबित कर दिया जिसका मतलब है कि भारतीय पहलवान आगामी विश्व चैंपियनशिप में भारतीय ध्वज तले नहीं खेल पाएंगे। भारतीय पहलवान 16 सितंबर से शुरू होने वाली विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में तटस्थ खिलाड़ी के रूप में भाग लेंगे। विश्व चैंपियनशिप पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाईंग प्रतियोगिता भी है। भूपेंद्र सिंह बाजवा की अगुवाई वाले तदर्थ पैनल को 45 दिनों के अंदर चुनाव कराने की समय सीमा दी गई थी लेकिन वह इसका पालन करने में नाकाम रहे। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने कुश्ती का कामकाज देखने के लिए 27 अप्रैल को तदर्थ पैनल की नियुक्ति की थी। यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने 28 अप्रैल को चेतावनी दी थी कि अगर चुनाव कराने के लिए समय सीमा का पालन नहीं किया जाता है तो वह भारतीय महासंघ को निलंबित कर सकता है। आईओए के सूत्रों ने पीटीआई से कहा, यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने बुधवार की रात को तदर्थ पैनल को बताया कि कार्यकारिणी के चुनाव नहीं कराने के कारण डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया गया है।' डब्ल्यूएफआई पहले सात मई को होने थे लेकिन खेल मंत्रालय ने इस प्रक्रिया को अमान्य करार दे दिया था। कई असंतुष्ट और असंबद्ध राज्य इकाइयों के मतदान में भाग लेने का अधिकार हासिल करने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाने के कारण चुनाव कई बार स्थगित किए गए।

**यूएस ओपन कप**

# मेस्सी के कमाल से इंटर मियामी ने फाइनल में बनाई जगह



**एजेंसी। सिनसिनाटी**

लियोनेल मेस्सी ने दो गोल करने में मदद की और बाद में पेनल्टी किक पर गोल दागा जिससे इंटर मियामी ने दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करके मेजर सॉकर लीग में शीर्ष पर चल रहे सिनसिनाटी को पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से हराकर यूएस ओपन कप फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया। सिनसिनाटी ने शुरू में ही 2-0 से बढ़त हासिल कर ली थी। इसके बाद मेस्सी के प्रयासों से लियोनार्डो कैम्पाना ने दो गोल दागकर इंटर मियामी को बराबरी दिलाई। मियामी ने अतिरिक्त समय के तीसरे मिनट में जोसेफ मार्टिनेज के गोल से बढ़त बनाई लेकिन सिनसिनाटी ने 114वें मिनट में युया कुबो के गोल से मैच को फिर बराबरी पर ला दिया। इसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया जिसमें मियामी जीत दर्ज करने में सफल रहा। मियामी 27 सितंबर को होने वाले फाइनल में ह्यूस्टन डायनेमो से भिड़ेगा जिसने एक अन्य सेमीफाइनल में रियल साल्ट लेक को 3-1 से हराया।

**एशिया कप 2023** — चयनकर्ताओं पर भड़के हरभजन सिंह, कहा-

# चहल को टीम इंडिया में न चुनकर गलती की



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह ने युजवेंद्र चहल को वर्तमान समय में सीमित ओवरों में देश का सर्वश्रेष्ठ स्पिनर करार देते हुए कहा कि चयनकर्ताओं ने 30 अगस्त से पाकिस्तान और श्रीलंका में होने वाले एशिया कप के लिए उन्हें टीम में न चुनकर गलती की। चहल को एशिया कप के लिए भारतीय टीम में शामिल नहीं किया गया है। चयनकर्ताओं ने उनकी बजाय कुलदीप यादव और अक्षर पटेल को प्राथमिकता दी।

हरभजन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, इस टीम में मुझे जो एक कमी और गलती लगी, वह है युजवेंद्र चहल की अनुपस्थिति। मेरे विचार में उन्हें एशिया कप के लिए टीम में होना चाहिए था। उन्होंने कहा, चहल ऐसा लेग स्पिनर है जो गेंद को टर्न करा सकता है। अगर आप वास्तविक स्पिनर की बात करते हैं तो मुझे नहीं लगता कि सीमित ओवरों के प्रारूप में भारत में चहल से बेहतर कोई स्पिनर है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में 711 विकेट लेने वाले 43 वर्षीय हरभजन ने कहा, यह सही है कि पिछले कुछ मैचों में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा लेकिन इससे वह खराब गेंदबाज नहीं बन जाते हैं। हरभजन को उम्मीद है कि हाल के दिनों में टीम से अंदर बाहर होने वाले 33 वर्षीय चहल भारत में अक्टूबर-नवंबर में होने वाले 50 ओवरों के विश्वकप में वापसी करेंगे। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है उनके लिए दरवाजे बंद नहीं हुए होंगे। विश्वकप के लिए उनके नाम पर विचार करना महत्वपूर्ण होगा क्योंकि यह टूर्नामेंट भारत में खेला जाएगा। हरभजन ने कहा, चहल साबित कर चुके हैं कि वह मैच विजेता गेंदबाज हैं। मैं समझता हूं कि अभी उनकी फॉर्म अच्छी नहीं है, इसलिए आप उन्हें विश्राम दे सकते हैं। लेकिन मेरा मानना है कि अगर वह टीम के साथ होते तो उनका आत्मविश्वास बना रहता। कोई भी खिलाड़ी जब बाहर होने के बाद वापसी करता है तो उस पर अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव रहता है।

### भारत की विश्व कप टीम के संभावित खिलाड़ियों का होगा फिटनेस परीक्षण

**भारत** की विश्व कप टीम में जगह बनाने की दौड़ में शामिल 18 खिलाड़ियों को अलूर में व्यापक फिटनेस और मेडिकल परीक्षण से गुजरना होगा क्योंकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) इस प्रतिष्ठित आयोजन से पहले कोई कसर नहीं छोड़ना चाहता। हालांकि इनमें से अधिकांश परीक्षण नियमित प्रकृति के होते हैं और समय-समय पर राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) या बीसीसीआई की मेडिकल टीम द्वारा आयोजित किए जाते हैं, लेकिन अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विश्व कप से पहले इसका महत्व अधिक हो जाता है।

मामले की जानकारी रखने वाले बीसीसीआई के एक सूत्र ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर बताया, हां, जिन खिलाड़ियों ने हाल ही में आयरलैंड में श्रृंखला खेली है (जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, संजू सैमसन), उन्हें छोड़कर अधिकतर खिलाड़ियों का नियमित फिटनेस परीक्षण अनिवार्य रक्त परीक्षण के साथ किया जाएगा। जिन मापदंडों की जांच की जाएगी, उनमें लिपिड प्रोफाइल, रक्त शर्करा (उपवास और पीपी), यूरिक एसिड, कैल्शियम, विटामिन बी12 और डी, क्रिएटिनिन, टेस्टोस्टेरोन शामिल हैं। कई बार डेक्सा परीक्षण भी होते हैं। यह हड्डियों के घनत्व की जांच करने के लिए एक प्रकार का स्कैन है।

एनसीए में काम कर चुके सूत्र ने कहा, इसमें कुछ भी नया नहीं है, श्रृंखला के बीच में जब खिलाड़ी ब्रेक लेते हैं तो ये परीक्षण होते हैं। उनके पास उनके शरीर की आवश्यकता के अनुसार व्यक्तिगत आहार चार्ट और अनुकूलित प्रशिक्षण मॉड्यूल भी है। उन्होंने कहा कि जहां तक आराम और रिकवरी की बात है तो आठ से नौ घंटे की गहरी नींद से बेहतर कोई तरीका नहीं है। उन्होंने कहा, यह एक ज्ञात तथ्य है कि अगर आठ से नौ घंटे की गहरी नींद ली जाए तो चोट लगने की संभावना हमेशा कम होती है।



# टीवीएस का इलेक्ट्रिक स्कूटर 'टीवीएस एक्स' हुआ लॉन्च



**एजेंसी। नई दिल्ली।** दोपहिया वाहन बनाने वाली भारतीय कंपनी टीवीएस मोटर ने नई इलेक्ट्रिक स्कूटर टीवीएस एक्स को लॉन्च कर दिया है। कंपनी ने बेंगलुरु में इसकी एक्स-शोरूम कीमत 2.50 लाख रुपये रखी है। इसकी बुकिंग की शुरूआत हो गई है, जिसकी डिलीवरी नवंबर से अलग-अलग फेज में की जाएगी। कंपनी ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि टीवीएस मोटर कंपनी ने भारत और विदेशों में युवा आबादी को लक्षित करते टीवीएस एक्स को लॉन्च किया है। कंपनी ने अपने प्रीमियम इलेक्ट्रिक क्रॉसओवर इस दोपहिया वाहन की शुरूआती कीमत करीब 2.50 लाख रुपये रखी है। यह उच्च-प्रदर्शन बैटरी पैक से लैस है। टीवीएस मोटर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के एन राधाकृष्णन ने कहा कि टीवीएस एक्स स्कूटर 2,49,990 रुपये एक्स-शोरूम बेंगलुरु की शुरूआती कीमत पर उपलब्ध होगा। पोर्टेबल 950 वॉट चार्जर 16,275 रुपये (जीएसटी सहित) पर और तीन किलोवॉट का एक स्मार्ट एक्स होम रैपिड चार्जर भी विकल्प के रूप में मौजूद है। कंपनी का दावा है कि यह लाइव लोकेशन शेयरिंग फीचर के साथ आने वाला यह भारत का सबसे महंगा इलेक्ट्रिक स्कूटर है।

# चार दिनों में मुकेश अंबानी ने गवांए 30,000 करोड़



**एजेंसी। नई दिल्ली** जियो फाइनेंशियल सर्विसेज की विगत सोमवार को लिस्टिंग हुई थी और तबसे उसने एक बार भी तेजी का मुंह नहीं देखा है। कंपनी के शेयरों में गिरावट का दौर गुरुवार लगातार चौथे दिन भी जारी रहा। बीएसई पर यह मंगलवार को यह 227.25 परसेंट पर बंद हुआ था और आज 215.90 रुपये पर खुला। भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी की इस कंपनी के शेयरों में चार दिन में 20 परसेंट की गिरावट आ चुकी है। चार दिन की गिरावट में कंपनी का मार्केट कैप करीब 30,000 करोड़ रुपये घट चुका है। जानकारों का कहना है कि इंडेक्स फंड्स की बिकवाली के कारण कंपनी के शेयरों में गिरावट आ रही है। कंपनी का मार्केट कैप अब 1,37,167.41 करोड़ रुपये रह गया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने हाल में अपनी फाइनेंशियल बिजनस को अलग किया था और इसे जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड नाम दिया गया है। रिलायंस के शेयरहोल्डर्स को प्रत्येक शेयर पर जेएफएसएल का एक शेयर दिया गया था। 20 जुलाई को प्री-लिस्टिंग में इसकी वैल्यू 261.85 रुपये निकली थी जो ब्रोकरेज कंपनियों के अनुमान से ज्यादा थी। 21 अगस्त को बीएसई पर इसकी लिस्टिंग 265 रुपये पर हुई थी जबकि एनएसई पर यह 262 रुपये पर लिस्ट हुआ था। मगर इंस्टीट्यूशनल और पैसिव फंड्स की भारी बिकवाली के कारण यह लगातार चार दिन से लोअर सर्किट में फंस रहा है। कंपनी के शेयरों को 23 अगस्त को निफ्टी और सेंसेक्स से बाहर किया जाना था लेकिन अब इन्हें 29 अगस्त को ट्रेडिंग शुरू होने से पहले रिमूव किया जाएगा।

### अब जिन्ना हाउस अग्निकांड मामले में इमरान से पूछताछ के आदेश

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। तोशाखाना मामले में तीन साल की सजा सुनाए जाने के बाद अटक जेल में बंद इमरान को अब लाहौर के आतंकवाद-रोधी अदालत ने 09 मई को हुई हिंसा और जिन्ना हाउस अग्निकांड मामले में गिरफ्तार कर पूछताछ के आदेश दिये हैं। बीती 09 मई को इमरान खान अल-कादिर ट्रस्ट से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार हुए थे। इससे इमरान समर्थक भड़क गए और उन्होंने लाहौर से लेकर कराची तक जमकर हिंसा की। हैरानी वाली बात ये रही कि समर्थकों ने सेना के प्रतिष्ठानों को भी नहीं बख्शा और उनमें तोड़फोड़ व आगजनी की। पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना के लाहौर स्थित घर को भी आग के हवाले कर दिया गया। इमरान समर्थकों ने जिन्ना के लाहौर स्थित जिस घर को फूंका, उसे लाहौर कॉर्प्स कमांडर हाउस के तौर पर जाना जाता है।

# आरबीआई ने डिजिटल भुगतान की सीमा 500 की



**एजेंसी। नई दिल्ली** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने ऑफलाइन मोड में किए जाने वाले छोटे मूल्य के डिजिटल भुगतान के लिए लेन-देन की सीमा को पहले के 200 रुपये से बढ़ाकर 500 रुपये प्रति कर दिया है। ये तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। रिजर्व बैंक ने गुरुवार को जारी एक अधिसूचना में कहा कि ऑफलाइन भुगतान लेन-देन की ऊपरी सीमा बढ़ाकर 500 कर दी गई है। यह निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। छोटे मूल्य के डिजिटल भुगतान से संबंधित अन्य सभी निर्देश पूर्ववत रहेंगे। आरबीआई ने 10 अगस्त को अपने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की समीक्षा बैठक के बाद ऑफलाइन लेन-देन की सीमा को बढ़ाने का प्रस्ताव किया था। आरबीआई गवर्नर ने एमपीसी के फैसले की जानकारी देते हुए कहा था कि प्रति लेन-देन सीमा 500 रुपये तक बढ़ाया जा रहा है। हालांकि, कुल भुगतान की सीमा 2000 रुपये ही होगी।

### अलग तेवर : ब्रिक्स सम्मेलन में मिले कई बार

# लेकिन मोदी और जिनपिंग में नहीं हुई सीधी बातचीत

**एजेंसी। जोहान्सबर्ग** दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में तीन दिन चले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग का कई बार आमना-सामना हुआ, लेकिन न ही बातचीत का माहौल नहीं बना और न ही सीधी बात हुई। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की शुरूआत से पहले कयास लगाए जा रहे थे कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच शिखर सम्मेलन से इतर द्विपक्षीय बातचीत भी हो सकती है। सम्मेलन के दौरान द्विपक्षीय बातचीत के ये कयास महज कयास ही रह गए और दोनों नेताओं में बातचीत नहीं हुई। हालात ये हैं कि दोनों नेताओं का कई बार आमना सामना तो हुआ, किन्तु बातचीत का माहौल नहीं बना। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का एक वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में भारत के प्रधानमंत्री मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग एक दूसरे से बात करते हुए दिख रहे हैं। हालांकि, दोनों के बीच बात बस कुल पलों की ही हुई। इस दौरान और भी कई देशों के नेता मौजूद रहे। वीडियो में देखा जा सकता है कि प्रधानमंत्री मोदी ने जिनपिंग की तरफ मुड़कर भी नहीं देखा। बस पास से गुजरते वक्त कुछ सेकंड बात की और आगे बढ़ गए। इसके बाद दोनों नेता अपनी-अपनी कुर्सियों पर बैठ गए। इससे पहले ब्रिक्स परिवार की तस्वीर के लिए जब पांचों देशों के प्रतिनिधि मंच पर पहुंचे, तो प्रधानमंत्री मोदी और शी जिनपिंग भी वहां मौजूद थे। ऐसे में सबकी नजरें दोनों नेताओं पर टिक गईं।

# ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत, एशियाई बाजारों में भी मजबूती

**एजेंसी। नई दिल्ली** ग्लोबल मार्केट से आज पॉजिटिव संकेत मिल रहे हैं। वॉल स्ट्रीट के तीनों सूचकांक पिछले सत्र के दौरान बढ़त के साथ बंद हुए। इसी तरह यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र में लगातार मजबूती के साथ कारोबार करते रहे। एशियाई बाजारों में भी आज आमतौर पर बढ़त के साथ कारोबार होता नजर आ रहा है। टेक शेयरों में आई तेजी के कारण पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार में उत्साह का माहौल बना रहा। डाउ जॉन्स 0.13 प्रतिशत की मजबूती के साथ 34,518.18 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 1.10 प्रतिशत की छलांग लगा कर 4,436.01 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 215.15 अंक यानी 1.59 प्रतिशत की तेजी के साथ 13,721.03 अंक के स्तर पर बंद हुआ। पिछले सत्र के दौरान यूरोपीय बाजार में भी पॉजिटिव रुख बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.68 प्रतिशत की बढ़त के साथ 7,320.53 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.08 अंक की तेजी के साथ 7,246.62 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.14 प्रतिशत की मजबूती के साथ 15,728.41 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजार में भी आज मजबूती नजर आ रही है। गिफ्ट निफ्टी 0.30 प्रतिशत की तेजी के साथ 19,571 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह निक्केई इंडेक्स 143.90 अंक यानी 0.48 प्रतिशत की बढ़त के साथ 32,162.94 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है।

### अशोक लेलैंड की ड्रीम ड्राइव पहुंची रांची

रांची। अशोक लेलैंड के 75 साल पूरे होने का जश्न मनाते हुए ड्रीम ड्राइव के हिस्से के रूप में अशोक लेलैंड का बॉस 1415 और बड़ा दोस्त वाहन रांची पहुंची। गुवाहाटी से यात्रा करते हुए, वाहन जमशेदपुर की ओर जा रहा है। यह अभियान भंडारा के मैन्यूफेक्चरिंग प्लांट में समाप्त होगा। इस यात्रा में राउरकेला, संबलपुर और रायपुर भी शामिल होंगे। कुल 10 वाहनों के साथ ड्रीम ड्राइव देशभर में पांच अलग-अलग मार्गों पर भ्रमण कर रही है। बेंगलुरु, मुंबई, जम्मू, कोलकाता और डिब्रूगढ़ से शुरू होकर, यह अभियान देश भर के प्रमुख स्थानों से होकर गुजर रहा है और अशोक लेलैंड के मैन्यूफेक्चरिंग प्लांट्स में समाप्त होगा। इस अभियान का उद्देश्य कई आयामों में राष्ट्र के साथ कंपनी के स्थायी संबंधों का जश्न मनाना है। साथ ही, अशोक लेलैंड अपने डीलरशिप के व्यापक नेटवर्क के साथ जुड़ेगा।

# ग्राहक सेवा : स्कोडा ऑटो इंडिया ने एक्सचेंज कार्निवल किया लॉन्च



**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर** मॉडल अपडेट्स और ग्राहक सेवा की पहलों को जारी रखते हुए, स्कोडा ऑटो इंडिया ने अगस्त 2023 के लिये एक्सचेंज कार्निवल लॉन्च किया है। इसमें ग्राहक के लिये फायदेमंद कई डील्स, डिस्काउंट्स और सर्विस, मेंटेनेन्स तथा वारंटी के पैकेजेस शामिल हैं, जो उनकी नई स्कोडा कारों का मालिक बनने के अनुभव को और भी बेहतर बनाएंगे। इस एक्सचेंज कार्निवल का मकसद स्कोडा खरीदने की चाहत रखने वाले ग्राहकों को स्वामित्व का बेहतरीन अनुभव और महत्व प्रदान करना है। अगस्त 2023 के लिये एक्सचेंज कार्निवल सुनिश्चित करता है कि ग्राहकों को कार खरीदने और एक्सचेंज करने का यादगार तथा उच्च महत्व वाला अनुभव मिले और इसके लिये मेंटेनेन्स और वारंटी के कुछ बेजोड़ पैकेज ऑफर किये गये हैं, जो सुनिश्चित करते हैं कि ग्राहक स्कोडा की कारों का मजा लेते रहें और स्वामित्व का अनुभव परेशानी से मुक्त रहे। एक्सचेंज कार्निवल के तहत, स्कोडा ऑटो इंडिया 60,000 रुपए तक के फायदे और 70,000 रुपए तक के कॉर्पोरेट फायदों की पेशकश कर रही है। इच्छा होने पर ग्राहक अपनी मौजूदा कार लेकर आ सकता है और स्कोडा लेकर लौट सकता है, वह भी सबसे तेज और परेशानी से मुक्त, सिंगल विंडो, सिंगल-टाइम एक्सचेंज, खरीदी एवं डॉक्यूमेंटेशन के अनुभव के साथ। इसमें मौजूदा कार का उच्चतम संभव मूल्य मिलता है और ब्राण्ड न्यू स्कोडा के लिए वे कुछ खरीदारी लाभ, मेंटेनेन्स और वारंटी पैकेज प्राप्त कर सकते हैं। इस एक्सचेंज कार्निवल में पुरानी कारों के लिये सबसे अच्छे दामों के अलावा, ग्राहकों को नई स्कोडा कारों के लिये 4 साल का कॉम्प्लीमेंटरी सर्विस और मेंटेनेन्स पैकेज भी मिलेगा।

## विदेश

### कभी अरबों डॉलर के मालिक थे सैम बैंकमैन-फ्राइड, आज पानी के साथ खानी पड़ रही रोटी

# 31 की उम्र में ही पलट गई इनकी दुनिया

**एजेंसी। वाशिंगटन** डिजिटल एसेट एक्सचेंज एफटीएक्स के फाउंडर सैम बैंकमैन-फ्राइड कुछ महीने पहले तक दुनिया के बड़े रईसों में से एक थे। उनकी नेटवर्थ 26 अरब डॉलर थी। वह अमेरिका के 41वें और दुनिया के 60वें सबसे बड़े रईस थे। पूरी दुनिया में उनका रुतबा था। लेकिन आज स्थितियां बदल गई है। एफटीएक्स डूब चुकी है और 31 साल के बैंकमैन-फ्राइड आज जेल में बंद हैं। उन पर लोगों को धोखा देने और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप हैं। बैंकमैन-फ्राइड के वकील का कहना है उनके मुवक्किल को जेल में पर्याप्त खाना नहीं दिया जा रहा है। उन्हें पानी के साथ ब्रेड खानी पड़ रही है। इसके कारण वह ट्रायल में हिस्सा लेने की स्थिति में भी नहीं रह गए हैं। बैंकमैन-फ्राइड पर सात आरोप हैं।



हालांकि उन्होंने इन आरोपों से इन्कार किया है। उनकी जमानत को अदालत ने दो हफ्ते पहले खत्म कर दिया था। तब जज ने कहा था कि बैंकमैन-फ्राइड ने कम से कम दो बार साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ की कोशिश की थी। उनके वकील मार्क कोहेन ने कहा कि बैंकमैन-फ्राइड को ब्रुकलिन की जेल में पर्याप्त खाना नहीं मिल रहा है। इससे वह ट्रायल के लिए तैयार नहीं हो पा रहे हैं। बैंकमैन-फ्राइड के खिलाफ ट्रायल अक्टूबर में शुरू होना है। उन्होंने दावा किया कि बैंकमैन-फ्राइड ब्रेड और पानी पर जिंदा हैं। कोहेन ने साथ ही कहा कि बैंकमैन-फ्राइड को उनकी दवाएं नहीं दी जा रही हैं। वह डिप्रेशन और कई दूसरी बीमारियों से जूझ रहे हैं। एफटीएक्स दिवालिया होने से पहले दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज था लेकिन उस पर ग्राहकों के साथ धोखा करने और उनके पैसों का दुरुपयोग करने का आरोप है। कंपनी ने पिछले साल नवंबर में खुद को दिवालिया घोषित कर दिया था। इससे क्रिप्टो मार्केट में तहलका मच गया था।

### अमेरिका के कैलिफोर्निया में जबरदस्त हुई गोलीबारी

**सैक्रामेंटो।** कैलिफोर्निया के ऑरेंज काउंटी में बाइकर्स बार में गोलीबारी में एक बंदूकधारी सहित कम से कम पांच लोग मारे गए। स्थानीय मीडिया ने बुधवार को यह जानकारी दी। 'द ऑरेंज काउंटी रजिस्टर' अखबार के अनुसार, लॉस एंजिल्स शहर से लगभग 90 किलोमीटर दक्षिण में ट्रैबुको कैन्यन के एक बार में बड़े पैमाने पर गोलीबारी हुई। घटना में घायल हुए छह अन्य लोग अस्पताल में हैं। अमेरिका में गोलीबारी की की घटनाएं आम बात हैं। ऐसी घटनाओं पर राष्ट्रपति जो बाइडन भी निराशा जता चुके हैं। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि प्रारंभिक रिपोर्टों में शूटर सहित चार लोगों के जाने की खबर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ऐसा माना जाता है कि गोली चलाने वाला क्षेत्र के बाहर का एक पूर्व कानून प्रवर्तन अधिकारी था। इस बीच, केसीएलए न्यूज ने बताया कि घटनास्थल पर मौजूद रिस्पॉन्स टीम ने हमलावर को मार गिराने की बात कही है।

### चंद्रयान-3 की सफलता पर ब्रिटिश मीडिया ने उगला जहर

# भारतीयों ने कोहिनूर मांगकर बंद कर दी बोलती

**एजेंसी। लंदन** एक तरफ भारत के मून मिशन चंद्रयान-3 की सफलता पर दुनिया उसके साथ खड़ी होकर तालियां बजा रही है, तो दूसरी तरफ ब्रिटिश मीडिया अलग ही रोना रो रहा है। ब्रिटिश मीडिया की मानें तो चंद्रयान-3 की सफलता के बाद भी भारत को यह नहीं भूलना चाहिए कि उसे किस हद तक विदेशों से आर्थिक मदद मिलती है। साथ ही साथ भारत अपनी गरीबी को भूलकर चंद्रयान-3 की सफलता का जश्न मना रहा है। जैसे ही ब्रिटिश मीडिया की तरफ से ये बातें कही गईं, भारतीयों की तरफ से उसकी क?लास लगा दी गई। भारतीयों ने आईना दिखाते हुए कहा कि वो भूल चुके हैं कि वो कैसे हमारे देश से कोहिनूर जैसी अनमोल चीजों को लूटकर ले गए थे। अब चंद्रयान-3 की सफलता के साथ ही ब्रिटेन से कोहिनूर हीरा वापस करने की मांग उठने लगी है। यह सारा बवाल बुधवार को उस समय से शुरू हुआ जब जीबी न्यूज



के एंकर पैट्रिक क्रिस्टी ने अपने शो में कहा कि भारत को ब्रिटेन से साल 2016 से 2021 के बीच 2.3 अरब पाउंड की मदद मिली है। पैट्रिक ने इसके साथ ही चीन का नाम भी लिया जो अपना आर्टिफिशियल चांद बनाने की तैयारी में है। पैट्रिक का कहना था कि अगर भारत इस तरह के मिशन को अंजाम दे सकता है तो फिर उसे विदेशी मदद लेने की क्या जरूरत है। हालाकि यूके की स्पेस एजेंसी (यूकेएसए) सहित कई लोगों ने भारत को बधाई भी दी है। ब्रेक्सिट पार्टी के पूर्व एमईपी बेन हबीब की मानें तो ब्रिटेन अभी भी एक ऐसे देश को पैसा दे रहा है जिसकी अर्थव्यवस्था हमारी तुलना में बहुत कम है। गुस्साए भारतीय एक्स (ट्विटर) यूजर्स ने पैट्रिक और बाकी ब्रिटिश मीडिया से कोहिनूर की वापसी की मांग की। कई लोगों ने कोलंबिया यूनिवर्सिटी प्रेस की तरफ से आई एक रिपोर्ट का भी हवाला दिया। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि ब्रिटेन ने अपने औपनिवेशिक शासन के दौरान भारत से जो रकम लूटी वह आश्चर्यजनक रूप से 45 अरब डॉलर थी। रिपोर्ट अर्थशास्त्री उत्सा पटनायक द्वारा लिखी गई थी, जिन्होंने कहा था कि ईस्ट इंडिया कंपनी और ब्रिटिश राज ने सन-1765 और 1938 के बीच 9.2 ट्रिलियन पाउंड (या 44.6 ट्रिलियन डॉलर) लूटे थे। यूजर्स ने इस राशि की तरफ इशारा किया। कुछ ने कहा कि 9.2 ट्रिलियन पाउंड या 44.6 ट्रिलियन डॉलर में से 2.3 बिलियन पाउंड की कटौती कर लो और जो बच जाता है उसे वापस करने की अपील की। लूटेरे मदद नहीं करते हैं।

### परेशानी : डिफॉल्ट होने के कगार पर है चीन की प्रमुख रियल एस्टेट कंपनियां

# बढ़ते कर्ज व इकॉनमी को लेकर सरकार की बढ़ी चिंता

**एजेंसी। वाशिंगटन** चीन लंबे समय से ग्लोबल ग्रोथ का इंजन रहा है। दुनिया की यह सबसे बड़ी इकॉनमी दुनिया की फैक्ट्री के नाम से जानी जाती है। विश्वभर की मल्टीनेशनल कंपनियों ने चीन में अपने प्लांट लगाए हुए हैं। लेकिन हाल के हफ्तों में चीन की इकॉनमी में आई सुस्ती ने ग्लोबल लीडर्स और इन्वेस्टर्स को चिंता में डाल दिया है। दशकों बाद पहली बार दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी इकॉनमी खुद एक प्रॉब्लम बन गई है। चीन की इकॉनमी की गिरावट को लेकर विश्व के कई देशों ने चिंता जताई है। हांगकांग की हैंग सेंग इंडक्स में शुक्रवार को भारी गिरावट दर्ज हुई। यह जनवरी के अपने हालिया उच्च स्तर से 20 फीसदी गिर गया है। पिछले हफ्ते चीनी युआन गिरकर 16 साल के निचले स्तर पर आ गया।



**प्रॉपर्टी मार्केट में भारी मंदी :** चीन की अर्थव्यवस्था अप्रैल से सुस्त हो रही है। लेकिन इस महीने चिंताएं बढ़ गई हैं। देश के सबसे बड़े रियल एस्टेट डेवलपर कंट्री गार्डन और एक प्रमुख ट्रस्ट कंपनी जोंगरॉन्ग ट्रस्ट डिफॉल्ट कर गई है। कंट्री गार्डन द्वारा दो यूएस डॉलर बांड पर ब्याज भुगतान नहीं करना निवेशकों को डरा गया। इसने एवरग्रांडे के 2021 में डिफॉल्ट होने की याद दिला दी, जिसने रियल एस्टेट संकट के शुरूआत का संकेत दिया था। हालांकि, एवरग्रांडे अभी भी एक ऋण पुनर्गठन से गुजर रहा है। लेकिन कंट्री गार्डन की परेशानियों ने चीनी अर्थव्यवस्था के बारे में नई चिंताएं पैदा की हैं। बीजिंग ने रियल एस्टेट बाजार को पुनर्जीवित करने के लिए कई सहायक उपाय किए हैं। लेकिन हालत यह है कि मार्केट के मजबूत खिलाड़ी भी अब डिफॉल्ट के कगार पर हैं। इस बीच, प्रॉपर्टी डेवलपर्स का लोन डिफॉल्ट देश की 2.9 ट्रिलियन डॉलर की इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट इंडस्ट्री में फैलता दिख रहा है। कॉरपोरेट ग्राहकों और धनी व्यक्तियों का 87 बिलियन डॉलर का फंड मैनेज करने वाला झोंगरॉन्ग ट्रस्ट इस महीने की शुरूआत में कम से कम चार कंपनियों को 19 मिलियन डॉलर के निवेश उत्पादों का भुगतान करने में विफल रहा है।

### लोगों के पास नहीं हैं नौकरियां

मुद्दा यह है कि कोविड लॉकडाउन हटाने के बाद इस साल की शुरूआत में बिजनस एक्टिविटी में आई तेजी के बावजूद ग्रोथ अब रुक सी गई है। वस्तुओं की कीमतें गिर रही हैं। रियल एस्टेट संकट गहरा रहा है और एक्सपोर्ट्स गिर रहा है। युवाओं के बीच बेरोजगारी की स्थिति तो इतनी खराब हो गई है कि सरकार ने डेटा दिखाना ही बंद कर दिया है। हाल के हफ्तों में चीनी अर्थव्यवस्था के लिए और भी बुरी खबरें आई हैं। एक प्रमुख होमबिल्डर और एक प्रमुख इन्वेस्टमेंट कंपनी अपने निवेशकों को भुगतान नहीं कर पायी। इससे आशंका बढ़ गई है कि हाउसिंग मार्केट के लगातार बिगड़ते हालात वित्तीय स्थिरता के लिए जोखिम को काफी अधिक बढ़ा सकते हैं। आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए उपायों की कमी ने कई प्रमुख निवेश बैंकों को चीन के आर्थिक विकास के पूर्वानुमान को 5% से नीचे लाने के लिए मजबूर किया है। यूबीएस एनालिस्ट्स ने एक रिसर्च नोट में लिखा, 'हम चीन के वास्तविक जीडीपी के ग्रोथ पूर्वानुमान को घटा रहे हैं।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।**

**अतिअल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण**

अतिअल्पकालीन ई- निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/LOHARDAGA/E-11/2023-24

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुडू प्रखण्ड के जीमा पंचायत में डेयरी परियोजना हेतु भवन निर्माण। | 99,80,000.00 | 1,99,600.00 | 10000.00 | 3 माह |

2 वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :- 29.08.2023
3 ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :- 08.09.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक
4 ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit (Section X) जमा करने की तिथि एवं समय :- 09.09.2023 अपराह्न 02:30 बजे तक
5 निविदा खोलने का स्थान :- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा
6 तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 11.09.2023 अपराह्न 2:00 बजे
7 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।
8 ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० :- 9934523795 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. निविदा शुल्क Scheduled Commercial Bank /Nationalised Bank द्वारा निर्गत ड्राफ्ट जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा के पदनाम से देय हो देना होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
लोहरदगा।

PR 305459 (Lohardaga) 23-24 (D)




# भारतीय अर्थव्यवस्था में विश्व का विश्वास बढ़ा है : मोदी

## प्रधानमंत्री ने जी -20 व्यापार और निवेश मंत्रियों की बैठक को संबोधित किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि पिछले नौ साल में भारतीय अर्थव्यवस्था में वैश्विक आशावाद और विश्वास बढ़ा है। उसी के परिणाम स्वरूप आज भारत को खुलेपन, अवसरों और विकल्पों के संयोजन के रूप में देखा जा रहा है।

प्रधानमंत्री आज वीडियो लिंक के माध्यम से राजस्थान की राजधानी जयपुर में आयोजित जी 20 व्यापार और निवेश मंत्रियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले नौ वर्षों के दौरान सरकार के निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप भारत पांचवीं सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने कहा, हमने 2014 में सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन की यात्रा शुरू की। उन्होंने मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसी पहल के साथ देश में नीति स्थिरता का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि सरकार अगले कुछ वर्षों में भारत को तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि गुलाबी शहर जयपुर अपने गतिशील और उद्यमशील लोगों के लिए



जाना जाता है। व्यापार ने विचारों, संस्कृतियों और प्रौद्योगिकी के आदान-प्रदान को बढ़ावा दिया है। मोदी ने कहा, व्यापार और वैश्विकरण ने करोड़ों लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला है। महामारी से लेकर भू-राजनीतिक तनाव तक मौजूदा वैश्विक चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इसने विश्व अर्थव्यवस्था की परीक्षा ली है। उन्होंने कहा कि जी 20 देशों के रूप में यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम अंतरराष्ट्रीय व्यापार और निवेश में विश्वास का पुनर्निर्माण करें। प्रधानमंत्री ने लचीली और समावेशी वैश्विक मूल्य श्रृंखला बनाने पर जोर दिया जो भविष्य के झटकों को झेल सके।

प्रधानमंत्री ने "डिजिटल कॉमर्स के लिए ओपन नेटवर्क" का उल्लेख करते हुए इसे एक गेम-चेंजर बताया जो डिजिटल मार्केटप्लेस इको-सिस्टम का लोकतंत्रीकरण करेगा। उन्होंने कहा, हमने भुगतान प्रणालियों के लिए अपने एकीकृत भुगतान इंटरफेस के साथ पहले ही ऐसा कर लिया है। डिजिटलीकरण प्रक्रियाओं और ई-कॉमर्स के उपयोग से बाजार पहुंच बढ़ाने की क्षमता है।

उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि समूह "व्यापार दस्तावेजों के डिजिटलीकरण के लिए उच्च-स्तरीय सिद्धांतों" पर काम कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, ये सिद्धांत देशों को सीमा पार इलेक्ट्रॉनिक व्यापार उपायों को लागू करने और अनुपालन बोझ को कम करने में मदद कर सकते हैं। सीमा पार ई-कॉमर्स में वृद्धि की चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने बड़े और छोटे विक्रेताओं के बीच समान प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक रूप से काम करने का सुझाव दिया। उन्होंने उचित मूल्य खोज और शिकायत प्रबंधन तंत्र में उपभोक्ताओं के सामने आने वाली समस्याओं का समाधान करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार और निवेश प्रक्रियाओं में विश्वास बहाल करना एक परिवार के रूप में जी 20 सदस्यों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वैश्विक व्यापार प्रणाली को धीरे-धीरे अधिक प्रतिनिधिक और समावेशी भविष्य में परिवर्तित करने को सुनिश्चित करने के लिए कार्य समूह सामूहिक रूप से आगे बढ़ेगा।

### जी-20 देशों के सामने पेश हुआ पीएम का अंत्योदय विजन : गोयल

**जयपुर।** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अंत्योदय के विजन को जी-20 देशों के सामने रखा गया है। उन्होंने आगे कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापार को कैसे बढ़ावा दिया जा सकता है, विकासशील देश विश्व व्यापार में कैसे योगदान दे सकते हैं, एमएसएमई को कैसे बढ़ावा दिया जा सकता है और कानूनी मुद्दों में बदलाव लाकर डब्ल्यूटीओ को कैसे मजबूत किया जा सकता है ताकि यह सभी देशों के लिए फायदेमंद हो, जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि इस बात पर भी चर्चा हुई कि व्यापार वैश्विक भलाई के लिए एक ताकत कैसे बने। पीएम मोदी के 'अंत्योदय' के विजन को वैश्विक मंच



पर पेश किया गया है। भारत ने सलाह दी है कि समाज के अंतिम व्यक्ति को देश के संसाधन मिलने चाहिए। गोयल ने कहा कि ये संसाधन पिरामिड के निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति के कल्याण के लिए समर्पित होने चाहिए। विश्व संसाधनों को भी इसी नजरिए से देखा जाना चाहिए। समाज के कम विशेषाधिकार प्राप्त और हाशिए पर रहने वाले वर्गों एवं कम विकसित तथा विकासशील देशों का दुनिया के संसाधनों पर पहला अधिकार है।

यही फीलिंग और व्यू दुनिया के सामने पेश किया गया है। मुझे विश्वास है कि भविष्य में जैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को एक विकसित राष्ट्र बनने की राह पर ले जाएंगे... वैसे ही भारत ने दुनिया को ये भावना समर्पित की है कि वो व्यापार को भी इस दिशा में आगे बढ़ाए। गोयल ने कहा कि भारत कम विकसित देशों का लीडर बना रहेगा। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक देशों की आवाज बन गया है। यह पहली बार है कि कम विकसित देशों को जी-20 के लिए आमंत्रित किया गया है।

---

## NEWS इन ब्रीफ

### अगले महीने लॉन्च होगा आदित्य मिशन : इसरो प्रमुख

**नई दिल्ली।** चंद्र मिशन की सफलता के बाद अब भारत जल्दी ही सूर्य के अध्ययन के सफर पर निकलेगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) सूर्य के लिए आदित्य मिशन की तैयारी कर ली है। इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने गुरुवार को बताया कि आदित्य एल 1 सूर्य का अध्ययन करने वाला भारत का पहला अंतरिक्ष मिशन होगा। इसे अगले महीने यानी सितंबर के पहले या दूसरे सप्ताह में लॉन्च किया जाएगा। इसका मकसद करीब से सूर्य का निरीक्षण, इसके वातावरण और चुंबकीय क्षेत्र के बारे में स्टडी करना है। एस सोमनाथ ने बताया कि सूर्य के लिए आदित्य मिशन सितंबर में लॉन्चिंग के लिए तैयार हो रहा है। इसके साथ इसरो गगनयान पर भी तेजी से काम कर रहा है। कई परीक्षण के बाद संभवतः 2025 तक पहला मानवयुक्त मिशन पूरा किया जा सकता है। गगनयान मानवयुक्त अंतरिक्ष यान है, जिस पर इसरो कई सालों से काम कर रहा है।

### मिजोरम रेल पुल हादसे में मरने वालों की संख्या 22 हुई

**आइजल।** मिजोरम की राजधानी आइजल से लगभग 21 किमी दूर साइरंग को भैरवी (दक्षिणी असम में हैलाकांडी जिले की सीमा) से जोड़ने वाले कुरुंग नदी पर निमार्णाधीन रेल पुल के ढहने से अब तक 22 लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य के आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास मंत्री पू लालचामलियाना ने गुरुवार को यह जानकारी दी। यह हादसा बुधवार की सुबह करीब 11 बजे हुआ था। गुरुवार को एनडीआरएफ के प्रथम बल के इंस्पेक्टर अजय कुमार यादव ने बताया कि कल शाम स्थानीय लोगों की मदद से घटनास्थल से 18 शव बरामद किये गये थे। माना जा रहा है कि तीन से चार और व्यक्ति अभी भी लापता हैं। हादसे के वक्त से ही वो सभी मजदूर लापता हैं। उन्होंने बताया कि अंधेरे के कारण कल शाम बचाव अभियान रोक दिया गया था। एनडीआरएफ ने बताया है कि बचाव अभियान के दौरान गुरुवार को चार शव और बरामद किये गये।

### पंजाब में बीएसएफ ने 360 ग्राम हेरोइन जब्त की

**नई दिल्ली।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान में 360 ग्राम हेरोइन जब्त की है। हेरोइन को पंजाब के तरन तारन में ड्रोन से गिराया गया था। बीएसएफ के एक अधिकारी ने कहा कि सुबह के समय हमें ड्रोन के माध्यम से गिराए गए प्रतिबंधित वस्तुओं की खेप की मौजूदगी के बारे में विशेष जानकारी मिली। इसके बाद हमने तरन तारन के राजोके गांव के बाहरी इलाके में पंजाब पुलिस के साथ एक संयुक्त तलाशी अभियान चलाया।

### जी20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने भारत आ रहे बाइडेन

**नई दिल्ली।** भारत में अगले माह यानी सितंबर में जी20 देशों का शिखर सम्मेलन होने जा रहा है। भारत इस बार जी20 देशों के शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। इस सम्मेलन में दुनिया के कई देशों के प्रमुख भाग लेने वाले हैं। इसके बाद अमेरिका की ओर से एक आधिकारिक बयान जारी किया गया है कि संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन जी20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने वाले हैं।

---

### लालू के 'आईएनडीआईए' में 'कई संयोजक' बयान के निकाले जाने लगे मायने

## मुंबई की बैठक में लिया जा सकता है निर्णय

**एजेंसी। पटना**

राजद के अध्यक्ष लालू प्रसाद के आईएनडीआईए में 'कई संयोजक' होने के बयान को लेकर अब मायने निकाले जाने लगे हैं। कहा तो यहां तक जा रहा है कि बिना बैठक में तय किए, ऐसे बयान देने का कोई मतलब भी नहीं है। लालू प्रसाद दो दिन पहले गोपालगंज में अपने पैतृक गांव गए थे, जहां उन्होंने कहा था कि गठबंधन में संयोजक को लेकर कोई भी झंझट नहीं है। उन्होंने यहां तक कहा था कि संयोजक कोई भी हो सकता है। उन्होंने आगे यह भी कहा था कि चार- पांच राज्यों को मिलाकर



भी एक संयोजक बनाया जाएगा। इससे पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लालू प्रसाद की मुलाकात भी हो चुकी है। लालू के बयान पर जदयू तैयार होगी, यह आसान नहीं दिखता है। पटना में जब आईएनडीआईए यानी इंडिया की पहली बैठक हुई थी, तभी से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के संयोजक बनाए जाने की चर्चा होती रही है, हालांकि अब तक इसकी घोषणा नहीं हुई है। जदयू के एक नेता ने नाम नहीं प्रकाशित करने की शर्त पर कहते हैं कि नीतीश कुमार कई बार कह चुके हैं कि उन्हें कोई पद नहीं चाहिए बल्कि वे विपक्षियों को एकजुट करने का काम कर रहे है। उन्होंने कहा कि इसे कोई नकार भी नहीं सकता कि नीतीश कुमार ने सभी विपक्षी पार्टियों को एकजुट करने की न केवल पहल की है, बल्कि करीब-करीब सभी विपक्षी दलों को खड़ा कर दिया।

## तीनों सेनाओं के लिए 7,800 करोड़ रुपये से खरीदे जाएंगे हथियार, केंद्र की मंजूरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने भारतीय सशस्त्र बलों की परिचालन क्षमता बढ़ाने के लिए गुरुवार को लगभग 7,800 करोड़ रुपये मंजूर किये हैं। भारतीय वायु सेना की दक्षता बढ़ाने के लिए एमआई-17 वी5 हेलीकॉप्टरों पर इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर (ईडब्ल्यू) सुइट की खरीद को स्वीकृति दी गई है। सेना के लिए 7.62X51 मिमी लाइट मशीन गन (एलएमजी) खरीदने के प्रस्ताव को भी आगे बढ़ाया गया है। इसके अलावा भारतीय नौसेना के एमएच-60 आर हेलीकॉप्टरों की परिचालन क्षमता को बढ़ाने के लिए हथियारों की खरीद होनी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार



को हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में लगभग 7,800 करोड़ रुपये के पूंजी अधिग्रहण प्रस्तावों के लिए आवश्यकता की स्वीकृति (एओएन) दी गई। भारतीय वायु सेना की दक्षता बढ़ाने के लिए डीएसी ने भारतीय-आईडीडीएम श्रेणी के तहत एमआई-17 वी5 हेलीकॉप्टरों पर इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर (ईडब्ल्यू) सुइट की खरीद और स्थापना के लिए एओएन प्रदान किया है, जिससे इन हेलीकॉप्टरों की क्षमता और बेहतर होगी। ईडब्ल्यू सुइट भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) से खरीदा जाएगा। डीएसी ने मशीनीकृत पैदल सेना और बख्तरबंद रेजिमेंटों के लिए ग्राउंड-आधारित स्वायत्त प्रणाली की खरीद के लिए एओएन भी प्रदान किया है, जो मानवरहित निगरानी, गोला-बारूद, ईंधन और पुर्जों की रसद डिलीवरी और युद्ध क्षेत्र में हताहतों की निकासी जैसे विभिन्न कार्यों को सक्षम करेगा।

## छह और देश बनेंगे ब्रिक्स समूह का हिस्सा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ब्रिक्स समूह ने गुरुवार को घोषणा की कि छह देशों - मिस्र, इथियोपिया, ईरान, अर्जेंटीना, संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब - को पूर्णकालिक सदस्यों के रूप में शामिल किया जाएगा। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में इसकी घोषणा की। सदस्यता 1 जनवरी 2024 से प्रभावी होगी। रामफोसा ने जोहान्सबर्ग में संवाददाताओं से कहा, ब्रिक्स विस्तार प्रक्रिया के पहले चरण पर हमारी आम सहमति है। ब्रिक्स में फिलहाल पाँच सदस्य ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका हैं। रामफोसा की घोषणा के तुरंत बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी छह देशों का स्वागत किया और शामिल होने में रुचि व्यक्त करने वाले देशों को जोड़ने के लिए अन्य देशों के साथ काम करने




की कसम खाई। पीएम मोदी ने कहाए ़मैं इस अवसर पर इन छह देशों का ब्रिक्स में स्वागत करता हूं... और मैं इन देशों के नेताओं और लोगों को बधाई देता हूं। इनमें से प्रत्येक देश के साथ भारत के घनिष्ठ, ऐतिहासिक संबंध हैं और मुझे विश्वास है कि हम सहयोग और समृद्धि के एक नए युग के लिए मिलकर काम करेंगे। उन्होंने बाद में एक्स (पहले ट्विटर) पर कहा, ब्रिक्स की 15वीं वर्षगांठ के अवसर पर, हमने इस मंच का विस्तार करने का निर्णय लिया है। भारत ने हमेशा इस विस्तार का पूरा समर्थन किया है। ऐसा विस्तार ब्रिक्स को मजबूत और अधिक प्रभावी बनाएगा। उस भावना में, भारत अर्जेंटीना, मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात का ब्रिक्स परिवार में स्वागत करता है।

### एआई को लेकर दुनियाभर में जताई जा रही आशंकाओं पर चर्चा शुरू

## व्यापक कानूनी ढांचा बनाना जरूरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिग्गज सॉफ्टवेयर कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के वाइस चेयरमैन एवं अध्यक्ष ब्रैड स्मिथ ने कृत्रिम मेधा (एआई) के लिए व्यापक कानूनी एवं नियामकीय ढांचा बनाने के साथ एआई प्रणाली में सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले उपायों की भी वकालत की है। जी20 के व्यापार एवं निवेश मंत्रियों की बैठक में शामिल होने के लिए भारत दौर पर आए स्मिथ ने अपने एक ब्लॉग में एआई को लेकर दुनियाभर में जताई जा रही आशंकाओं पर व्यापक चर्चा शुरू करने का आह्वान करते हुए कहा है कि जी20 का अध्यक्ष भारत इस दिशा में काफी मददगार हो सकता है। उन्होंने एआई में भारत के लिए अवसर शीर्षक से




लिखे इस ब्लॉग में भारत के विशेष संदर्भ में पांच प्रमुख सुझाव दिए हैं। इनमें से एक सुझाव यह है कि सरकार की अगुवाई में नया एआई सुरक्षा प्रारूप बनाने और उसे अमलीजामा पहनाने की जरूरत है। स्मिथ ने कहा कि एआई प्रशासन के विविध पहलुओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कारगर बनाने के लिए एक बहुपक्षीय प्रारूप की जरूरत होगी।


यह प्रारूप कई देशों के नियमों एवं कानूनों को एकसूत्र में जोड़ने का काम करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि किसी एक देश में सुरक्षित बताई गई एआई प्रणाली दूसरे देश में भी सुरक्षित मानी जाए। उन्होंने इस दिशा में विमानन क्षेत्र के अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मानकों को एक नजीर बताते हुए कहा कि एआई प्रणाली के लिए बहुपक्षीय प्रारूप इसी आधार पर तैयार किया जा सकता है। माइक्रोसॉफ्ट के अध्यक्ष ने कहा, जी20 का मौजूदा अध्यक्ष और एआई पर वैश्विक भागीदारी का प्रमुख होने के नाते भारत एआई से जुड़े मसलों पर वैश्विक चर्चा को आगे बढ़ाने में मदद के लिए एकदम सही जगह पर है। उन्होंने कहा कि एआई के नियमन को लेकर भारत के प्रयासों को कई देश एक उदाहरण के तौर पर लेंगे।

---




### 'ध्रुव तारा-समय सदी से परे' में अपने प्यार ध्रुव के लिए वल्लभगढ़ लौट आएगी तारा

**टेलीविजन** शो 'ध्रुव तारा - समय सदी से परे' में ध्रुव का मुख्य किरदार निभाने वाले अभिनेता ईशान धवन ने शो के आगामी एपिसोड के बारे में बताया। शो में तारा अभी भी अपने पिता की मृत्यु से आहत है। वह ध्रुव के प्रति सावधान है क्योंकि उन्हें लगता है कि उसके पिता के साथ जो हुआ वह उससे जुड़े हुए हैं। शो ने हाल ही में 150 एपिसोड पूरे किए हैं। आगामी सप्ताह में तारा अपने प्यार ध्रुव के करीब एक कदम आगे बढ़ते हुए वल्लभगढ़ लौट आती है।



आगामी एपिसोड के बारे में बात करते हुए ईशान धवन ने कहा, आगामी एपिसोड में दर्शक ध्रुव को उस चीज के लिए स्टैंड लेते हुए देखेंगे जिसमें वह विश्वास करता है। पिछले कुछ हफ्तों में ध्रुव की भावनाओं को चित्रित करना उत्साहजनक रहा है। शादी के जश्न के बीच महावीर के प्रवेश से ध्रुव की दुनिया हिल जाती है।" ध्रुव और श्याम मोहिनी की शादी के उत्सव के बीच एक रोमांचक मोड़ आता है।

### अमिताभ बच्चन को याद आया 'काले खट्टे' का स्वाद



**क्विज** आधारित रियलिटी शो 'कौन बनेगा करोड़पति सीजन 15' में मेगास्टार अमिताभ बच्चन अपने स्कूल और कॉलेज के दिनों में खो गए। उन्होंने स्कूल और कॉलेज के दिनों के बारे में एक मजेदार किस्सा साझा किया, जब वह काला खट्टा स्वाद में बर्फ का गोला खाते थे। शो के सातवें एपिसोड में होस्ट बिग बी ने गुरुग्राम हरियाणा के योगेश कुमार कालरा का स्वागत किया, जिन्होंने फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट जीता और हॉट सीट पर पहुंचे। 10,000 रुपये के सवाल के लिए अभिनेता ने योगेश से पूछा, लोकप्रिय 'काला खट्टा स्वाद' किस फल से प्राप्त होता है? विकल्प थे, जामुन, सेब, पपीता और स्ट्रॉबेरी। योगेश ने सही उत्तर जामुन दिया और अगले स्तर पर चले गए।

### आलिया ने छोड़ा 'रामायण' में सीता का किरदार निभाने का मौका

**एक्ट्रेस** आलिया भट्ट ने हाल ही में हार्ट ऑफ स्टोन और रॉकी और रानी की प्रेम कहानी से एक बार फिर फैंस का दिल जीता। आलिया फिल्म रामायण में माता सीता का किरदार निभाती नजर आएंगी। ऐसे में कहा जा रहा था कि इस फिल्म में रणबीर कपूर भगवान श्री राम का किरदार निभाते नजर आएंगे। हालांकि, अब ये बात सामने आई है कि आलिया ने इस फिल्म से अपना नाम वापस ले लिया है। फिल्म रामायण को लेकर पिछले कई महीनों से काफी चर्चा हो रही है। इस फिल्म की सबसे बड़ी ताकत इसकी दमदार स्टारकास्ट



है। कहा जा रहा था कि फिल्म में रणबीर और आलिया राम और सीता का किरदार निभाएंगे, जबकि साउथ एक्टर यश "रावण" का किरदार निभाएंगे। अब आलिया भट्ट ने इस फिल्म को अलविदा कह दिया है, यानी अब आलिया फिल्म रामायण में सीता का किरदार नहीं निभाएंगी। फिल्म में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और केजीएफ स्टार यश थे। जुलाई के अंत तक फिल्मसिटी में शूटिंग करने की भी योजना थी। हालांकि, अब सारी प्लानिंग बंद हो जाएगी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, आलिया भट्ट ने डेट मिक्स-अप और बिजी शेड्यूल के कारण फिल्म छोड़ी है। हालांकि, अभिनेता रणबीर कपूर अभी भी इस फिल्म पर अड़े हुए हैं। इस फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम का किरदार निभाएंगे।